सुप्रभात
रांची, शनिवार
07.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 322 | 12




मस्क ने ट्रंप पर फोड़ा 'बड़ा बम'

## न्यूज डायरी

### ईद-उल-अजहा (बकरीद) आज, नमाज की तैयारी पूरी

**रांची।** कुबार्नी का त्योहार ईद-उल-अजहा यानी बकरीद आज मनायी जाएगी। इस अवसर पर मस्जिदों और ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा कर इबादत की हर रस्म निभाई जायेगी। मस्जिदों और ईदगाहों में पहले से ही पूरी तैयारी की गई है।

### टाटा से दो मेमू ट्रेन को दिखायी गयी हरी झंडी

**जमशेदपुर।** टाटा रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को टाटानगर-चाईबासा और टाटानगर-चाकुलिया मेमू ट्रेन की शुरूआत हो गयी। सांसद विद्युत वरण महतो ने दोनों नयी मेमू पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने कहा कि इससे लोकल यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अब चाकूलिया से बहरागोड़ा तक मेमू चलाने की योजना है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा घायल

**लोहरदगा।** नेशनल हाईवे 39 कुडू-रांची मुख्य पथ पर राजरोम मोड़ के समीप शुक्रवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। चान्हो थाना क्षेत्र के होन्हे गांव निवासी दो चचेरे भाई अजय महली और नरेश महली सुबह सात बजे अपनी पल्सर बाइक से कुडू की तरफ आ रहे थे। इसी बीच कुडू थाना क्षेत्र के राजरोम मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में बने डिवाइडर से जा टकरायी। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

## कार्टून कोना




पीएम ने चिनाब रेलवे पुल का किया उद्घाटन, वंदेभारत को दिखायी हरी झंडी, कहा

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर किया था वार


### ऐतिहासिक क्षण

एजेंसी

**रामबन (कटरा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन का उसे राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अंजी पुल का भी उद्घाटन किया। साथ-साथ प्रधानमंत्री ने कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा और श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेनें तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए आरामदायक, विश्वसनीय यात्रा प्रदान करेंगी।

इस दौरान आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर निशाना साधा और कहा कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक हिंसा भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उसे ऐसा सबक सिखाया कि आगे अब वह सिंदूर के नाम से ही खौफ खायेगा। (पेज12 भी देखें)

### पाक का भारत में दंगे कराने का था इरादा


चिनाब ब्रिज के उदघाटन के बाद परियोजना का निरीक्षण करते पीएम

### पड़ोसी देश मनावता का दुश्मन

पीएम ने कहा कि पर्यटन रोजगार उपलब्ध कराता है और लोगों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है, लेकिन दुर्भाग्य से पड़ोसी देश मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान गरीबों की रोजी-रोटी का भी दुश्मन है। पहलगाम में जो हुआ, वह इसका उदाहरण है। पाकिस्तान का इरादा भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना था। कश्मीर के लोगों की रोजी-रोटी छीनना था, इसलिए उसने पर्यटकों को निशाना बनाया।

### जम्मू-कश्मीर मां भारती का मुकुट मणि

पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकुट है। इसमें एक से बढ़कर एक खूबसूरत रत्न जड़ा हुआ है। ये अलग-अलग रत्न, जम्मू कश्मीर का सामर्थ्य हैं। यहां की पुरातन संस्कृति, यहां के संस्कार, यहां की आध्यात्मिक चेतना, प्राकृति का सौंदर्य, यहां की जड़ी बूटियों का संसार, फलों और फूलों का विस्तार, यहां के युवाओं का कौशल... मुकुट मणि की तरह चमकता है। पीएम ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम भारत की एकता और भारत की इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से वादी-ए-कश्मीर, भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गयी है। यह भारत की नई शक्ति का उद्घोष है।

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने तारीफ की, मुस्करा उठे प्रधानमंत्री मोदी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, प्रधानमंत्री जी इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। यहां तक की कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वे पूरा नहीं कर पाए। जो काम अंग्रेज नहीं कर पाये, वह आपके हाथों पूरा हुआ। जम्मू-कश्मीर, कश्मीर की वादी को बाकी मुल्क के साथ जोड़ दिया गया। अब्दुल्ला ने चिनाब ब्रिज के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब इस प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी, तब मैं आठवीं में पढ़ता था। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ है। अब्दुल्ला जब ये कह रहे थे, तो पीएम मोदी मुस्कुरा उठे।

सीएम ने मिल्क पाउडर प्लांट की रखी आधारशिला

# कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन जरूरी : हेमंत



■ किसान को समृद्ध बना रही सरकार, कृषि के बिना अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ सकती आगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि किसान को समृद्ध बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। श्री सोरेन शुक्रवार को होटवार के मेधा डेयरी प्लांट में राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला रखने के बाद हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसान भाइयों की आय दोगुनी करने और स्वावलंबी बनाने के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर खड़ी है। इस सिलसिले में कई योजनाएं चल रही है और कई और योजनाएं धरातल पर उतारी जायेगी। सीएम ने इस अवसर पर मेधा रागी लड्डू, मेधा सूधन खाद और जानवरों का चारा बनाने वाली मशीन साइलेज को लॉन्च किया।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक कृषि आज की जरूरत है। कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन कैसे बढ़े, इस पर भी विशेष ध्यान देना है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुये कहा कि वे जब कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तो किसान क्यों आगे नहीं बढ़ सकता है।

**अर्थव्यवस्था में कृषि पशुपालन का अहम योगदान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि पशुपालन का अहम योगदान है। यह बड़ी संख्या में लोगों के आजीविका का साधन है। हमारी सरकार कृषि, पशुपालन को बढ़ावा दे रही है।

**कृषि कार्यों से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं :** उन्होंने कहा कि देश में कई उद्योग धंधे संचालित हैं। फैक्टरियों की वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन कृषि ही एक ऐसा क्षेत्र है, जिससे सिर्फ फायदे ही फायदे हैं। आज हमारे घर में गाय और अन्य पशु संसाधन हो तो हमें शुद्ध और पौष्टिक भोजन मिलेगा। जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा है।

# आरबीआइ ने ब्याज दर में की कटौती, होमलोन वालों को राहत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने अपनी एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) बैठक में रेपो रेट को आधा फीसदी (0.50%) तक घटाकर होम लोन लेने वालों को बड़ी राहत दी है। आरबीआई ने इससे पहले फरवरी और अप्रैल में भी रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट यानी एक चौथाई फीसदी (0.25%) की कटौती की थी। इस साल इन तीन कटौतियों के चलते रेपो रेट में कुल 100 बीपीएस यानी एक फीसदी की गिरावट आयी है। ज्यादातर होम लोन लेने वाले फ्लोटिंग रेट होम लोन लेते हैं। इनमें से ज्यादातर की ब्याज दरें रेपो रेट से जुड़ी होती हैं। इसलिए, रेपो रेट में किसी भी कटौती का मतलब होम लोन की ब्याज दर में भी कमी है।

जब होम लोन की ब्याज दर कम होती है तो बैंक आपको दो




विकल्प देते हैं। पहला विकल्प है कि आप अपनी एटककम कर लें और लोन की अवधि वही रखें। दूसरा विकल्प है कि आप अपनी एटकवही रखें और लोन की अवधि कम कर लें। दोनों ही विकल्पों में आपको ब्याज पर बचत होगी। लेकिन बचत की रकम अलग-अलग होगी। अगर आप इएमआइ करते हैं तो आपकी मासिक किश्त कम हो जाएगी। साथ ही, आपको कुल ब्याज में भी लाखों रुपये की बचत होगी।

### आरसीबी के मार्केटिंग हेड समेत चार गिरफ्तार

**जीत के जश्न में हादसा**

**बेंगलुरू।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विजय समारोह के दौरान भगदड़ में हुई मौत मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरसीबी मार्केटिंग विभाग के प्रमुख निखिल सोसले, इवेंट कंपनी डीएनए इंस्टीट्यूट के सुनील मैथ्यू, किरण और सुमंत को गिरफ्तार कर लिया है। चारों से पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कार्यक्रम के आयोजन में किन-किन नियमों की अनदेखी की गयी। किसकी अनुमति से आयोजन हुआ। सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। कौन जिम्मेदार है। सीएम सिद्धारमैया ने इस मामले में केस दर्ज दर्ज कर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। इसी के बाद इन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गयाजी और नालंदा में कांग्रेस सांसद ने बिहार को बताया 'क्राइम कैपिटल'

# मोदीजी को सरेंडर करने की आदत : राहुल

एजेंसी

**पटना।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बिहार के एकदिवसीय दौरे पर शुक्रवार को पीएम मोदी, केंद्र सरकार और बिहार सरकार पर जम कर हमला बोला। बिहार को तो उन्होंने क्राइम कैपिटल तक कह दिया। वहीं उन्होंने कहा, 'मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है। मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग चिट्ठी लिखने लगते हैं। अब तो जमाना बदल गया है, चिट्ठी नहीं, व्हाट्सएप कर देंगे। ट्रंप ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया। मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि यही सच्चाई है।

**संविधान सुरक्षा सम्मेलन :** राहुल गांधी ने राजगीर अंतर्राष्ट्रीय समागम केंद्र में संविधान सुरक्षा



सम्मेलन में कहा कि देश की 90% आबादी की सत्ता और फैसलों में कोई भागीदारी नहीं है। मेरा लक्ष्य है- जातीय जनगणना। मैंने संसद में मोदी जी की आंखों में आंख डालकर कहा कि देश में जाति जनगणना होकर रहेगी। भाजपा वाले कभी असली जाति जनगणना नहीं करायेंगे क्योंकि इन्होंने जिस दिन असली जाति जनगणना करा दी, उसी दिन इनकी राजनीति खत्म हो जायेगी।

### बिहार अब बना क्राइम कैपिटल

राहुल गांधी ने बिहार की वर्तमान स्थिति, जातिगत जनगणना, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय पर केंद्र व राज्य सरकारों को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने पहले बिहार की पुरानी परिभाषा सत्य, न्याय और अहिंसा की जमीन थी। वर्तमान सरकार ने बिहार को 'क्राइम कैपिटल' ऑफ इंडिया बना दिया।

### दशरथ मांझी के घर पहुंचे राहुल

राजगीर पहुंचने से पहले गया जिले के गहलौर गांव पहुंचे। 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के परिवार से मुलाकात की। दशरथ मांझी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी और उनके परिवार के लोगों के साथ कुछ वक्त बिताया। गया एयरपोर्ट से सीधे राजगीर पहुंचे। गहलौर में दशरथ मांझी के समाधि स्थल जाकर नमन किए और परिजन से मुलाकात की। वहां से फिर फिर गया लौटे।

### भाजपा का पलटवार

इधर, राहुल गांधी के बिहार दौरे पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, राहुल गांधी सिर्फ चुनाव के समय ही चुनावी राजनीति में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए बाहर निकलते हैं। वे और उनके परिवार के लोग लंबे समय तक सरकार में रहे, न तो उन्होंने दलितों, न महिलाओं और न ही बिहार के उत्थान के लिए काम किया। बिहार को बर्बाद करने वालों, बिहार में हत्या, लूट, अपहरण और बलात्कार का उद्योग चलाने वालों के साथ सत्ता में बैठकर उन्होंने बिहारियों को अपमानित करते हैं।



# ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सड़कों और पुलों के निर्माण को बढ़ावा देगी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास और ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और सड़क संपर्क में सुधार करना है। इससे न केवल लोगों का जीवन आसान होगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इस निर्णय के तहत विधायकों को अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार, सड़क और पुल निर्माण परियोजनाओं का चयन करने और अनुशंसा करने का अधिकार होगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि परियोजनाएं स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएंगी। इसके तहत राज्य के प्रत्येक विधायक से उनके विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 15 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं और 10 करोड़ रुपये की पुल निर्माण योजनाएं अनुशंसित करने का अनुरोध किया गया है। इसको लेकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विधायकों से अनुशंसाएं आमंत्रित की गई हैं। सरकार ने राज्य संपोषित सड़कों और मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत इन परियोजनाओं को पूरा करने की योजना बनाई है। विधायकों से प्राप्त अनुशंसाओं के आधार पर, सरकार परियोजनाओं का डीपीआर तैयार करेगी और स्वीकृति के लिए आगे बढ़ेगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

**इंजीनियरों की भूमिका :** इंजीनियरों को विधायकों से अनुशंसाएं प्राप्त करने और परियोजनाओं के निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया है। वे सुनिश्चित करेंगे कि परियोजनाएं निर्धारित समय और गुणवत्ता के अनुसार पूरी हों।

## रथ यात्रा की तैयारी का जायजा लेने पहुंचीं मंत्री दीपिका पांडे सिंह, मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा 27 जून को निकाली जायेगी। रथयात्रा को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस बीच शुक्रवार जेठ शुक्ल निर्जला एकादशी के दिन राजधानी रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे विधायक और पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस नेता आलोक दूबे, किशोरनाथ शाहदेव और राजेश गुप्ता छोटू भी मौजूद रहे।

इस दौरान सभी ने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का दर्शन पूजन अर्चन किया एवं राज्यवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। साथ ही राजधानी रांची स्थित जगन्नाथपुर में आगामी 27 जून से शुरू होने वाले राज्य स्तरीय एतिहासिक रथ मेला की तैयारी का जायजा लिया। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने रथ यात्रा की तैयारी पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी के अवसर पर भगवान जगन्नाथ का दर्शन साथ में आगामी रथ मेले की तैयारी का जायजा लेने के लिए हम यहां पहुंचे हैं। इस मंदिर के प्रति आस्था सभी की है यही वजह है कि हमें भी आने का अवसर मिला और मैंने प्रसाद भी ग्रहण किया।

**जगन्नाथ मंदिर से सभी की आस्था बनी हुई है :** जगन्नाथपुर मंदिर पहुंचे पूर्व वित्त मंत्री और लोहरदगा के विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने रथयात्रा की तैयारी से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि इस मंदिर से सभी की आस्था बनी हुई है यह एतिहासिक मंदिर है जहां हर साल रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भगवान जगन्नाथ से समाज और राज्यवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की है। वहीं कांग्रेस नेता आलोक दुबे ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रथ मेला यहां होती है जो अपने आप में ऐतिहासिक होता है। इसकी तैयारी का जायजा लेने सभी लोग आए हैं। उन्होंने कहा कि इस रथमेला की तैयारी में कोई कमी ना रहे इसकी मांग सरकार से मैं करता हूं।

खबर | एक नजर में

### संजय सेठ ने मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स का किया दौरा



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को हैदराबाद स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का दौरा किया। उन्हें कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वार्ष्णेय ने संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और नई प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्होंने नई परियोजनाओं को देखा और ईएमई तकनीशियनों के काम और एमएसएम और स्टार्टअप के साथ-साथ रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में एमसीईएमई की पहल की सराहना की। उन्होंने एमसीईएमई के परिसर में एक पौधा भी लगाया।

### तेलंगाना के भाजपा मुख्यालय में संजय सेठ ने किया पौधरोपण

**रांची।** शुक्रवार को हैदराबाद में तेलंगाना के भाजपा मुख्यालय पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ। भाजपा मुख्यालय में संजय सेठ ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात किया। स्थानीय पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के आत्मीय स्नेह और और सम्मान से अभीभूत हूं। इस अवसर कर भाजपा की सासंद डीके अरुणा, तेलंगाना के महासचिव कसम वेंकटेश, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राठौड़ और प्रवक्ता दिलीप आचार्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### सरकार ने 211 दिन विलंब से अपील दायर की, हाईकोर्ट ने खारिज किया

**रांची।** ट्रांसफर से संबंधित एक मामले में अपील दाखिल करने में 211 दिन की देरी राज्य सरकार को महंगी पड़ी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुरेंद्र कुमार सिंह के ट्रांसफर से संबंधित एक मामले में राज्य सरकार की एलपीए पर फैसला सुनाते हुए इसे खारिज कर दिया। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि अपील दाखिल करने में देरी का सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कारण नहीं बताया गया। सरकार की ओर से मामले में एलपीए दायर करने से पूर्व इसके अप्रूवल को लेकर एक विभाग से दूसरे विभाग में फाइल को देर से मूव करना उचित नहीं है। दरअसल, पलामू के पाटन में क्लर्क पद पर रहे सुरेंद्र कुमार सिंह का ट्रांसफर पाकुड़ सिविल सर्जन ऑफिस में वर्ष 2019 में हुआ था, जिसे चुनौती देते हुए उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि उनका ट्रांसफर दंड देने के रूप में प्रतीत होता है। दंड के फलस्वरूप उनके ट्रांसफर पर सुनवाई ठीक ढंग से नहीं हुई थी। इस पर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सुरेंद्र कुमार सिंह के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके ट्रांसफर आदेश को रद्द कर दिया था। सरकार की ओर से अपील दाखिल कर इसे चुनौती दी गई थी, लेकिन 211 दिन विलंब से अपील दाखिल होने पर कोर्ट ने सरकार की अपील खारिज कर दी।

### मनरेगा : संविदा पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी, 12 तक जमा करना होगा कागजात

रांची। मनरेगा सेल झारखंड द्वारा संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए जनवरी माह में प्रकाशित विज्ञापन के बाद आवेदन में मिले उम्मीदवारों को शार्ट लिस्ट करते हुए सूची जारी कर दी गयी है। सभी की नियुक्ति ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा कोषांग झारखंड में होगी। विशेष कार्य पदाधिकारी जो अवर सचिव स्तर के रिटायर, राज्य एमआईएस नोडल ऑफिसर, सहायक अभियंता, सहायक वन संरक्षक, मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी एवं लेखापाल के लिए योग्य व रिजेक्ट कैंडिडेट की सूची जारी की गयी है। जिनका चयन हुआ है उन्हें 12 जून तक अपने कागजात को ग्रामीण विकास विभाग में जमा कराना है। जिनका रिजेक्शन हुआ है उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज करने का भी मौका दिया गया है। चयनित उम्मीदवारों के लिए स्किल टेस्ट व इंटरव्यू के लिए अलग से तिथि निर्धारित की जायेगी।

**मीडिया ऑफिसर के एक पद लिए ये चयनित हुए :** ज्योति कुमारी, राधवेंद्र प्रताप सिंह, पंखुरी प्रियम, धीरज कुमार, आदित्य कुमार, शशि भूषण कुमार, विजय कुमार ठाकुर, अनस, सिदाम महतो, अनुराग कुमार उपाध्याय. इनमें एक पद के लिए किन्हीं का अंतिम रूप से चयन होगा।

### पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव समेत पांच की याचिका पर सुनवाई 30 को

**रांची।** सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप मामले में आरोपी पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव समेत पांच की अग्रिम जमानत याचिका पर अब 30 जून को सुनवाई होगी। दाखिल याचिका पर शुक्रवार को न्यायायुक्त की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन, सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई। आरोपियों ने बीते 26 अप्रैल को अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। मामले में गीताश्री उरांव के साथ कुंद्रसी मुंडा, निरंजन हेरेंज टोप्पो, सुनीता मुंडा और राहुल तिर्की ने याचिका दाखिल की है। इन लोगों पर विरोध मार्च करने और पुलिस के द्वारा की गई बैरिकेटिंग को तोड़ने का आरोप है। केंद्रीय सरना स्थल के सामने से फ्लाई ओवर का रैंप हटाने की मांग को लेकर आदिवासी समाज आंदोलनरत था। 30 मार्च को प्रशासन ने विवादित स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर रखी थी और मुख्य सड़क पर कई जगह बैरिकेटिंग कर रखी थी। इससे आक्रोशित समाज के लोग बैरिकेटिंग तोड़कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। इस मामले में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव समेत 21 लोगों के खिलाफ नामजद और 150 से अधिक अज्ञात लोगों पर चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# बीएयू करेगा पांच गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशन में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के पांच गांवों को समग्र कृषि विकास के लिये बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने अंगीकृत किया है। विश्वविद्यालय द्वारा इन गांवों का सर्वेक्षण तथा इसके आधार पर कार्य योजना तैयार कर सरकार को समर्पित किया जायेगा। इसी क्रम में शुक्रवार को चान्हो प्रखंड के सिलगाई गांव में बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के एक दल ने अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रतिमा स्थल के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकार के विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये किसान-वैज्ञानिक इंटरफेस का भी आयोजन किया गया। इसमें करीब 100 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति डॉ दुबे ने कहा कि सिलगाई गांव झारखंड का ऐतिहासिक गांव है जो शहीद वीर बुधु भगत के आदर्श पर चलता आ रहा है। विश्वविद्यालय इस गांव के समग्र विकास के लिये व्यापक अध्ययन करायेगा। एक तीन वर्षीय योजना तैयार कर सरकार को समर्पित करेगा। वैज्ञानिक दल में प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ रेखा सिन्हा, कृषि प्रसार शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ बीके झा, सस्य वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह, उद्यान वैज्ञानिक डॉ एस सेन गुप्ता तथा आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार उपस्थित थे। इंटरफेस कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों के दल द्वारा पीआर एक्सरसाइज के माध्यम से किसानों के संसाधनों एवं समस्याओं तथा अपेक्षाओं का आकलन किया गया। ग्रामीणों की ओर से सिलागाई गांव की मुखिया गुड़िया कुमारी उरांव, शिवपूजन भगत, मोरहा उरांव आदि ने भाग लिया।

विद्यार्थी दल का नेतृत्व सहायक प्राध्यापक डॉ नीतू कुमारी ने किया। विद्यार्थी दल में प्रिया पल्लवी, आस्था सिन्हा, श्वेता कुमारी, अनूप कुमार, अलका कुमारी एवं सिद्धार्थ कुमार शामिल थे।

### फरार चल रहे कुख्यात अपराधियों पर अब होगी ईनाम की घोषणा

**रांची।** झारखंड सरकार ने कुख्यात अपराधियों को पकड़ने के लिए नक्सलियों की तर्ज पर इनाम की नीति लागू की है। अब फरार चल रहे कुख्यात अपराधियों पर एक लाख से लेकर तीस लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि की घोषणा की जाएगी। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुरस्कार राशि अपराधियों और नक्सलियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस नीति के तहत नक्सलियों के खिलाफ पहले ही कई सफलताएं हासिल की गई हैं, और अब इसे अपराधियों पर भी लागू किया गया है। हाल ही में कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस नीति के तहत उन अपराधियों पर इनाम घोषित किया जाएगा, जो सीआरपीसी की धारा 82 और 83 या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 84 और 85 के तहत फरार घोषित किए गए हों। जिसमें फिरौती के लिए अपहरण, सामूहिक या जघन्य हत्या, मार्ग डकैती, लूट या हत्या के साथ डकैती, ट्रेन लूट, रंगदारी, अवैध हथियारों का निर्माण और व्यापार, साइबर अपराध, मानव तस्करी, नशे की तस्करी, नकली नोट का कारोबार व अन्य सनसनीखेज अपराध शामिल हैं। पुरस्कार राशि की घोषणा विभिन्न स्तरों पर की जाएगी। 1 लाख तकः संबंधित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) या पुलिस अधीक्षक (एसपी) द्वारा, दो से पांच लाखः रेंज डीआईजी द्वारा, पांच से 10 लाखः रेंज आईजी द्वारा, 10 से 20 लाखः गृह मंत्री के अनुमोदन से, 20 लाख से अधिकः मुख्यमंत्री के अनुमोदन से की जायेगी। वहीं अपराधियों का ग्रेड-आधारित वर्गीकरण, उन्हें पांच ग्रेड में बांटा गया है।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले डॉ इरफान, कहा
## नई ऊर्जा के साथ विभाग व संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाऊंगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी शुक्र वार को नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री खरगे को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। मुलाकात के दौरान डॉ अंसारी ने झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत रिपोर्ट श्री खड़गे को सौंपा। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिये वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। साथ ही, संगठन और कार्यकताओं को मजबूत करने की दिशा में भी सतत प्रयासरत हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने डॉ अंसारी के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि आप अच्छा कार्य कर रहे हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में सब कुछ पारदर्शी है और हम सभी को मालूम है कि कौन कैसा कार्य कर रहा है। इसी तरह सेवा करते रहिये। इसके बाद डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व और गौरव का विषय है।

## संगठन सशक्तिकरण को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू का 6 दिवसीय झारखंड दौरा आज से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संगठन सशक्तिकरण को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू अपने छह दिवसीय प्रवास पर शनिवार, 07 जून को झारखंड की राजधानी रांची पहुंच रहे हैं। अपने प्रवास के दौरान प्रदेश प्रभारी के. राजू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ 7 से 12 जून तक झारखंड के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठकें करेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा करेंगे।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि झारखंड प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों एवं बैठकों में हिस्सा लेंगे। इसी कड़ी में 08 जून 2025 को 10 बजे- सिमडेगा, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। इसके पश्चात अप. 04 बजे चाईबासा के सर्किट हाउस में कोल्हान क्षेत्र के नागरिक समाज कार्यकताओं के साथ पेसा नियमों पर आयोजित परामर्श में भाग लेंगे।

09 जून को रामगढ़, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। वहीं अप. 03 बजे- बोकारो में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे।

10 जून को लातेहार, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। वहीं अप. 03 बजे- चतरा में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे।

11 जून को पूर्वा 11 बजे से रांची में पेसा नियमों पर परामर्श में भाग लेंगे, एवं रांची में एससी नेताओं के साथ बैठक में अपना विचार रखेंगे।

12 जून को लोहरदगा, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे एवं अप. 03 बजे - गुमला, जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद रात्रि 09 बजे वापस बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हैदराबाद के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Jharkhand Ranchi -834002**

Letter No- Kha.Up.ni.-24/chini-04/2024- **808** Date- 06-06-2025

**Tender/Bid Cancellation Notice**

Tender Reference No. Kha.Up.ni.-24(chi.vi.yo.)-04/2024-Re-448, Dated: 24/03/2025 For Supply of Free Flow White Crystal Sugar (Grade-S-30/M-30) (As Per FSSAI Norms) for 4th Quarter (January 2025 to March 2025) of Financial Year 2024-25 through reverse e-auction platform of NCDEX e Markets Limited with reference to Directorate Letter No.- 448 Dated-24/ 03/ 2025, PR No. 349157 is hereby cancelled on account of unavoidable reasons.

Fresh tender will be invited soon.

Sd/- ( Dilip Tirkey ) Director

PR.NO.354462 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26):D

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Jharkhand Ranchi -834002**

Letter No- Kha.Up.ni.01-namak-09/2025- **801** Date- 05/06/2025

**Tender/Bid Cancellation Notice**

GeM Bid No. GEM/2025/B/6208355, Dated:07/05/20 25 for Selection of Bidder for Supply of Free Flow Refined Iodized Edible Salt (As Per FSSAI Norms) for 1st Quarter (April 2025 to June 2025) of Financial Year 2025-26 By e-Tender through e-Bid followed by Reverse Auction on GeM Platform with reference to Directorate Letter No.- Kha. Up.ni.01-namak-09/2025-629 Dated:-06/05/2025, PR No. 351918 is hereby cancelled on account of unavoidable reasons.

Fresh tender will be invited soon.

Sd/-
( Dilip Tirkey ) Director

PR.NO.354470 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26):D

## आदिवासियों के साथ छल-कपट की राजनीति करने वाली भाजपा आज बन रही है हितैषी : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि आदिवासी समुदाय के साथ छल कपट की राजनीति करने वाली भाजपा आदिवासियों की हितैषी बनने का प्रयास कर रही है। आदिवासियों के हित की बात करने वाले बाबूलाल मरांडी फ्लाइ ओवर का नामकरण होने के बाद भी बाबा कार्तिक उराँव का नाम लेने से परहेज कर रहे हैं, यह आदिवासी जन भावनाओं का अपमान है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सिरम टोली स्थित बाबा कार्तिक उरॉव फ्लाइ ओवर का उद्घाटन किए जाने पर भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाया गये आरोप पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि फ्लाइ ओवर का उद्घाटन गुप्त तरीके से नहीं बल्कि डंके की चोट पर किया गया है। गुपचुप तरीके से कार्य करना भाजपा के सिद्धांतों में शामिल है जैसा कि इन्होंने सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव राज भवन को भेजकर किया था। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन की सरकार जो वादा करती है उसके अनुसार काम करती है। बाबा कार्तिक उरांव फ्लाइ ओवर से आदिवासी समुदाय ठगा महसूस नहीं कर रहा है बल्कि आदिवासियों को भड़का कर रोटी सेकने वालों की राजनीतिक मंसूबे पर चोट पहुंची है, जो आदिवासी समुदाय को आगे कर अपनी राजनीति को शीर्ष पर पहुंचाना चाहते थे।

सोनाल शांति ने कहा है कि आदिवासी अस्मिता, आस्था, परंपरा आदिवासी समुदाय की भावनाओं को महागठबंधन सरकार बखूबी समझती है और उनकी भावनाओं को समझ कर ही हमने राष्ट्रीय स्तर पर सरना धर्म कोड लागू करने की लड़ाई छेड़ रखी है। सरना धर्म कोड को लटकाने के खिलाफ बाबूलाल जी को अपने केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष विरोध दर्ज करना चाहिए।

सोनाल शांति ने कहा है कि झारखंड में आदिवासी समुदाय पर भाजपा शासन काल में जितने अत्याचार हुए हैं, वह याद करने से भी आदिवासी समुदाय डरता है। झारखंड निर्माण के साथ ही 2001 में बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्रीत्व काल में तपकरा गोली कांड की हृदय विदारक घटना घटी थी जिसमें आठ निर्दोष आदिवासी मारे गए थे।

भाजपा के मुख्यमंत्री रघुवर दास के शासनकाल में 10000 आदिवासियों पर पत्थलगढ़ी के मामले में मुकदमे दर्ज किए गए, अगर महागठबंधन की सरकार राज्य में नहीं बनती तो यह भी जेल में होते। उन्होंने कहा है कि भाजपा के आदिवासी विरोधी मानसिकता के कारण ही आज आदिवासी समुदाय भाजपा से दूर हो गया है। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन सरकार द्वारा राज्य के सतत विकास के लिए किये जा रहे कार्य को देखकर बाबूलाल मरांडी आदिवासी समाज के मन में संशय पैदा करना चाहते हैं, जो कामयाब नहीं होगा।

## सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन आदिवासियों केलिये धोखा : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 5 जून को गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाइओवर का लोकार्पण किया। इससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह लोकार्पण पर्यावरण दिवस के दिन किया गया। लेकिन विडंबना यह रही कि प्रकृति और पर्यावरण के उपासक आदिवासी समाज की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर रांची के यातायात को जरूर सुगम बनायेगा। लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ही पवित्र सरना स्थल के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर, बिना कोई वैकल्पिक समाधान निकाले इस फ्लाइओवर का उदघाटन करना आदिवासियों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि विकास जरूरी है। लेकिन विकास की दौड़ में आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और परंपराओं का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

### सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछायी जा रही : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करते हुये राज्य में सड़क निर्माण में बरती जा रही गंभीर अनियमितता पर सवाल खड़ा किये हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं संभाल रहे हैं। तो यह विभाग भ्रष्टाचार में कैसे पीछे रह सकता है, वैसे यहां पथ निर्माण विभाग में ठेकेदारों के चयन से लेकर टेंडर लेने-देने का काम कैसे होता है, यह सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि अगर टेंडर नये न्यूनतम दर में भी एलाट होता है तो बाद में ज्यादा काम दिखाकर पेमेंट बढ़ा देने एवं इसके लिये मनमाना वसूली का खेल किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि लगता है हेमंत जी ने ठान लिया है कि जब तक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स वाले आकर सबसे ज्यादा घोटाले करने का रिकॉर्ड उनके नाम नहीं कर देते, वे रुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा ज़िले के पेशरार में जिस सड़क का निर्माण हो रहा है, वहां गिट्टी, डामर या ग्रैन्युलर सब बेस का नामोनिशान नहीं है। सड़क निर्माण में गिट्टी वह नींव होती है, जिस पर पूरी सड़क की ताकत टिकी होती है, पर यहां तो नींव ही गायब है।

स्पीड न्यूज

## सरायकेला : जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्या




जमशेदपुर। सरायकेला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी नितिश कुमार सिंह द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से क्रमवार भेंट कर उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को सुना गया। डीसी ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक व त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी पात्र लाभुकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से प्रदान करने का भी निर्देश दिया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वॉकाथन



जमशेदपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वॉकाथन का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में बैंक का मूल उद्देश्य देश के युवा पीढ़ी के मध्य पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा के लिए सजग रहना एवं जागरूकता उत्पन्न करना रहा। वॉकाथन में बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टाफ सदस्यों द्वारा पूरे जोश और उत्साह से भाग लिया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर के क्षेत्रीय प्रमुख अमित कुमार, उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा व कार्यपालकगण तथा क्षेत्रीय कार्यालय के सदस्य एवं शाखा के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

## युवती को भगाने का आरोपी बेंगलूरू से गिरफ्तार, गया जेल



पोटका। कोवाली थाना क्षेत्र से बीते 24 अप्रैल को एक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर कर शादी करने की नियत से भगाने का आरोपी सोनल मंडल को थाना प्रभारी मोबीन अंसारी ने गिरफ्तार कर लिया है। पोटका थाना क्षेत्र के सानग्राम पंचायत अंतर्गत बुरुडीह गांव निवासी आरोपी सोनल मंडल के विरुद्ध कोवाली थाना में नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर कर शादी का प्रलोभन देते हुए भगा ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। थाना प्रभारी मोबीन अंसारी ने आरोपी सोनल को कर्नाटक राज्य के बंगलुरु शहर से मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी युवक को शुक्रवार को जेल भेजा गया।

## महिला विवि के एनएसएस इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन



जमशेदपुर। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा विश्वविद्यालय के बिष्टुपुर कैंपस में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्राओं ने सर्वप्रथम पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लिया। उन्होंने सभी को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने तथा हर तरीके के कचरे जैसे गीले कचरे को अलग, सूखे कचरे को अलग रखने की सलाह देते हुए कचरे को पूर्ण संसाधित करने और उपयोग में लाने की प्रक्रिया को बताया। प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने की सलाह दी तथा प्लास्टिक पर्यावरण को किस प्रकार दूषित करता है इस विषय में भी बताया। विश्वविद्यालय प्रांगण की सफाई कर्मचारियों को भी जरूरी जानकारियां दी और प्रांगण के सफाई कार्य में सहयोग भी किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस ऑफिसर डॉ सुनीता कुमारी तथा छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पहल अग्रवाल की आर्ट वर्कशॉप ने जगाई बच्चों में रचनात्मकता

जमशेदपुर। सीएच एरिया, बिस्टुपुर के टंबलिंग टॉर्टिलोज कैफे में एक आर्ट वर्कशॉप हुई, जहां बच्चों ने टी-शर्ट और कैप पर पेंटिंग जैसे एक्टिविटीज में हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप को पहल अग्रवाल ने क्यूरेट किया और इसे ब्रांड वर्स, एक ब्रांड और पीआर एजेंसी, ने स्पॉन्सर किया। इसमें 3 से 15 साल के 25 बच्चों ने खूब मजा किया। पहल अग्रवाल, जो आर्टिस्टिक मूव्स नाम के इंस्टाग्राम चैनल की क्रिएटर हैं, ने बच्चों को पेंटिंग करने के नए तरीके सिखाए और उन्हें अपनी क्रिएटिविटी खुलकर दिखाने के लिए प्रेरित किया। इस इवेंट की खास बात यह थी कि ब्रांड वर्स की क्रिएटिव हेड और मुख्य अतिथि प्रज्ञा मल्होत्रा ने जिन बच्चों ने सबसे अच्छे टी-शर्ट और कैप डिजाइन किए, उन्हें गिफ्ट हैंपर्स देकर सम्मानित किया।

### ब्राउन शुगर, गांजा और शराब के अवैध कारोबार को रोकने की मांग, पानी-बिजली की आपूर्ति व ट्राफिक कुव्यवस्था सुधारने की दी सलाह

# भाजपा चली जन समस्याओं को उठाने, डीसी से भेंट कर सौंपी समस्याओं की फेहरिश्त

खबर मन्त्र ब्यूरो



डीसी को मांग पत्र सौंपते भाजपा महानगरअध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रदेश कमेटी के सदस्य डा जटाशंकर पांडेय, बबुआ सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में पार्टी नेताओं ने शुक्रवार को जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने व्याप्त जन समस्याओं पर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में जमशेदपुर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की कई गंभीर समस्याओं का बिंदुवार उल्लेख किया गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ जटाशंकर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह, संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, रेणु शर्मा, महामंत्री संजीव सिंह, अनिल मोदी, कार्यालय मंत्री सुबोध झा, मीडिया प्रभारी प्रेम झा, भाजयुमो अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा, साकची पूर्वी मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, साकची पश्चिम मंडल अध्यक्ष बजरंगी पांडेय, बिस्टुपुर मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी व अन्य मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि जमशेदपुर के लगभग सभी थाना क्षेत्रों में ब्राउन शुगर, गांजा, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का धड़ल्ले से अवैध कारोबार हो रहा है। इसका सेवन करने वाले युवा चोरी, चैन छिनतई, वाहन चोरी और मारपीट जैसी असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हो रहे हैं। भाजपा ने इनकी बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। साथ ही, हेलमेट चेकिंग के नाम पर पुलिस द्वारा फैल रही अव्यवस्था को नियंत्रित करने और बिना परमिट चल रही बसों की जांच और सड़क किनारे बसों के पार्किंग से मानगो गोलचक्कर पर उत्पन्न ट्रैफिक अव्यवस्था पर कार्रवाई की मांग की गई। भाजपा ने बरसात से पहले मानगो, उलीडीह, आजादबस्ती, जुगसलाई, बागबेड़ा, गोविंदपुर और अन्य क्षेत्रों में नालों की सफाई और सड़कों पर फैले कचरे की सफाई को अति आवश्यक बताया, ताकि मौसमी बीमारियों से बचा जा सके। इसके अलावा, शहर के एमएनएसी, जेएनएसी, जुगसलाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के झूलते तारों, लकड़ी के खंभों के सहारे गुजर रहे तारों एवं जर्जर खंभों और खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, बागबेड़ा और घोड़ाबांधा जलापूर्ति योजनाओं को लागू करने, जुगसलाई सफीगंज में पेयजल की व्यवस्था और एमई स्कूल के पास जर्जर पानी की टंकी को हटाने की मांग की गई। मानगो और मोहरदा जलापूर्ति योजनाओं की तकनीकी समस्याओं को दूर कर स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। ज्ञापन में वृद्ध, विधवा और विकलांग पेंशन की रुकी हुई किस्तों को जल्द से जल्द लाभुकों के खातों में हस्तांतरित करने की मांग की गई। साथ ही, राशन डीलरों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ की जा रही मनमानी पर अंकुश लगाने और उचित मापदंड के अनुसार राशन उपलब्ध कराने, सड़क मरम्मत के बाद खुले छोड़ दिए गए गड्ढों को दुर्घटना का कारण बताते हुए इन पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। टाटा रायसन, टाटा ब्लूस्कोप, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टिमकेन, टिनप्लेट जैसी कंपनियों के बाहर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगाने और परसुडीह रेलवे फाटक के पास ओवरब्रिज निर्माण की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। इसके अलावा, ऑनलाइन जमीन रजिस्ट्रेशन और दाखिल-खारिज में अवैध वसूली और तहसील कार्यालय में कर्मचारियों की अनुपस्थिति की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि जमशेदपुर के नागरिक आज विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जो उनके दैनिक जीवन को प्रतिदिन प्रभावित कर रही हैं। चाहे वह नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार हो, पेयजल की कमी, बिजली की जर्जर व्यवस्था, या सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दे हो। हमने विभिन्न मंडल अध्यक्षों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त जनसमस्याओं को संकलित कर जिला प्रशासन का ध्यान उन सभी समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया है। कहा कि भाजपा की मांग है कि इन समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राहत मिल सके। भाजपा जनता के मुद्दों पर संघर्ष करने से कभी पीछे नही हटेगी। इस अवसर पर जितेंद्र राय, विजय तिवारी, मिली दास, कृष्णा शर्मा काली, प्रेम झा, अखिल सिंह, मंजीत सिंह, सागर राय, नीलू मछुआ, पोरेश मुखी, रमेश बास्के, उज्ज्वल सिंह, संजीत चौरसिया, संजय तिवारी, बिनोद राय, बजरंगी पांडेय, प्रशांत पोद्दार, अजीत सिंह, बबलू गोप, पवन सिंह, सूरज सिंह, आनंद कुमार, अमित मिश्रा, विकास शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# टाटानगर-चाकुलिया और टाटानगर-चाईबासा मेमू पैसेंजर ट्रेन शुरु, सांसद ने दिखायी झंडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



मेमू पैसेंजर ट्रेन को झंडी दिखलाते सांसद विद्युतवरण महतो।

**जमशेदपुर।** यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने 6 जून आज शुक्रवार से टाटानगर-चाईबासा और टाटानगर-चाकुलिया के बीच मेमू पैसेंजर ट्रेनों को शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सांसदविद्युत वरण महतो ने टाटानगर स्टेशन पर दोनों ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। रेल प्रशासन ने यह निर्णय यात्रियों की सुविधा और लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए लिया है। खासकर दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। टाटानगर-चाईबासा-टाटानगर मेमू (68137/68138) : ट्रेन संख्या 68137 हर दिन रात 08:55 बजे टाटानगर से प्रस्थान करेगी और 11:00 बजे चाईबासा पहुंचेगी।

**सभी स्टेशनों पर एक मिनट का ठहराव रहेगा :** टाटानगर-चाकुलिया-टाटानगर मेमू (68128/68127) ट्रेन संख्या 68128 (रविवार छोड़कर प्रतिदिन) टाटानगर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। टाटानगर रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन सुबह 11:00 बजे से खुलेगी और दोपहर 12:45 बजे चाकुलिया पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 68127 शनिवार छोड़कर प्रतिदिन चलेगी। यह ट्रेन दोपहर 03:00 बजे चाकुलिया से टाटानगर के लिए रवाना होगी जबकि शाम 05:00 बजे टाटानगर पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव सलगाझारी, गोविंदपुर, आसनबनी, राखा माइंस, गालूडीह, घाटशिला, चिरुगोड़ा, धालभूमगढ़, कोकपाड़ा सहित अन्य स्टेशनों पर होगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन ट्रेनों के परिचालन से टाटानगर, चाईबासा, चाकुलिया समेत आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को किफायती और सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा।

### यहां होगा ठहराव

- आदित्यपुर (09:03-09:04)
- गम्हरिया (09:09-09:10)
- बीरबांस (09:17-09:18)
- सिनी (09:24-09:25)
- महालीमुरूप (09:31-09:32)
- राजखरसावां (09:41-09:42)
- पंड्राशाली (09:51-09:52)
- वापसी में ट्रेन संख्या 68138 चाईबासा से सुबह 03:20 बजे रवाना होगी और 05:45 बजे टाटानगर पहुंचेगी

# कांड्रा स्टेशन का डीआरएम तरुण हुरिया ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**गम्हरिया।** चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया ने शुक्रवार को कांड्रा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों के साथ वार्ता कर यात्री सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्टेशन को और बेहतर बनाने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। कहा कि कांड्रा रेलवे स्टेशन इस मार्ग का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। इसलिए इस स्टेशन के विकास के किए कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्टेशन में उपस्थित यात्री भी डीआरएम से मिले। उन्होंने कोरोना से पूर्व कांड्रा में बंद किए गए ट्रेनों के ठहराव को पुनः शुरू कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि कई प्रमुख ट्रेनों का ठहराव बन्द किए जाने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डीआरएम ने कहा कि इस मामले से रेलवे बोर्ड को अवगत करा दिया गया है।

# विजय मेहता चुने गये आर्य समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो



नये अध्यक्ष विजय मेहता।


**जमशेदपुर।** विजय मेहता को आयोजित बैठक में ट्रस्टियों द्वारा सर्वसम्मति से आर्य समाज ट्रस्ट जमशेदपुर का नया अध्यक्ष चुना गया। ट्रस्ट, ताप्ती रोड जमशेदपुर स्थित अपने परिसर में स्वामी दयानंद सरस्वती जी की शिक्षाओं को बढ़ावा देने के अलावा दयानंद पब्लिक स्कूल और भारतीय मडल मिडिल स्कूल में 2000 से अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में लगा हुआ है। मेहता ने ट्रस्टियों को उनके प्रति दिखाए गए विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि, समान विचारधारा वाले लोगों में से एक के रूप में, वे दोनों स्कूलों में उनके अधीन बच्चों के लिए सर्वोत्तम शिक्षण अनुभव सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने स्वर्गीय डॉ आरएन शर्मा के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया, जिनके अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व ने स्कूल को उत्कृष्टता के वर्तमान स्तर पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस वर्ष के उत्ष्ट शैक्षणिक परिणाम, साथ ही नए कंप्यूटर लैब, विज्ञान लैब, पुस्तकालय और एम्फीथिएटर जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचे के विकास, उनकी दृष्टि के प्रमाण हैं। मेहता ने स्व डॉ आरएन शर्मा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किए गए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और चरित्र निर्माण की पहलु को भी मान्यता दी। दिवंगत अध्यक्ष द्वारा बताए गए मार्ग पर चलते हुए, मेहता ने ट्रस्टियों के साथ अपना विजन साझा किया और समग्र शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, जो न केवल अकादमिक बल्कि चरित्र, लचीलापन और मूल्यों का निर्माण करने वाले कार्यक्रमों का समर्थन करती है।

उन्होंने मजबूत अभिभावक-शिक्षक साझेदारी, पूर्व छात्रों की सलाह और प्रसिद्ध आमंत्रित संकाय द्वारा अतिथि शिक्षण पर भी जोर दिया-एक ऐसी पहल जो छात्रों और शिक्षकों दोनों की मदद करेगी।

# एडीएल सोसायटी में फिर उठा-पटक, चुनावी प्रक्रिया शुरु

### गुरुनाथ राव गुट 15 जून को करायेगा चुनाव


खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शहर में आंध्रप्रदेश के लोगों की प्रतिनिधि संस्था आंध्र ड्रामेटिक एंड लिटरेरी सोसायटी (एडीएल सोसायटी) में फिर उठा-पटक शुरु हो गई है। कार्य समिति से निष्कासित महामंत्री के. गुरुनाथ राव ने सोसायटी की चुनावी प्रक्रिया शुरु कर दी है। दो दिनों में चुनाव के लिए 49 नामांकन पत्र सदस्यों ने खरीदे हैं। उन्होंने 15 जून को सोसायटी की आमसभा भी बुलायी है जिसके करीब 2325 सदस्य हैं। इसी दिन सुबह 8 बजे से अपरान्ह चार बजे तक चुनाव के लिए वोट भी डाले जायेंगे। के.गुरुनाथ राव ने आज शाम पत्रकारों को बताया कि जो भी नामांकन पत्र लिए गए हैं इच्छुक उम्मीदवार शनिवार 7 जून की शाम 6 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच के पश्चात उम्मीदवारों की सूची 8 जून को शाम छह बजे टांग दी जायेगी। इच्छुक उम्मीदवार 9 जून को शाम छह बजे से रात्रि 8.30 बजे तक नामांकन वापस भी ले सकेंगे। नामांकन वापसी के लिए उम्मीदवार को समिति के सामने लिखित आवेदन देना होगा। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची 10 जून को शाम नोटिस बोर्ड पर जारी कर दी जायेगी।

# वाई ईश्वर राव गुट ने चुनाव प्रक्रिया को अवैध बताया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** एडीएल सोसायटी,कदमा के अध्यक्ष वाई. ईश्वर राव ने के. गुरुनाथ राव को निष्कासित महासचिव बताते हुए उनके द्वारा चुनावी कार्यक्रम शुरु करने को असंवैधानिक और अवैध बताया है। वाई.ईश्वर राव ने कहा कि एसडीओ ने दोनों गुटों की बैठक 9 जून को बुलायी है। इस बैठक के पश्चात 27 जुलाई को होने वाले चुनाव की तैयारी शुरु कर दी जायेगी क्योंकि वर्तमान वैद्य कमेटी का कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है। इसके पूर्व विधि सम्मत तरीके से चुनाव करवा दिया जायेगा। वाई ईश्वर राव ने दो टूक कहा कि के गुरुनाथ राव कमेटी से निष्कासित हैं और रहेंगे। वे कुछ आपराधिक चरित्र के लोगों को साथ लेकर सोसायटी की मर्यादा को तार-तार करने पर तुले हैं। गुरुनाथ को एसडीओ से चुनाव कराने का कोई पत्र नहीं मिला है। वो झूठ बोल रहे हैं। उनका वश चले तो कुछ मुठ्ठी भर लोगों को ही वोट का अधिकार दें। संवाददाता सम्मेलन में एम कोमल कुमार, सीएच रमन्ना, पी रवि प्रकाश, एवी राव, एस रमेश, सूर्या राव, राम मोहन, डी रामू राम उपस्थित थे।

# लघु उद्योगों के लिए जमीन का सीधे आवंटन करे उद्योग विभाग, नीलामी उचित नहीं : इसरो

खबर मन्त्र ब्यूरो



मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ रुपेश कतरियार और सहयोगी।

**जमशेदपुर।** झारखंड सचिवालय रांची के सभागार मे शुक्रवार को आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यतः के के पाठक विशेष सचिव, केंद्रीय सचिवालय, केंद्र सरकार, अलका तिवारी, मुख्य सचिव, अरवा राजकमल, सचिव उद्योग, सुशांत गौरव, निदेशक उद्योग की उपस्थिति में एमएसएमई, उद्योगों की इज ऑफ डूइंग बिजनेस एवं डीरेगुलेशन ऑफ एक्ट्स योजना अंतर्गत विभिन्न समस्याओं और उनके व्यावहारिक निदान हेतु राज्य स्थित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आहूत की गई। इस वैचारिक गोष्ठी में इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एवं रिफॉर्म आगेर्नाइजेशन 'इसरो' का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष रूपेश कतरियार के नेतृत्व में शामिल हुआ। 'इसरो' अध्यक्ष एवं संगठन के प्रतिनिधिमण्डल ने इन पदाधिकारियों के समक्ष बिंदुवार विभिन्न विषयों की व्याख्या करते हुए एक ज्ञापन सौंपा एवं बताया कि केंद्रीय बजट 2025 में एमएसएमई के वर्गीकरण मानदंड को संशोधित करने का जो प्रस्ताव किया गया है वह मौजूदा जमीनी हकीकत के अनुरुप नहीं है । इसलिए 'इसरो' प्रस्ताव करती है कि एम.एस.एम.ई की तीनों श्रेणियां के लिए अलग-अलग बजट आवंटित किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा साथी अपना उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सके और 2047 तक विकसित भारत बनाने में भूमिका अदा सके। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्र में सफल उद्योग चलाने वाले उद्यमियों की लीज होल्ड भूमि को कुछ वर्षों के बाद मालिकाना अधिकार दिया जाए । ऐसे सफल उद्यमी इसे सोशल सिक्योरिटी के रूप में उपयोग कर सके एवं उद्यमी अपनी बैलेंस शीट ठोस कर उद्यम हेतु वान्छित वित्तीय सहायता ले सके। झारखंड राज्य में सभी सरकारी विभाग यथा रक्षा, रेलवे, पावर आदि आदि की खरीद एवं उनके निर्माण में सहायता की दृष्टि से कार्यालय खोले जाएं ताकि अधिक से अधिक सामग्री का निर्माण एवं आपूर्ति झारखंड के सूचना एवं लघु उद्योग में कर सकें। इसरो अध्यक्ष ने आगे बताया कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस हेतु राज्य के सिंगल विंडो सिस्टम को प्रभावी बनाया जाए ताकि विभिन्न संवैधानिक लाइसेंस एक जगह आवेदन कर प्राप्त किया जा सके। झारखंड राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम की स्थिति अच्छी नहीं कहीं जा सकती है। देश के सबसे बड़ी औद्योगिक गतिविधि के लिए विख्यात आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण आदित्यपुर को औद्योगिक शहर के रूप में घोषित किया जाए।

एक नजर में

## आरडी रबर रिक्लेम कंपनी के मामले में वार्ता विफल



गम्हरिया। आरडी रबड़ रिक्लेम कंपनी मामले में प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता बेनतीजा रहा। बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित वार्ता में कामगारों के प्रतिनिधि के उपस्थित नहीं होने के कारण शुक्रवार को कोई निर्णय नहीं हो पाया। बैठक में कंपनी प्रबंधन की ओर से एमडी साहिल ढनढानिया, जीएम उमेश शुक्ला, श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं यूनियन की ओर से कांग्रेस नेता जगदीश नारायण चौबे, बसंत कुमार, अजय कुमार शर्मा समेत काफी संख्या में कामगार उपस्थित थे। बीडीओ ने बताया कि आरडी रबड़ रिक्लेम कंपनी में विगत करीब 16 दिनों से चल रही हड़ताल को मद्देनजर प्रशासनिक स्तर से इसे समाप्त कराने का प्रयास किया गया था। इसको लेकर कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई गई थी। वार्ता में प्रबंधन के एमडी की ओर से मजदूरों की कई प्रमुख समस्याओं को दूर करने एवं उनकी कई मांगों में सहमति जताई। किंतु कामगार यूनियन की ओर से उनके प्रमुख प्रतिनिधि के नहीं रहने से वार्ता में कोई निर्णय नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि अब दूसरी बैठक की तिथि तय कर इस मामले पर पहल की जाएगी। इस संदर्भ में यूनियन के पदाधिकारी बसंत कुमार ने बताया कि बैठक में कोई निर्णय नहीं होने से हड़ताल जारी है। आरडी रबड़ रिक्लेम कंपनी में चल रही हड़ताल को समाप्त करने के लिए शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया था। इसमें कंपनी के एमडी को भी बुलाया गया था। वार्ता में मजदूर प्रतिनिधि के सक्षम पदाधिकारी के उपस्थित नहीं रहने से कोई निर्णय नहीं हो पाया। इस मुद्दे को लेकर पुनः बैठक आयोजित की जाएगी।

## जाहेरथान में जबरन मकान बनाये जाने के विरोध में कवाली के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



पोटका। प्रखंड के कोवाली गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को पोटका मुख्यालय में प्रदर्शन कर जाहेरथान में एक दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन मकान बनाये जाने संबंधी ज्ञापन सीओ निकिता बाला को सौपा। सीओ को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों का कहना है कि मौजा कोवाली थाना नम्बर 1532 खाता संख्या 773 प्लाट नम्बर 3269 पर स्थित जाहेरथान अनाबाद बिहार सरकार की जमीन है। इस जमीन पर आदिकाल से हमारे पूर्वज पुजा अर्चना करते आ रहे है। इसी जमीन पर विगत कई दिनों से कोवाली निवासी राजेश्वर भगत के द्वारा सरना स्थल पर जबरन अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा मना किये जाने पर उसके द्वारा ग्रामीणों को धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने सीओ से मामले की जांच कर उचित कारवाई की मांग की है ताकि उनका सरना स्थल बचा रहे। सीओ निकिता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व कर्मचारी को अविलंब जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ग्रामप्रधान लखिचरन बास्के, जयसिंह सरदार, मोनो कर्मकार, नोगेन सरदार, बाबूलाल सरदार, कासुराम मुर्मू, प्रधान बास्के, रोबिन मार्डी, रामेश्वर टुडू, निर्मल सरदार, सुरु सरदार, टुम्पा बास्के, मायरो बास्के, जगन्नाथ सरदार, रंजीत सरदार, मुंडा सरदार समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक को बदलने की मांग

जमशेदपुर। कोल्हान विश्वविद्यालय की लेट लतीफ रवैया के खिलाफ जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के पूर्व छात्र अमर कुमार तिवारी ने भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय से शिकायत की है। शिकायत में कहा गया कि विवि के परीक्षा विभाग का सिस्टम पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। शिकायत करने के बाद भी प्रक्रिया है कह कर शिकायत को टाल दिया जाता है। जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के सत्र 24-27 के नामांकन अब तक शुरू नही हुआ, जबकि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज को बीसीआई से मान्यता प्राप्त हो चुकी है। उसके बावजूद भी कोल्हान विवि ने अब तक उसके नामांकन के संबंध में नोटिफिकेशन जारी नहीं किया। नोटिफिकेशन जारी करने के बाद उसका एंट्रेंस टेस्ट होता है उसके बाद उसका परिणाम आने के बाद मेरिट सूची के आधार पर नामांकन लिया जाता है पूरे झारखंड में जितने कॉलेज हैं उन सभी का जनवरी में ही नामांकन हो चुका है और सिर्फ कोल्हान विवि ही 1 साल विलंब करके अब तक नोटिफिकेशन जारी नहीं कर रहा है। अमर ने सरकार से अनुरोध किया कि परीक्षा नियंत्रक को ही बदल दें और जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज पर एहसान करें ताकि समय पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो सके, अन्यथा कॉलेज में विद्यार्थी नामांकन लेने से कतराएंगे क्योंकि ये 3 साल का कोर्स 5 साल में भी पूरा नही हो पा रहा है।

## निर्जला एकादशी पर सुरभि शाखा ने सुराही और फल बांटकर किया जन सेवा



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जन सेवा के अंतर्गत निर्जला एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को साकची गोल चक्कर आई हॉस्पिटल के पास जरूरतमंद लोगों के बीच 51 सुराही,150 किलो आम एवं शीतल शरबत का वितरण किया गया। साथ ही साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित श्री महालक्ष्मी दादी मंदिर के सामने 200 पौधे का वितरण किया गया। पौधा वितरण कार्यक्रम में गंगा मिशन संस्था का भी सहयोग रहा। दोनों कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में ममता अग्रवाल, उषा चौधरी, निशा सिंघल, बबीता रिंगसिया, डॉक्टर रुचिता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रजनी बंसल, खुशबू कावटिया, माया बंसल, अनीता अग्रवाल, मंजू झांझरिया, सरिता अग्रवाल के द्वारा संपन्न हुआ।

## राधा रानी मंडली ने जीईएल चर्च मिडिल स्कूल में लगाया वाटर कूलर



जमशेदपुर। बढ़ती भीष्ण गर्मी को देखते हुए शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था राधा रानी मंडली द्वारा शुक्रवार को निर्जला एकदशी के शुभ अवसर पर साकची गोल चक्कर पर आम लोगों के बीच तरबूज, नींबू पानी एवं सत्तू शरबत का वितरण किया गया। साथ ही जीईएल चर्च मिडिल स्कूल, न्यू सीतारामडेरा मे बच्चों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक वाटर कूलर लगाया गया। समाज सेवा का दोनों कार्य को सफल बनाने में कविता अग्रवाल, बबिता रिंगसिया, ममता अग्रवाल, पिंकी रिंगसिया, रेखा अग्रवाल, पारुल चेतानी, निशा सिंघल, सुशीला सघी, उषा चौधरी, सविता, सरिता अग्रवाल, माया अग्रवाल, मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा। इस सेवा कार्य में राधा रानी मंडली की पुरी टीम ने भागीदारी निभाई, जिससे यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## स्पीड न्यूज

### पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की बैठक आयोजित



मेदिनीनगर। पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की एक विस्तारित बैठक होटल शिवाय ब्लू नावाटोली के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अमिताभ कुमार मिश्रा ने की। बैठक में पलामू जिले के दवा व्यवसाय (थोक एवं खुदरा) जगत के सैकड़ो दवा व्यवसाई उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अमिताभ कुमार मिश्रा ने पलामू जिले में दवा व्यवसाय को कैसे सरल, समृद्ध न्याय संगत एवं विकासोन्मुखी बनाया जाए के एजेंडा को रखते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि जिले में वर्तमान स्थिति में दवा व्यवसाय की हालत बहुत अच्छी नहीं है। लोगों को व्यापार करने में तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपनी अपनी समस्याओं को फेडरेशन की इस बैठक में संजीदगी से रखा। बैठक में तमाम समस्याओं पर विचार करते हुए दवा व्यवसाय को तनावमुक्त, भय मुक्त एवं स्वतंत्र माहौल विकसित करने पर बल दिया गया। करतल ध्वनि के बीच फेडरेशन ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया कि दवा व्यवसाईयों को दिन प्रतिदिन आ रहे परेशानियों के निदान हेतु संबंधित औषधि पदाधिकारी से एक प्रतिनिधिमंडल जल्द मुलाकात कर समस्याओं का निदान का रास्ता निकालेगी। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर औषधि प्रशासन से अनुरोध किया है कि दवाओं के लाइसेंस के मुताबिक उसका वर्गीकरण कर उनके बिक्री के दायरे को विस्तार से प्रशिक्षित करने का काम जिला औषधि प्रशासन कैंप लगाकर करें। एक अन्य प्रस्ताव में लाइसेंसिंग प्रक्रिया एवं निरीक्षण की प्रक्रिया को सुगम न्यायोचित एवं व्यापक व्यापार हित में किया जाए। बैठक में वरिष्ठ दवा व्यवसाई एवं फेडरेशन के संरक्षक मृत्युंजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि पलामू अति गरीब एवं पिछड़ा जिला है जहां पर पिछड़े व आदिवासी जमात के लोग दवा व्यवसाय में हैं जो सुदूर अंचलों एवं गांव में दवा व्यवसाय कर अपना जीवन यापन करते हुए लोगों की सेवा करते हैं और हम उनके व्यापक हित को नकार नहीं सकते। बैठक में हनी सिंहा, जितेंद्र कुमार, सतीश तिवारी, रमाकांत पांडे, संजय कुमार अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, जगदीश गुप्ता, आतिश अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, मनोज सिन्हा, उज्जवल सिन्हा, प्रवीण अग्रवाल, आशुतोष कुमार, संजय कुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश मेहता, मून जी अग्रवाल, राजहंस अग्रवाल मुकेश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, राजेश प्रसाद गुप्ता रवि अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विनोद अग्रवाल आदि सैकड़ो दवा व्यवसाई उपस्थित थे। बैठक के पश्चात धन्यवाद ज्ञापन सदस्य कुलवंत सिंह नामधारी ने किया।

### बकरीद पर्व को लेकर पाटन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



पाटन पलामू। बकरीद पर्व को लेकर पाटन थाना में शांति समिति की बैठक पुलिस इंस्पेक्टर अनिल सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन पाटन थाना प्रभारी लालजी ने किया गया। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने भाग लिये। बैठक में थाना प्रभारी लालजी ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी भाईचारा कायम करते हुए मनायें। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जायेगी। कोई भी अप्रिय घटना अगर घटती है तो इसके लिए दोनों समुदायों के लोग जिम्मेवार होंगे। लालजी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पर्व के दौरान अशांति फैलाते हैं तो पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। उन्होंने ऐसे करने वाले की सुचना पुलिस प्रशासन को देने के लिए कहा। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर अनील सिंह ने कहा कि पर्व आपस में प्रेम भाईचारा रखना सिखाता है। आप सभी लोग उसका पालन करते हुए बकरीद पर्व मनायें। बैठक में उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारा कायम करते हुए पर्व हंसी खुशी से मनाने की बात कही। बैठक में पाटन थाना के एसाई शैलभ कुमार, आनन्द कुमार व पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, लिए गए कई निर्णय




हैदरनगर पलामू। ईद-उल-जोहा (बकरीद) में विधि-व्यवस्था कायम रखने को लेकर हैदरनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने की। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो याकुब थाना विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में एसडीओ गौरांग महतो ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मानने का आह्वान सभी से किया। डीएसपी एस मो याकूब ने कहा कि बकरीद के दिन पुलिस गश्त बढ़ा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न मस्जिदों पर पुलिस बल व अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डॉ अजय जायसवाल, कमल कुमार कौशल,राजेश मेहता, डॉ अनिमूल हक अंसारी, जितेन्द्र पासवान, आनंदी पासवान, सज्जू खान, मो शमीम, असरफ हसन सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### शांतिपूर्ण मनाये त्यौहार : थाना प्रभारी

मोहम्मदगंज। मुस्लिम समुदाय का बकरीद त्यौहार आज मनाया जाएगा। क्षेत्र स्थित मदरसा, ईदगाह और मस्जिद में आज 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। इस त्यौहार के मद्देनजर थाना पुलिस की तीन अलग अलग टीम ने गश्त बढ़ा दी है। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया और शरारती तत्व पर विशेष निगरानी है सभी नमाजी स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेगा। त्यौहार शांति पूर्वक मनाए, माहौल में गड़बड़ी के संकेत पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### जेएसएलपीएस ने बागवानी सखी के लिए आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम



रामगढ़ पलामू। प्रखंड के सभागार में जेएसएलपीएस द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी सखी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बागवानी सखियों को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना था। बीपीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत सभी पंचायतों में योजना का चयन किया गया है। बीपीएम सुमित कुमार ने बताया कि मनरेगा और जेएसएलपीएस के माध्यम से बागवानी योजना संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य आय के साधन विकसित करना, रोजगार उपलब्ध कराना और पर्यावरण अनुकूलता बढ़ाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एफटीसी सैन्यूल अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोजगार सेवक, सामुदायिक समन्वयक, एडमिन और बागवानी सखी आदि उपस्थित थे।

### सरकारी भवन पर कब्जा जमाये है पूरा परिवार

चैनपुर(पलामू)। चैनपुर प्रखंड ब्लॉक मुख्यालय के परिसर में बीडीओ व सीओ आवास से सटे प्रखंड सह अंचल विभाग के भूमि पर बने सरकारी आवासों पर कई वर्षों से लीलावती देवी पति अवधेश प्रसाद के द्वारा अवैध कब्जा किया गया हैं। ज्ञात हो कि जानकारी के अनुसार नए भवन का नवनिर्माण होने से सरकारी कर्मी नए भवन में शिफ्ट हो गए जिससे पुरानी भवन खाली रहने से लोगों ने अवैध कब्जा कर पूरे परिवार के साथ उस भवन में रहने का काम कर रहें हैं और इनका दूसरे कार्य के लिए सरकारी आवास से बाहर दुकान संचालित व प्रखंड कार्यालय का बिजली कनेक्शन से बैटरी टेम्पो चार्ज कर बिजली राशि का कर्ज तेजी से बनाया जा रहा हैं।

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के द्वारा ग्रामीणों के बीच पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# सामूहिक प्रयास से प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त किया जायेगा : हितेंद्र अवस्थी

>> ग्रामीणों एवं स्कूली छात्रों के बीच सौ नीम के पौधे का वितरण





खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर पलामू। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के द्वारा मनाए जा रहे विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत बेलचंपा स्थित प्रशिक्षण केंद्र परिसर में आसपास के ग्रामीणों के बीच पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेहला ग्रासिम के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने लोगों से इस वर्ष की थीम बिट प्लास्टिक पॉल्यूसन के तहत प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने विस्तृत तरीके से बताया कि किस तरह से हम अपने रोजमर्रा की आदतों में सुधार लाकर प्लास्टिक के प्रदूषण को धीरे-धीरे कम करके खत्म कर सकते हैं।

उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभाव एवं आमजन मानस को होनेवाली समस्याओं से सभी को अवगत कराया एवं पर्यावरण संरक्षण को एक मुहिम की तरह सभी की सहभागिता से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कहा प्लास्टिक से पर्यावरण असुरक्षित रहता है। साथ ही प्लास्टिक मानव जीवन के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण एवं स्कूली छात्रों के बीच पर्यावरण को शुद्ध करने वाले नीम के पौधों का वितरण किया गया तथा परिसर में 100 नीम के पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, पर्यावरण एवं क्वालिटी प्रमुख विक्रम मणी, जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, पर्यावरण विभाग के सौरभ धरवाड़, प्रदीप कुमार, सीएसआर के अनिल गिरि, बेलचंपा पंचायत के मुखिया सोनल पासवान, राजकीय मध्य विद्यालय सिदे खुर्द के शिक्षक उपेंद्र सिंह के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण पुरुष तथा महिलाएं उपस्थित थे।

# किन्नी ग्राम में 16 जून को मनेगा स्व अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्यतिथि





खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर(पलामू)। सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्यतिथि मनाने को लेकर शुक्रवार को कार्य-योजना बनाई गई। नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में विधायक आलोक चौरसिया ने अपने आवासीय परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की। प्रत्येक वर्ष की भांति 16 जून को शाहपुर-गढ़वा रोड में किन्नी गांव स्थित स्व अनिल चौरसिया की प्रतिमा के समक्ष पुण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। विधायक ने क्षेत्र की आम जनता को कार्यक्रम में भाग लेने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अपील की। बैठक में विधायक आलोक ने कहा कि कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के उपस्थिति में शोक सभा सह श्रद्धांजलि का कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेरे पिता ने अपने सामाजिक राजनीतिक जीवन में झारखंड बिहार में अलग पहचान बनाई। शोषित, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और आदिवासियों पर हो रहे शोषण के खिलाफ संघर्ष किया। मौके पर जिप सदस्य रामलव चौरसिया, विकास चौरसिया उर्फ संटू, भीष्म चौरसिया, अशेष चौरसिया, रामकरेश चौरसिया, सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा मौजूद थें।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरणविद ने वन वृक्षों पर बांधी राखियां

# बढ़ते प्रदूषण, गर्मी, जल संकट व जलवायु परिवर्तन को रोकने की दवा है पर्यावरण धर्म : डॉ कौशल



खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। छतरपुर अनुमंडल के केरकी कला के वनों में विश्व पर्यावरण दिवस के 53 वां और विश्व पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 49 वां स्थापना दिवस पर प्रकृति, पर्यावरण और प्राण बचाने के लिए वनों में प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें आसपास के करीब 20 गांव के सैकड़ो पर्यावरण प्रेमी शामिल थे। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने बतौर मुख्यातिथि कन्या पूजन और पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पक्षियों के भोजन के लिए बरगद का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट से निजात पाने के लिए किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत है। क्योंकि वृक्ष खेती को आकाल सुखाड़ का भय नहीं है। संचालन कर रहे सिंगर शिवनाथ सुरीला, अध्यक्ष कपिल देव सिंह, चराई मुखिया रविंद्र राम, मुरुम दाग उप मुखिया डोमन यादव, डाली के अफजाल अंसारी, सुचित कुमार, डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल के प्रतिनिधि, जुबेर अंसारी, संतोष जायसवाल, हरिराम, रामजी सिंह, नागेश्वर सिंह, श्याम बिहारी सिंह, कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, बनारसी देवी, पनपत्ति देवी, मुनिया देवी, गीता देवी ने वन राखी मूवमेंट से होने वाले वनों की सुरक्षा और

# केन्द्रीय कारा में जेल मैनुअल का पालन करते हुए सुनिश्चित करें सभी व्यवस्थाएं

## उपायुक्त की अध्यक्षता में केन्द्रीय कारा समिति की हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक हुई। डीसी के कार्यालय वेश्म में आयोजित इस बैठक में मेदिनीनगर केन्द्रीय कारा सुरक्षा से संबंधित एवं कारा में संसाधनों को बेहतर करने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ। डीसी ने मेदिनीनगर केन्द्रीय कारा में जेल मैनुअल के अनुरूप सुरक्षात्मक उपायों, मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य जांच, पेयजल, शौचालय, फायर सेफ्टी, फस्ट एड किट की व्यवस्था, कैदियों/बंदियों से मुलाकाती पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बंदियों के जीवन में सुधार हेतु आवश्यक सुविधाएं बेहतर करने का निर्देश दिया। कारा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कारा के सामने वाले मुख्य दीवार को और ऊंचा किए जाने एवं दीवार पर कटीले तार लगाए जाने का निर्णय लिया गया। स्थानीय थाना द्वारा कारा के वाह्य परिसर में गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया, ताकि आसपास भी निगरानी की जा सके। कारा में हॉस्पिटल भवन का एक सप्ताह में रिपेयर करने का निर्देश भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। बंदियों के नियमित स्वास्थ्य जांच को लेकर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कारा में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीसी ने महिला वार्ड में महिला बंदियों के लिए महिला स्वास्थ्यकर्मियों (एएनएम/ जीएनएम) की प्रतिनियुक्ति कर उनका स्वास्थ्य जांच करवाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेन, मेदिनीनगर केंद्रीय कारा के अधीक्षक भागीरथी कार्जी, जेलर आशीष कुमार, स्पेशल ब्रांच के डीएसपी दीपक कुमार, सिविल सर्जन अनिल सिंह, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में शराब दुकान की गुंडागर्दी चरम पर, प्रशासन भी नतमस्तक



निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा मांगने का विरोध करने पर ग्राहक की पिटाई, घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के जेपी चौक स्थित सरकारी शराब दुकान अनुग्यप्ति संख्या एफ एल एक्स 031 की सेल्समैन रिकू सिंह व धीरेंद्र सिंह के द्वारा शराब माफियाओं के साथ मिलकर एक ग्राहक को बर्बरता पूर्ण पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया हैं। मिली सूत्रों की जानकारी के अनुसार गुरुवार को रात्रि करीब 9 बजे कुरमी टोला निवासी उमेश पटेल पिता राजकुमार चौदरी शराब खरीदने हुसैनाबाद के जेपी चौक अनुग्यप्ति संख्या एफएल एक्स 031 दुकान पर गए थे जिसके बाद दुकान का सेल्स मैन ने निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा मांग लिया एवं पूछने पर कहा कि किसी से शिकायत करने से कोई फायदा नहीं है जिसके बाद तू तू मैं मैं हुआ और उक्त सेल्समैन ने छोटू कुमार सिंह व अन्य 10 से 15 शराब माफियाओं को बुलवाया। इसके बाद उक्त ग्राहक को अंदर बन्द कर बर्बरता पूर्ण पिटाई की। इस घटना के दुकानदार ने सेवम थाना को फोन कर बुलाया व उल्टा पुलिस से थाना भेजवा दिया। जिसके बाद आम अवाम में भारी आक्रोश देखा गया।

### आबकारी व स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर उठ रहे हैं सवाल

एक बात तो सपष्ट हो गया कि लगातार कई घटनाओं के बाद भी कोई करवाई नही होना जांच के नाम पर खाना पूर्ति करना स्थानीय प्रशासन व आबकारी विभाग दोनो की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित युवक को ही थाने ले जाने का काम किया। इससे आम लोगों में आक्रोश है और विश्वास टूटता नजर आ रहा है।

### क्या कहना हैं आबकारी विभाग व प्रशासन का

इस सबन्ध में उत्पाद विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संजीत देव ने बताया कि दोषी लोगो पर कार्रवाई होगी और मीडिया के सामने ऑन कैमरा में होगा, लेकिन यह सवाल हैं क्या ऐसा सचमुच होगा कि यह केवल जनता को मूर्ख बनाया जाएगा। इधर अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो व एसडीपीओ आइएस एस मोहम्मद याकूब ने भी कार्रवाई की बात कही।

### पूर्व में भी हुआ था गबन

ओवरचार्जिंग के कारण हैदरनगर बीस सूत्रीय अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह के साथ भी की इनलोगों ने बेरहमी से मारपीट किया था, इतना ही नही पूर्व में भी करीब 17 लाख रुपया का गबन किया गया हैं जिसका जांच अभी तय स्पष्ट नही हैं। आज पुनः पीड़ित की स्थिति खराब होने पर आक्रोशित थे स्थानीय लोग कार्रवाई नही करने पर लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## व्यवस्था में कमी नहीं, मैनेजमेंट की लापरवाही हुई उजागर : सिविल सर्जन डॉ अनिल



हुसैनाबाद पलामू। सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने व ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने पर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में ग्रामीणों के हंगामा मामले की जांच गुरुवार की देर शाम पलामू के सिविल सर्जन डा अनिल कुमार ने की। जॉच के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के स्टोर में अभी भी 13 ऑक्सीजन सिलेंडर भरा पड़ा है। जबकि अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में एंबुलेंस उपलब्ध थी। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन सिलेंडरों को शाम में निकाल कर रखना चाहिए था। मैनेजमेंट की लापरवाही की वजह मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं कराया जाना गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का अपने ही कर्मियों के साथ ताल मेल का अभाव सामने आया। एंबुलेंस की चाभी लेकर ड्राइवर बाहर चला गया। उन्होंने दोनो मामलों को गंभीर बताते हुए कहा है कि किसी के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषी लोगों को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ी तो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बिनेश राम की जगह अन्य चिकित्सक को दी जा सकती है। डॉ अनिल कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी के साथ साथ सभी आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। इच्छाशक्ति के अभाव की वजह लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पाई है। इसे गंभीरता से लिया गया है। जल्द ही व्यवस्था को दुरुस्त कर आम लोगों को सेवाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। सिविल सर्जन ने आम लोगों से भी बात की। उन्होंने सभी से जानकारी लेने के बाद कुछ ठोस निर्णय लिया है। जल्द ही निर्णय की जानकारी सभी को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद समेत जिले के किसी भी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में आम लोगों को उपलब्ध सेवाएं नहीं मिल पा रहीं हैं, तो वह सीधा उनसे मोबाइल नंबर 9431390128 पर शिकायत करें।

### शाहपुर में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर घर में घुसा, दो घायल



चैनपुर(पलामू)। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में अवैध रूप से बालू ढलाई करने वाले से लोग परेशान हैं। ट्रैक्टर के ड्राइवर नशे में धुत होकर काफी रफ्तार में ट्रैक्टर चलाते हैं और सड़क पर भी बालू गिराते हुए तेज गति से चलते हैं। कब किस वाहन में धक्का मार दे या किसी घर में घुस इसका कोई पता नहीं होता है। ऐसा ही मामला य गुरुवार की रात 11:30 बजे शाहपुर गढ़वा रोड स्थित स्वर्गीय परमानंद जायसवाल उर्फ मुन्नू के घर में अवैध बालू लदा हुआ ट्रैक्टर धक्का मार दिया। जिस घर का मुख्य दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया। घर में सो रहे स्व परमानंद की पत्नी नीतू देवी एवं उनकी बेटी खुशी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हल्ला गुल्ला होने पर आस पड़ोस के कई लोग जुट गए और नशे में धूत ड्राइवर को जमकर पिटाई कर दी। लोगों ने दोनों घायल महिलाओं को अस्पताल में इलाज के लिए भेजा एवं पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर चैनपुर पुलिस पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त करते हुए ड्राइवर को भीड़ से से निकाला। इधर ट्रैक्टर का मालिक द्वारा घायलों का इलाज के लिए समुचित व्यवस्था करने एवं घर मरम्मती की बात किया जा रहा है।

# धार्मिक कार्यों को करने से मिलती है मन को शांति : अभिषेक तिवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पुरानी रांची रोड में निर्जला एकादशी के अवसर पर आम जनमानस, मुसाफिरों के लिए शर्बत, फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी ने कहा कि धार्मिक, सामाजिक कार्य को करने से मन को शांति मिलती है। तिवारी ने कहा यह भीम ने ऋषि व्यास से मार्गदर्शन लिया कि कैसे वह सभी 24 एकादशियों के गुण प्राप्त कर सकते हैं, इसके कि उनकी अतृप्त भूख उन्हें हर एकादशियों पर उपवास रखने से रोकती थी। भीम की अस्पष्टता और स्थिति को समझते हुए ऋषि व्यास ने भीमसेन को निर्जला एकादशी व्रत का सुझाव दिया। जो आज तक चला आ रहा है काफी लोगों ने फल एवं शरबत का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शशिकांत तिवारी, सतीश तिवारी, मणि तिवारी, चंचल तिवारी, ताराचंद पांडेय, सुभाष तिवारी, बलराम प्रसाद समेत कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज का हुआ उदघाटन

ग्राहकों को उचित मूल्य पर मिलेगी मकान बनाने की सामग्री : दीपक तिवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी ने विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज का उदघाटन फीता काटकर किया। रांची रोड स्थित ठाकुरबारी मंदिर के समीप विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज में ग्राहकों को छड़/रॉड, सीमेंट, चालान युक्त बालू, गिट्टी सहित मकान बनाने की अन्य सामग्री मिलेगी। मौके पर तिवारी ने कहा कि विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर पंकज तिवारी द्वारा ग्राहकों को मकान बनाने हेतु उचित मूल्य पर ब्रांडेड कंपनियों के छड़/रॉड, सीमेंट आदि की बिक्री की जा रही है। इस दुकान को खुलने से क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। उन्हें नजदीक में ही मकान बनाने की सामग्री मिल जायेगी, इससे परिवहन की राशि में भी बचत होगी। यहां गुणवत्तापूर्ण सामग्री दिये जा रहे हैं। पंकज तिवारी ने बताया कि यहां ग्राहकों की सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। मौके पर आशीष गुप्ता, राकेश तिवारी, विकास तिवारी, अभिनव प्रसाद, सुशील तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पलामू के किसान खेती की तैयारी में जुटे, मगर सरकारी सहायता और निजी दुकानदारों की वसूली बनी चुनौती



सुधीर यादव

मनातू (पलामू)। जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र में किसान अपनी खेती को समृद्ध करने और अधिक उपज प्राप्त करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और मध्यम वर्ग के किसान खेतों की साफ-सफाई, जुताई और बीज छिड़काव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में जुटे हुए हैं। इस वर्ष मानसून के समय पर और पर्याप्त बारिश होने की उम्मीद ने किसानों के बीच उत्साह जगाया है। यदि मौसम ने साथ दिया, तो इस बार फसल की पैदावार में वृद्धि हो सकती है, जो किसानों के लिए आर्थिक समृद्धि का कारण बन सकती है। लेकिन, इस उम्मीद के बीच कई चुनौतियाँ भी सामने आ रही हैं, जिनमें सरकारी सहायता की कमी और निजी दुकानदारों द्वारा अधिक कीमत वसूलने के आरोप शामिल हैं। मनातू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-बाड़ी स्थानीय समुदाय की आजीविका का प्रमुख स्रोत है। सबसे बड़ी शिकायत यह है कि सरकार की ओर से अभी तक बीज या अन्य कृषि संसाधनों की कोई सहायता नहीं मिली है। किसानों का कहना है कि सरकारी योजनाएँ और सब्सिडी केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं, और जमीनी स्तर पर उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता। बीज, उर्वरक और अन्य जरूरी सामग्री के लिए किसानों को निजी दुकानदारों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ निजी दुकानदार किसानों से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। किसानों का आरोप है कि बाजार में बीज और उर्वरकों की कीमतें जरूरत से ज्यादा बढ़ा दी गई हैं, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। इसके अलावा, कई किसानों ने बताया कि निजी दुकानदार नकली या कम गुणवत्ता वाले बीज बेच रहे हैं, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन पर असर पड़ सकता है। यह स्थिति गरीब और छोटे किसानों के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है, जो पहले से ही सीमित संसाधनों के साथ खेती कर रहे हैं। किसानों ने माँग की है कि सरकार न केवल समय पर बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए, बल्कि निजी दुकानदारों की मनमानी पर भी लगाम लगाए। स्थानीय प्रशासन और सरकार से किसानों की अपेक्षा है कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। कुल मिलाकर, पलामू के मनातू प्रखंड के किसान अपनी मेहनत और लगन से खेती को आगे बढ़ाने में जुटे हैं।

यदि मौसम व सरकारी सहायता ने उनका साथ दिया, तो इस क्षेत्र में कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल सकती है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि सरकार किसानों की जरूरतों को समझे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करे।

# पलामू जिला के गृहरक्षकों की बैठक आयोजित रामलाल सिंह बनें अध्यक्ष



अजीत दुबे

मेदिनीनगर। पलामू जिला स्थित एमपी भवन में पलामू जिला के गृह रक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता धनंजय कुमार पाल ने की और संचालन अनिल यादव ने किया। बैठक में जवानों ने सर्व समिति से रामलाल सिंह चेरो को अध्यक्ष बनाया। बैठक में रामलाल सिंह चेरो ने बताया कि मैं अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करूंगा एवं जवानों के बीच हो रहे भेदभाव को दूर करने एवं समस्या समाधान करने का प्रयास करेंगे। गृह रक्षकों की बैठक दिन रविवार को समय 11:00 से बुलाई गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वव्यवस्था प्रमुख पवन कुमार बैठा एवं अनिल यादव को मनोनीत किया गया है। पलामू जिला के जवानों से अपील किया है कि आप सभी दिन रविवार को पलामू जिला स्थित एमपी भवन में एमपी भवन में अपना उपस्थित एवं मंतव्य दें ताकि पलामू जिला के जवानों को सुविधा मुहैया कराने में एवं उनकी समस्या निदान करने में आसानी हो। बैठक में जवान अनिल यादव, धनंजय पाल, शिवम तिवारी, विशाल चौधरी, कुमार सौरभ, रोशन तिवारी, दीपक तिवारी आदि लोग शामिल थे।

### जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और पीएम व जनमन के क्रियान्वयन को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# योजनाओं का लाभ सभी को समय पर मिले

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीसी दिनेश कुमार यादव व अन्य अधिकारी।

**गढ़वा।** जिले में धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के सफल क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिए डीसी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की गई। बैठक में जिले और प्रखंड स्तर के सभी अधिकारियों को इन योजनाओं की जानकारी दी गई और पूर्व में हुई बैठकों के एजेंडों की समीक्षा की गई।

मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि डीए व जेजीयूए झारखंड के 24 जिलों के 7139 गांवों के लगभग 50 लाख जनजातीय लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए है। गढ़वा जिले के 15 प्रखंडों के 113 गांवों के 18,522 परिवारों के 96,724 लोग इस अभियान के तहत कवर किए जाएंगे।

चयनित गांवों में 500 से अधिक आबादी और 50 प्रतिषत से ज्यादा अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अगले 5 वर्षों में 17 मंत्रालयों की 25 से अधिक योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, मोबाइल कनेक्टिविटी, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड, आंगनबाड़ी केंद्र, समग्र शिक्षा अभियान, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, ट्राइबल मार्केटिंग सेंटर, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि का लाभ सैचुरेषन मोड में दिया जाएगा। जिला और प्रखंड स्तरीय समितियां इन योजनाओं की मॉनिटरिंग करेंगी। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि प्रस्ताव तैयार कर राज्य मुख्यालय भेजें और जिला स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग परियोजना निदेशक आईटीडीए द्वारा किया जाएगा। डाटा एंट्री के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को नोडल बनाया गया है। बैठक में कल्याण विभाग की अन्य योजनाओं जैसे प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी समीक्षा की गई। डीसी ने निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ सभी को शत प्रतिशत समय पर मिले और राजस्व संग्रहण में भी तेजी लाई जाए। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्पना कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगोपाल पांडेय समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्या



गढ़वा। डीसी दिनेश कुमार यादव ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। डीसी ने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिया। जनता दरबार में रमना प्रखंड के अर्जुन कुमार यादव ने एनएच-75 के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा न मिलने की शिकायत की। जिस पर डीसी ने भू-अर्जन पदाधिकारी को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं भवनाथपुर की सरिता देवी ने योजना का लाभ न मिलने की बात कही। डीसी ने संबंधित अधिकारी को लाभ दिलाने का निर्देश दिया। मझिआंव की सविता ने चयन के बावजूद योगदान न होने की शिकायत की। जिस पर डीसी ने शीघ्र योगदान सुनिश्चित करने को कहा। रंका के संतोष राम ने सरना स्थल निर्माण में बाल श्रम और घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत की।

# बकरीद के मद्देनजर शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन का फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**


फ्लैग मार्च में एसडीएम, एसडीपीओ व अन्य।

**गढ़वा।** शहर में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से गुरुवार शाम को एक व्यापक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च का नेतृत्व सदर एसडीएम संजय कुमार और एसडीपीओ नीरज कुमार ने किया। जिसमें प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, थाना प्रभारी बृज कुमार, पुलिस नियंत्रण कक्ष प्रभारी संतोष कुमार सहित काफी संख्या में पुलिस बल शामिल था। फ्लैग मार्च गढ़वा थाना परिसर से प्रारंभ होकर रंका मोड़, मैन रोड, मझिआंव मोड़, उंचरी मस्जिद, रेलवे क्रॉसिंग, बस स्टैंड जैसे प्रमुख इलाकों से गुजरते हुए पुनः थाना परिसर में समाप्त हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें त्योहार के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। मौके पर एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। एसडीपीओ नीरज कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी अपुष्ट या भ्रामक सूचना को साझा करने से बचें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। इसके अतिरिक्त, अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारियों को पर्व के दिन अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### गंगा दशहरा और गायत्री जयंती पर आयोजित गंगा आरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



मझिआंव। प्रखंड अंतर्गत कोयल नदी के टंकी घाट पर गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी साधु बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र भर से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां गंगा एवं मां गायत्री की पूजा-अर्चना में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से हुई। मुख्य यजमान के रूप में देवमुनि विश्वकर्मा व उनकी पत्नी फुलझरी देवी ने पूजा की शुरूआत की। कर्मकांड का संचालन गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। संध्या समय जैसे ही आरती आरंभ हुई, दीपों की जगमगाहट और घंटियों की गूंज से घाट का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर मां गंगा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जिला ट्रस्टी व केंद्रीय टोली सदस्य अच्युतानंद तिवारी ने युग निर्माण योजना और पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों पर प्रकाश डाला। सभी ने उनके मार्गदर्शन में समाज निर्माण का संकल्प लिया। मौके पर वीरेंद्र सोनी, सुनीता चौरसिया, आनंद विश्वकर्मा, सुदेश्वर शर्मा, विजय साहू, शोभा जायसवाल, रिंकी देवी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### लक्ष्मण यादव बने विधायक प्रतिनिधि



धुरकी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित जनप्रतिनिधि कक्ष में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने लक्ष्मण यादव को क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव का विधायक प्रतिनिधि घोषित किया। इस घोषणा के साथ ही धुरकी क्षेत्र में पार्टी संगठन को और मजबूत करने तथा जनता की समस्याओं को सीधे विधायक तक पहुंचाने की दिशा में एक नई शुरूआत मानी जा रही है। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने लक्ष्मण यादव को फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अब विधायक प्रतिनिधि के तौर पर लक्ष्मण यादव सभी सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की निगरानी करेंगे, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी। जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि धुरकी में लगातार मिल रही भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर विधायक गंभीर हैं। मौके पर झामुमो के प्रखंड सचिव कृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष शैलेश यादव, उपप्रमुख धर्मेंद्र यादव, कमलेश सिंह गोड़, अशोक यादव, नरेश यादव, कलाम अंसारी, रामजीवन यादव, विमल सिंह, दस्तगीर अंसारी, रामगती यादव, नरेश गोड़ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एकल परिवार ने किया पौधरोपण व गंगा आरती




रमना। प्रखंड के मड़वनिया पंचायत स्थित सुखड़ा शिव मंदिर परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकल परिवार अंचल रमना की ओर से पौधरोपण सह गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्यों, शिष्यों एवं संच समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से अशोक का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर संच प्रमुख अर्जुन चौधरी ने कहा कि आज तेजी से पेड़ों की कटाई हो रही है, जिससे पर्यावरण असंतुलित हो गया है। जीवन के लिए पेड़ आवश्यक हैं। त्यागी उमाकांत ने कहा कि पेड़ प्रकृति का वरदान हैं और इनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। मौके पर एकल आचार्य प्रतिमा देवी, विमला देवी, संजू देवी, खुशबू देवी, गोपाल साह, अभिमन्यु, साक्षी कुमारी, कात्यायनी कुमारी, अंजली कुमारी, आयुष कुमार, करिश्मा कुमारी, पियांशु कुमारी, निर्मला कुमारी, सोनू कुमार, राहुल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बीआरसी में एक दिवसीय प्रशिक्षण



रमना। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शुक्रवार को बीआरसी रमना में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विद्यालय स्तर पर योग दिवस की तैयारी, छात्र-छात्राओं की सहभागिता और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ सुनीता कुजूर ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने विद्यालयों में योग की तैयारी अभी से शुरू करें ताकि योग दिवस पर बेहतर प्रदर्शन हो सके। इस बार प्रखंड के छह विद्यालयों को योग कार्यक्रम में शामिल किया गया है। मध्य विद्यालय परसवान, उच्च विद्यालय भागोडीह, मध्य विद्यालय सिलीदाग-1 व 2, मध्य विद्यालय चुंदी और मध्य विद्यालय गम्हरिया। इन विद्यालयों के छात्र-छात्राएं 21 जून के कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर भी चर्चा हुई। शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे प्रतिभागी बच्चों की सूची 12 जून तक बीआरसी में जमा करें। मौके पर विमल पटेल, मनोज कुजूर, मो मंजूर आलम, राजीव कुमार, रामप्रसाद चौधरी, अन्य राम, सुबोध कर्ण, शहनाज अंसारी, संदीप सिंह, मनोज सिंह, रमेश राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पशु टीकाकरण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक



मझिआंव। प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल पशु चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार को एफएमडी और एलएसडी टीकाकरण अभियान की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार यादव ने की। डॉ यादव ने सभी टीका कर्मियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर टीकाकरण कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर टीकाकरण कार्य पूरा करना अनिवार्य है, अन्यथा उच्च अधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार 19 जून से 17 जुलाई तक खुरपका-मुंहपका और लंपी स्किन डिजीज जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए नि:शुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में मैत्री कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया है। डॉ यादव ने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। बैठक में कर्मी अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, साहिल कुमार सिंह, पटेल कुश कुमार, यशवंत दूबे, विकास पाण्डेय, अविनाश कुमार, विशाल कुमार, कपिल देव शर्मा, रोहित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


## समाहरणालय, लातेहार
## (भू–अर्जन शाखा)

**परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन** के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–165 दिनांक–23.04.2025 के द्वारा M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 को S.I.A.(Social Impact Assessment) हेतु कार्यादेश निर्गत किया गया। ग्राम–भैसादोन में अधिग्रहित भूमि का रकबा–**277.56** एकड़ है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक नं | ग्राम का नाम | थाना नं | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी रकबा | | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | | खतियानी रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | एकड़ में | हेक्टेयर में | एकड़ में | हेक्टेयर में | |
| 344 | भैसादोन | 213 | 65 | 84/1170P | टांड़ एक | 0.20 | 0.081 | 0.12 | 0.049 | रामसहाय महतो पिता – चमरू महतो |
| 345 | भैसादोन | 213 | 65 | 199 | धान दो | 2.14 | 0.866 | 2.14 | 0.866 | |
| 346 | भैसादोन | 213 | 65 | 336 | मकान मय शहन 4 | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 347 | भैसादोन | 213 | 65 | 335 | टांड़ एक | 3.92 | 1.586 | 3.92 | 1.586 | |
| 348 | भैसादोन | 213 | 65 | 422 | धान एक | 1.21 | 0.490 | 1.21 | 0.490 | |
| 349 | भैसादोन | 213 | 65 | 530 | धान एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 350 | भैसादोन | 213 | 65 | 537 | धान एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 351 | भैसादोन | 213 | 65 | 644 | धान एक | 0.51 | 0.206 | 0.51 | 0.206 | |
| 352 | भैसादोन | 213 | 65 | 772 | टांड़ एक | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 353 | भैसादोन | 213 | 48 | 55 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | भागवत महतो, भैरव महतो, महादेव महतो, पिता – लेधि महतो |
| 354 | भैसादोन | 213 | 48 | 56 | टांड़ एक | 0.48 | 0.194 | 0.48 | 0.194 | |
| 355 | भैसादोन | 213 | 48 | 57 | टांड़ एक | 0.29 | 0.117 | 0.29 | 0.117 | |
| 356 | भैसादोन | 213 | 48 | 58 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 357 | भैसादोन | 213 | 48 | 201 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 358 | भैसादोन | 213 | 48 | 202 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 359 | भैसादोन | 213 | 48 | 203 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 360 | भैसादोन | 213 | 48 | 204 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 361 | भैसादोन | 213 | 48 | 205 | टांड़ एक | 0.37 | 0.150 | 0.37 | 0.150 | |
| 362 | भैसादोन | 213 | 48 | 215 | टांड़ एक | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 363 | भैसादोन | 213 | 48 | 216 | टांड़ एक | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 364 | भैसादोन | 213 | 48 | 217 | टांड़ एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 365 | भैसादोन | 213 | 48 | 219 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 366 | भैसादोन | 213 | 48 | 220 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 367 | भैसादोन | 213 | 48 | 221 | मकान | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 368 | भैसादोन | 213 | 48 | 223 | टांड़ एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 369 | भैसादोन | 213 | 48 | 222 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 370 | भैसादोन | 213 | 48 | 224 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 371 | भैसादोन | 213 | 48 | 225 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | भागवत महतो, भैरव महतो, महादेव महतो, पिता – लेधि महतो |
| 372 | भैसादोन | 213 | 48 | 227 | टांड़ एक | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 373 | भैसादोन | 213 | 48 | 236 | टांड़ एक | 0.77 | 0.312 | 0.77 | 0.312 | |
| 374 | भैसादोन | 213 | 48 | 238 | टांड़ एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 375 | भैसादोन | 213 | 48 | 239 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 376 | भैसादोन | 213 | 48 | 240 | टांड़ एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 377 | भैसादोन | 213 | 48 | 241 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 378 | भैसादोन | 213 | 48 | 242 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 379 | भैसादोन | 213 | 48 | 243 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 380 | भैसादोन | 213 | 48 | 463 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 381 | भैसादोन | 213 | 48 | 468 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 382 | भैसादोन | 213 | 48 | 565 | धान एक | 0.17 | 0.069 | 0.17 | 0.069 | |
| 383 | भैसादोन | 213 | 48 | 569 | धान एक | 0.27 | 0.109 | 0.27 | 0.109 | |
| 384 | भैसादोन | 213 | 48 | 1088 | टांड़ एक | 0.44 | 0.178 | 0.44 | 0.178 | |
| 385 | भैसादोन | 213 | 48 | 1089 | टांड़ एक | 0.29 | 0.117 | 0.29 | 0.117 | |
| 386 | भैसादोन | 213 | 48 | 1090 | टांड़ एक | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 387 | भैसादोन | 213 | 48 | 1045 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 388 | भैसादोन | 213 | 48 | 1047 | टांड़ एक | 1.19 | 0.482 | 1.19 | 0.482 | |
| 389 | भैसादोन | 213 | 48 | 1048 | टांड़ एक | 0.67 | 0.271 | 0.67 | 0.271 | |
| 390 | भैसादोन | 213 | 48 | 1049 | टांड़ एक | 0.72 | 0.291 | 0.72 | 0.291 | |
| 391 | भैसादोन | 213 | 48 | 1050 | टांड़ एक | 0.47 | 0.190 | 0.47 | 0.190 | |
| 392 | भैसादोन | 213 | 50 | 284 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | गिरधारी महतो, शिवदयाल महतो, पिता – भूखी महतो और भालू महतो, अंतु महतो, पिता – भुइयां महतो और मोसमात कबूतरी कुंवारी, पति–धीरजू महतो औरबिरजू महतो, पिता–पलटू महतो औरबासा महतो, मुकल महतो, सरजू महतो, पिता – धिरजू महतो |
| 393 | भैसादोन | 213 | 50 | 285 | टांड़ एक | 0.50 | 0.202 | 0.50 | 0.202 | |
| 394 | भैसादोन | 213 | 50 | 319 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 395 | भैसादोन | 213 | 50 | 321 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 396 | भैसादोन | 213 | 50 | 326 | टांड़ एक | 0.94 | 0.380 | 0.94 | 0.380 | |
| 397 | भैसादोन | 213 | 50 | 331 | टांड़ एक | 0.50 | 0.202 | 0.50 | 0.202 | |
| 398 | भैसादोन | 213 | 50 | 332 | टांड़ एक | 1.07 | 0.433 | 1.07 | 0.433 | |
| 399 | भैसादोन | 213 | 50 | 424 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 400 | भैसादोन | 213 | 50 | 426 | टांड़ एक | 0.17 | 0.069 | 0.17 | 0.069 | |
| 401 | भैसादोन | 213 | 50 | 774 | टांड़ एक | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 402 | भैसादोन | 213 | 50 | 779 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 403 | भैसादोन | 213 | 50 | 796 | टांड़ एक | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 404 | भैसादोन | 213 | 50 | 820 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 405 | भैसादोन | 213 | 50 | 844 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 406 | भैसादोन | 213 | 50 | 845 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 407 | भैसादोन | 213 | 49 | 467 | टांड़ एक | 0.61 | 0.247 | 0.61 | 0.247 | ढकनी देवी वो पतोईया देवी, पिता – लेढ़ी महतो भागवत महतो वो भैरव महतो वो महादेव महतो, पिता – लेढ़ी महतो |
| 408 | भैसादोन | 213 | 49 | 538 | धान एक | 0.29 | 0.117 | 0.29 | 0.117 | |
| 409 | भैसादोन | 213 | 49 | 541/1176 | टांड़ एक | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | |
| 410 | भैसादोन | 213 | 49 | 550 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 411 | भैसादोन | 213 | 49 | 556 | धान एक | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 412 | भैसादोन | 213 | 49 | 581 | धान एक | 1.28 | 0.518 | 1.28 | 0.518 | |
| 413 | भैसादोन | 213 | 49 | 605 | धान एक | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 414 | भैसादोन | 213 | 49 | 609 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 415 | भैसादोन | 213 | 49 | 611 | धान एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 416 | भैसादोन | 213 | 49 | 639 | धान एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 417 | भैसादोन | 213 | 49 | 641 | धान एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 418 | भैसादोन | 213 | 49 | 667 | धान एक | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 419 | भैसादोन | 213 | 49 | 674 | धान एक | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 420 | भैसादोन | 213 | 49 | 676 | धान एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 421 | भैसादोन | 213 | 49 | 683 | टांड़ एक | 0.55 | 0.223 | 0.55 | 0.223 | |
| 422 | भैसादोन | 213 | 49 | 684 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 423 | भैसादोन | 213 | 49 | 688 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 424 | भैसादोन | 213 | 49 | 694 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 425 | भैसादोन | 213 | 49 | 706 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 426 | भैसादोन | 213 | 49 | 710 | धान एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 427 | भैसादोन | 213 | 49 | 711 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 428 | भैसादोन | 213 | 49 | 712 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 429 | भैसादोन | 213 | 49 | 724 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 430 | भैसादोन | 213 | 49 | 725 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 431 | भैसादोन | 213 | 49 | 726 | टांड़ एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 432 | भैसादोन | 213 | 49 | 727 | टांड़ एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 433 | भैसादोन | 213 | 49 | 728 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 434 | भैसादोन | 213 | 49 | 729 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 435 | भैसादोन | 213 | 49 | 732 | मकान मय शहन | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 436 | भैसादोन | 213 | 49 | 731 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 437 | भैसादोन | 213 | 49 | 733 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 438 | भैसादोन | 213 | 49 | 737 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 439 | भैसादोन | 213 | 49 | 915 | टांड़ एक | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 440 | भैसादोन | 213 | 49 | 908 | टांड़ एक | 2.15 | 0.870 | 2.15 | 0.870 | |
| 441 | भैसादोन | 213 | 49 | 911 | टांड़ एक | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 442 | भैसादोन | 213 | 49 | 972 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 443 | भैसादोन | 213 | 49 | 974 | टांड़ एक | 1.35 | 0.546 | 1.35 | 0.546 | |
| 444 | भैसादोन | 213 | 49 | 978 | टांड़ एक | 1.43 | 0.579 | 1.43 | 0.579 | |
| 445 | भैसादोन | 213 | 49 | 983 | टांड़ एक | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 446 | भैसादोन | 213 | 49 | 999 | टांड़ एक परती एक साल | 2.30 | 0.931 | 2.30 | 0.931 | |
| 447 | भैसादोन | 213 | 49 | 1006 | धान दो | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 448 | भैसादोन | 213 | 49 | 1007 | धान दो | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 449 | भैसादोन | 213 | 49 | 1008 | धान दो | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 450 | भैसादोन | 213 | 49 | 1015 | टांड़ एक | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 451 | भैसादोन | 213 | 49 | 1023 | धान दो | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 452 | भैसादोन | 213 | 49 | 1026 | धान दो | 2.00 | 0.809 | 2.00 | 0.809 | |
| 453 | भैसादोन | 213 | 49 | 1064 | धान दो | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 454 | भैसादोन | 213 | 49 | 1065 | धान दो | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | ढकनी देवी वो पतोईया देवी, पिता – लेढ़ी महतो भागवत महतो वो भैरव महतो वो महादेव महतो पिता – लेढ़ी महतो |
| 455 | भैसादोन | 213 | 49 | 1071 | धान दो | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | |
| 456 | भैसादोन | 213 | 49 | 1076 | टांड़ एक परती एक साल | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 457 | भैसादोन | 213 | 49 | 1086 | टांड़ एक | 0.42 | 0.170 | 0.42 | 0.170 | |
| 458 | भैसादोन | 213 | 57 | 26 | टांड़ एक | 1.68 | 0.680 | 1.68 | 0.680 | मुदूरा भुईया बकुआ भुइयां, पिता – मंगला भुईया वो बिरची भुईया वो गेन्दा भुइयां वो चमना भुइयां वो भुलना भुइयां, पिता – बदुरा भुईया |
| 459 | भैसादोन | 213 | 67 | 1138P | गढा | 0.03 | 0.012 | 0.02 | 0.008 | गुदरा पाहन, पिता–बुधराम पाहन और रिझवा पाहन, पिता–गंदवारा पाहन |
| 460 | भैसादोन | 213 | 67 | 1137P | टांड़ एक परती एक साल | 2.48 | 1.004 | 0.32 | 0.130 | |
| 461 | भैसादोन | 213 | 70 | 741 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | लेदा महतो पिता – मेघराज महतो |
| 462 | भैसादोन | 213 | 70 | 742 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 463 | भैसादोन | 213 | 55 | 183 | धान दो | 3.61 | 1.461 | 3.61 | 1.461 | चितामन महतो, पिता – सीतान महतो और मिट्ठू महतो, दशाई महतो, पिता – बुटन महतो |
| 464 | भैसादोन | 213 | 55 | 229 | मकान मय शहन | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 465 | भैसादोन | 213 | 55 | 230 | मकान मय शहन | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 466 | भैसादोन | 213 | 55 | 234 | टांड़ एक | 3.08 | 1.246 | 3.08 | 1.246 | |
| 467 | भैसादोन | 213 | 55 | 557 | टांड़ एक | 1.03 | 0.417 | 1.03 | 0.417 | |
| 468 | भैसादोन | 213 | 55 | 612 | धान एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 469 | भैसादोन | 213 | 55 | 619 | धान एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 470 | भैसादोन | 213 | 55 | 627 | धान एक | 1.52 | 0.615 | 1.52 | 0.615 | |
| 471 | भैसादोन | 213 | 55 | 630 | धान एक | 0.76 | 0.308 | 0.76 | 0.308 | |
| 472 | भैसादोन | 213 | 55 | 671 | धान एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 473 | भैसादोन | 213 | 55 | 717 | टांड़ एक | 0.64 | 0.259 | 0.64 | 0.259 | |
| 474 | भैसादोन | 213 | 55 | 719 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 475 | भैसादोन | 213 | 55 | 744 | टांड़ एक | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 476 | भैसादोन | 213 | 55 | 745 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 477 | भैसादोन | 213 | 55 | 749 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 478 | भैसादोन | 213 | 55 | 750 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 479 | भैसादोन | 213 | 55 | 751 | मकान मय शहन | 0.09 | 0.036 | 0.09 | 0.036 | |
| 480 | भैसादोन | 213 | 55 | 913 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 481 | भैसादोन | 213 | 55 | 986 | टांड़ एक | 1.34 | 0.542 | 1.34 | 0.542 | |
| 482 | भैसादोन | 213 | 58 | 65 | मकान मय शहन 4 | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | मुतरा भुइयां, बकुआ भुइयां, पिता – मंगला भुइयां और मुसमात मूर्ति, पति – जोगना भुईया औरराजमनिया कुमारी, तरोइया कुमारी, लगनी कुमारी, पिता–जोगना भुइया, और बिराची भुइया, शोमदा भुइयां, चमना भुइयां, मुलना भुइयां, पिता – बहुरा भुइयां |
| 483 | भैसादोन | 213 | 58 | 66 | टांड़ एक | 0.80 | 0.324 | 0.80 | 0.324 | |
| 484 | भैसादोन | 213 | 58 | 67 | टांड़ एक | 1.09 | 0.441 | 1.09 | 0.441 | |
| 485 | भैसादोन | 213 | 58 | 297 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 486 | भैसादोन | 213 | 58 | 342 | टांड़ एक | 0.51 | 0.210 | 0.51 | 0.210 | |
| 487 | भैसादोन | 213 | 58 | 450 | टांड़ एक | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 488 | भैसादोन | 213 | 58 | 850 | टांड़ एक | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 489 | भैसादोन | 213 | 58 | 849 | टांड़ एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 490 | भैसादोन | 213 | 58 | 851 | धान दो | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 491 | भैसादोन | 213 | 58 | 852 | धान दो | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 492 | भैसादोन | 213 | 58 | 854 | टांड़ एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 493 | भैसादोन | 213 | 58 | 855 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 494 | भैसादोन | 213 | 59 | 81P | टांड़ एक | 0.54 | 0.219 | 0.49 | 0.198 | रघुनाथ महतो पिता – मेघराज महतो |
| 495 | भैसादोन | 213 | 59 | 82 | टांड़ एक | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | |
| 496 | भैसादोन | 213 | 59 | 121 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 497 | भैसादोन | 213 | 59 | 123 | टांड़ एक | 0.69 | 0.279 | 0.69 | 0.279 | |
| 498 | भैसादोन | 213 | 59 | 151 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 499 | भैसादोन | 213 | 59 | 152 | धान एक | 0.46 | 0.186 | 0.46 | 0.186 | |
| 500 | भैसादोन | 213 | 59 | 155 | धान एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 501 | भैसादोन | 213 | 59 | 167 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 502 | भैसादोन | 213 | 59 | 347 | टांड़ एक | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 503 | भैसादोन | 213 | 59 | 351 | टांड़ एक | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 504 | भैसादोन | 213 | 59 | 418 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 505 | भैसादोन | 213 | 59 | 340 | टांड़ एक | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 506 | भैसादोन | 213 | 59 | 439 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 507 | भैसादोन | 213 | 59 | 444 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 508 | भैसादोन | 213 | 59 | 457 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 509 | भैसादोन | 213 | 59 | 510 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 510 | भैसादोन | 213 | 59 | 513 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 511 | भैसादोन | 213 | 59 | 515 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 512 | भैसादोन | 213 | 59 | 526 | धान एक | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 513 | भैसादोन | 213 | 59 | 859 | टांड़ एक | 1.24 | 0.502 | 1.24 | 0.502 | |
| 514 | भैसादोन | 213 | 61 | 263 | धान दो | 0.54 | 0.219 | 0.54 | 0.219 | रतनी कुँवर पिता – धनेश्वर महतो |
| 515 | भैसादोन | 213 | 61 | 290 | टांड़ एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 516 | भैसादोन | 213 | 61 | 388 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 517 | भैसादोन | 213 | 61 | 391 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 518 | भैसादोन | 213 | 61 | 401 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 519 | भैसादोन | 213 | 61 | 876 | टांड़ एक | 0.54 | 0.219 | 0.54 | 0.219 | |
| 520 | भैसादोन | 213 | 61 | 923 | धान दो | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,लातेहार

PR 354430 (Land Reforms)25-26*D

# साक्षरता से बदलाव

देश में 2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़ों से यह उजागर होता है कि सार्वभौमिक साक्षरता कई असमानताओं से भी बाधित है। खासतौर पर यह भेद लिंग और क्षेत्रीय आधार पर नजर आता है। उदाहरण के लिए देखें तो शहरी क्षेत्रों में साक्षरता की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जिसका मुख्य कारण शहर केंद्रित विकास को तरजीह व शिक्षा के लिये अनुकूल परिस्थितियों का होना भी है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी भारत में साक्षरता की दर 88.9 है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह 77.5 फीसदी ही हो पायी है। निश्चित रूप से विभिन्न राज्यों में प्रतिध्वनित यह शहरी व ग्रामीण साक्षरता का अंतर शिक्षा के बुनियादी ढांचे, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और सीखने के अवसरों में असमानता को ही दशार्ता है। कमोबेश इसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में लैंगिक असमानताएं भी नजर आती हैं। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्कूलों की दूरी और आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न हो पाना भी महिला शिक्षा के प्रतिशत में गिरावट का कारक बनती है। लक्षद्वीप, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के परिणाम दशार्ते हैं कि जब शासन की सक्रियता, लोगों की पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव एक साथ आते हैं तो कुछ भी संभव है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों से जूझते व सामाजिक व आर्थिक सुधारों को अमल में न ला सकने वाले सबसे कम साक्षरता दर वाले बिहार की स्थिति गरीबी,अपर्याप्त स्कूली शिक्षा, सांस्कृतिक कारकों व शिक्षा की राह में बाधा डालने वाली सामाजिक बाधाओं के जटिल अंतसंबंध को रेखांकित करती है। प्रश्न यह भी है कि हम किस तरह की साक्षरता विकसित कर रहे हैं? क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की है कि वो लोगों के जीवन में व्यापक बदलावों का कारक बन सके?

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारतीय सैन्य रणनीति की जरूरत है थियेटर कमान



**अन्ततः** भारत ने सैन्य क्षेत्र में थियेटर कमान की स्थापना और थियेटर कमांडर की नियुक्ति करने का महत्वपूर्ण निर्णय ले लिया। ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के बाद रक्षा बजट में वृद्धि के प्रस्ताव और पांचवीं पीढ़ी के आक्रामक गहराई से भेदने वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमान 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट' परियोजना को मंजूरी देने के साथ यह एक सामयिक सामरिक निर्णय है। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और भारत की सीमाओं के पास पसरे शत्रुओं के अतीत और इरादों को देखते हुए यह कदम पहले ही उठाने की जरूरत थी। सरकार ने डेढ़ वर्ष से लंबित थियेटर कमान के गठन की जमीनी तैयारियों का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। केंद्र ने अंतर सेवा संगठन अधिनियम (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) यानी (इंटर सर्विसेज ऑर्गेनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिप्लिन एक्ट 2023)) बुधवार को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया। यह थियेटर कमान के गठन का प्रथम चरण है।

जाहिर है,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने अपनी रक्षा तैयारियों को और मजबूती प्रदान करनी शुरू कर दी है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने सेनाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए ?थियेटर कमान के गठन का निर्णय पहले कर लिया था। इसके तहत भारतीय सशस्त्र सेनाओं की तीनों सेवाओं की ऐसी कमानें गठित होंगी, जिसमें थल,नभ,जल सेना सहित अर्धसैनिक बलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह लंबे समय से प्रतीक्षित सामरिक महत्व का सुधार है जो भविष्य के युद्धों को लड़ने के लिए सैन्य संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए है। संसद से 2023 को पारित इस अधिनियम को इसी 27 मई को सरकार ने भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य एक निश्चित भौगोलिक इकाई में सेना के तीनों अंगों के एक समूह को प्रभावी कमांड, सटीक नियंत्रण और कुशल कामकाज को बढ़ावा देना है, जिससे सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बेहतर होगा। यह अधिनियम आईएसओ के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को मजबूत और प्रभावी बनाएगा।

दरअसल 'थियेटर कमान' का अर्थ है एक क्षेत्रीय इकाई में सेना, नौसेना और वायु सेना के समन्वित संचालन के लिए एक ही कमांडर के अधीन एकीकृत करना। यह एक ऐसी सैन्य संरचना है, जो विभिन्न सैन्य शाखाओं के बीच समन्वय और दक्षता को बढ़ाएगी। सैन्य क्षेत्र में थिएटर कमान में 'थियेटर' का मतलब एक 'विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र' से है, जहां सैन्य अभियान या ऑपरेशन किए जाते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र होता है जहां युद्ध, सैन्य रणनीति, या सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां केंद्रित होती हैं। 'थियेटर' शब्द लखनऊ में चीन-केंद्रित उत्तरी थियेटर कमान, जयपुर में पाकिस्तान-केंद्रित पश्चिमी थियेटर कमान और तिरुवनंतपुरम में हिन्द महासागर या तटीय थियेटर कमान स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो 'एक सीमा, एक बल' की अवधारणा के अनुरूप होगा। प्रत्येक थियेटर कमान में सेना, नौसेना, और



- हरीश शिवनानी

> दुनिया के कई देशों की रक्षा सेवाओं में थियेटर कमांडर का पद या इसके समकक्ष संरचना मौजूद है, खासकर उन देशों में जिनके पास बड़े और संगठित सैन्य बल हैं, वे एकीकृत सैन्य अभियानों के लिए थियेटर कमांड सिस्टम का उपयोग करते हैं। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी में 2016 से पांच थियेटर कमांड हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में थियेटर कमांडर की भूमिका को 'जियोग्राफिक कम्बैटेंट कमांडर' कहा जाता है।

का उपयोग सैन्य संदर्भ में इसलिए किया जाता है क्योंकि यह एक युद्ध क्षेत्र या ऑपरेशनल क्षेत्र को दशार्ता है, जैसे कि एक नाटक के मंच की तरह, जहां सभी नाटक के सभी भागों,आयामों, पहलुओं की गतिविधियां एक निर्देशक के निर्देश में समन्वित एवं सुचारु रूप से सम्पन्न होती हैं। थियेटर कमांड की स्थापना एकीकृत बल प्रयोग, परिचालन दक्षता और संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए रक्षा मंत्रालय का 2025 के लिए चुने गए नौ क्षेत्रों में से एक है, जिसे मंत्रालय ने 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है।

राजपत्र में अधिसूचित संदर्भ के अनुसार, यह अधिनियम थियेटर कमांड की स्थापना के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। इस अधिनियम से तीन भौगोलिक कमान (उत्तरी, पश्चिमी, समुद्री) प्रस्तावित किए गए हैं। वायुसेना की इकाइयां एकीकृत रूप से काम करती हैं, ताकि उस क्षेत्र में सैन्य रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। कमान का सर्वोच्च अधिकारी 'थियेटर कमांडर' होता है जो एक सैन्य अधिकारी होता है, जो एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र (थियेटर ऑफ ऑपरेशन) में सैन्य अभियानों का नेतृत्व करता है। और उस क्षेत्र में सभी सैन्य बलों (सेना, नौसेना, वायुसेना) के संचालन को समन्वयित करता है। यह एक परिचालन कमांडर की (ऑपरेशनल) भूमिका है, जो युद्ध या संकट के दौरान रणनीति और कमान को लागू करती है।

इन कमानों के लिए चुने गए थियेटर कमांडर सामान्य रूप से थलसेना से लेफ्टिनेंट जनरल, नौसेना से वाइस एडमिरल या वायुसेना से एयर मार्शल स्तर का अधिकारी हो सकता है, जिसे कमांड की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह एक एग्जीक्यूटिव पद है, जो विशिष्ट थियेटर के लिए ही गठित होगी, स्थायी नहीं। पहले के सशस्त्र बलों के कानूनी ढांचे में त्रि-सेवा मामलों में निश्चित विधिक सीमाएं निर्धारित थीं, क्योंकि एक सेवा के अधिकारी को दूसरी सेवा के कर्मियों पर अनुशासनात्मक और प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार नहीं था। उदाहरण के लिए, एक संयुक्त कमांड का नेतृत्व करने वाला तीन-सितारा जनरल अपने अधीन सेवा करने वाले वायुसेना या नौसेना कर्मियों न कोई निर्देश दे सकता था न ही उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकता था। ऐसी शक्तियों की कमी का कमांड, नियंत्रण और अनुशासन पर सीधा प्रभाव पड़ता था। थियेटर कमानों की स्थापना से अब स्थिति बदल जाएगी। थियेटराइजेशन अभियान का नेतृत्व रक्षा स्टाफ के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान कर रहे हैं।

दुनिया के कई देशों की रक्षा सेवाओं में थियेटर कमांडर का पद या इसके समकक्ष संरचना मौजूद है, खासकर उन देशों में जिनके पास बड़े और संगठित सैन्य बल हैं, वे एकीकृत सैन्य अभियानों के लिए थियेटर कमांड सिस्टम का उपयोग करते हैं। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी में 2016 से पांच थियेटर कमांड हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में थियेटर कमांडर की भूमिका को 'जियोग्राफिक कम्बैटेंट कमांडर' कहा जाता है। रूस में थियेटर कमांडर की अवधारणा सैन्य जिलों (मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट) के रूप में है। जापान की सेल्फ-डिफेंस फोर्सेस में क्षेत्रीय कमांड हैं, लेकिन ये थियेटर कमांडर की तुलना में कम एकीकृत हैं।

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों में ऑपरेशनल कमांड होते हैं, लेकिन थियेटर कमांडर का पद नहीं है। पाकिस्तान की सेना में क्षेत्रीय कोर कमांडर होते हैं, जो कुछ हद तक थियेटर कमांडर की भूमिका निभाते हैं।उत्तर कोरिया, वियतनाम, और अन्य कुछ देशों में क्षेत्रीय सैन्य कमांड हैं, लेकिन इन्हें स्पष्ट रूप से थियेटर कमांडर नहीं मान सकते। वैसे विश्व के सामरिक जगत में क्षेत्रीय थियेटर कमांड की अवधारणा को पहली बार प्रथम विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में एमिएन्स की लड़ाई में लागू किया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भाग लेने वाले देशों ने एकीकृत कमांड के सिद्धांतों को अपनाया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि संयुक्त सेवाओं की एकीकृत संरचनाएं (थियेटर कमान) नई युद्ध क्षमताओं को बनाने और समन्वय करने में मदद करेंगी।

## लेटर टू एडिटर

### मातृभाषा में शिक्षा

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पहले पहली से पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे की सिफारिश के अनुसार, छात्र कक्षा एक से पांच तक अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करेंगे। यह प्रस्ताव इसलिए उपयोगी है क्योंकि बच्चे मातृभाषा और घर में बोली जाने वाली भाषा को जल्दी समझ और सीख लेते हैं। इससे शिक्षा के माध्यम से बच्चे के मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायता मिलेगी। वे मातृभाषा में बेहतर ढंग से ढल पाते हैं।

**- सिमरन, रांची**

### कुंठित होती प्रतिभाएं

**अंकों** की होड़ से कुंठित होती प्रतिभाएंद्ध बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों की मनोदशा का विश्लेषण करने वाला था। परीक्षा परिणाम विद्यार्थी के ज्ञान का मापदंड नहीं। भविष्य में उच्च महत्वाकांक्षाएं पालने की प्रवृत्ति परीक्षा परिणाम के कारण विद्यार्थियों में तनाव, निराशा और अवसाद को जन्म दे सकती है। शिक्षा को पैसा कमाने से जोड़ना अज्ञानता है। सच्ची शिक्षा वही है जो बच्चों को ईमानदार, परिश्रमी, कर्तव्यनिष्ठ तथा देशभक्त बनाए।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### ट्वीट

पीएम मोदी जी द्वारा जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च सेतु 'चिनाब ब्रिज' और भारत के पहले केबल-स्टेड रेल सेतु 'अंजी ब्रिज' का लोकार्पण 'नए भारत' के अद्भुत इंजीनियरिंग कौशल और अपरिमित सामर्थ्य का प्रतीक है।

दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें अआरामद होगी।

**- योगी आदित्यनाथ सीएम**

# पर्यावरण के प्रति जागरुकता और उससे जुड़े कानून



**सोनाली भट्टाचार्या**

भारत में पर्यावरण कानून के विकास को दो अलग-अलग चरणों में वगीर्कृत किया जा सकता हैः

1972 से पहले का विकास - इस अवधि के दौरान, भारत मुख्य रूप से टोर्ट कानूनों, आपराधिक कानूनों, जल और जंगलों से संबंधित विनियमों और पर्यावरण संरक्षण के मामलों को देखने के लिए विशेष कानूनों के समामेलन पर निर्भर था। यह देखा जा सकता है कि इस पीढ़ी के दौरान भारतीय पर्यावरण कानून में तुलनात्मक रूप से सीमित प्रगति हुई थी।

1972 के बाद का विकास - यह चरण स्टॉकहोम सम्मेलन के परिणाम के अनुरूप था और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण कानून के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विकास को चिह्नित करता था। स्टॉकहोम सम्मेलन ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी चिंताओं के बारे में वैश्विक जागरूकता फैलाई, और भारत इस विकासशील जागरूकता का अपवाद नहीं था।

पर्यावरण कानून का शासन सतत विकास के लिए केंद्रीय है। यह पर्यावरण की जरूरतों को कानून के शासन के आवश्यक तत्वों के साथ एकीकृत करता है, और पर्यावरण शासन को बेहतर बनाने के लिए आधार प्रदान करता है। यह पर्यावरणीय स्थिरता को मौलिक अधिकारों और दायित्वों से जोड़कर उजागर करता है। यह सार्वभौमिक नैतिक मूल्यों और व्यवहार के नैतिक मानदंडों को दशार्ता है, और यह पर्यावरण अधिकारों और दायित्वों के लिए एक आधार प्रदान करता है। पर्यावरण कानून के शासन और कानूनी अधिकारों और दायित्वों के प्रवर्तन के बिना, पर्यावरण शासन मनमाना हो सकता है, यानी विवेकाधीन, व्यक्तिपरक और अप्रत्याशित।पर्यावरण कानून के प्रमुख उद्देश्यःपर्यावरण को नुकसान से बचाना।

प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करना।वायु, जल और मिट्टी प्रदूषण को नियंत्रित करना। पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान करना। वन्यजीवों और उनकी आवास की रक्षा करना। पर्यावरण संबंधी कानूनी विवादों को हल पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 .भारतीय वन अधिनियम, 1927 , 1927).वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण अधिनियम, 2010 : पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 को भारत में पर्यावरण कानून के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला माना जाता है. यह अधिनियम केंद्र सरकार को पर्यावरण की रक्षा और सुधार के लिए व्यापक शक्तियाँ प्रदान करता है, जिसमें प्रदूषकों के उत्सर्जन और निर्वहन के लिए मानक निर्धारित करना, उद्योगों के स्थान को विनियमित करना, और खतरनाक पदार्थों का प्रबंधन करना शामिल है.

**पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के मुख्य पहलूः**

व्यापक पर्यावरण संरक्षणः

यह अधिनियम पर्यावरण के सभी पहलुओं को कवर करता है, जैसे कि वायु, जल, भूमि, और वन्यजीव.

**केंद्र सरकार की शक्तियाँः**

यह अधिनियम केंद्र सरकार को पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने की शक्ति देता है, जिसमें कानून बनाना, नियम बनाना, और विनियम जारी करना शामिल है.

प्रदूषण नियंत्रणः यह अधिनियम प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों से निपटने के

पर्यावरण कानून, पर्यावरण की रक्षा और प्रदूषण को रोकने के लिए बनाए गए नियमों और कानूनों का एक समूह है। इसमें जल, वायु और भूमि प्रदूषण, वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून शामिल हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण को मानवीय गतिविधियों के हानिकारक प्रभावों से बचाना और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देना है पर्यावरण संरक्षण कानून।

पर्यावरण के निरंतर दयनीय होती जा रही स्थिति व पर्यावरण दोहन के लगातार बढ़ रहे मामलों की गंभीरता को देखते हुए हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण हेतु कई कानून बनाए गए हैं। वर्ष 1969 में केंद्र सरकार द्वारा एक विधेयक तैयार किया गया।

यह विधेयक 30 नवम्बर, 1972 को संसद में प्रस्तुत किया गया। दोनों सदनों से पारित होकर इस विधेयक को 23 मार्च, 1974 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली जो जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 कहलाया। यह अधिनियम 26 मार्च, 1974 से पूरे देश में लागू माना गया। यह अधिनियम भारतीय पर्यावरण विधि के क्षेत्र में प्रथम व्यापक प्रयास है जिसमें प्रदूषण की विस्तृत व्याख्या की गई है। इस अधिनियम ने एक संस्थागत संरचना की स्थापना की ताकि वह जल प्रदूषण रोकने के उपाय करके स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित कर सके। (अधिवक्ता हाईकोर्ट झारखंड)

# पर्यावरण संरक्षण से आत्मनिर्भरता और विकसित भारत की ओर

**विश्व पर्यावरण दिवस पर नवा बिहान का प्रेरणादायक आयोजनः**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवा बिहान कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम द्वारा एक प्रेरणादायक और समाजोपयोगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को एक साथ जोड़ते हुए कई गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं।

कार्यक्रम की शुरूआत एक संगोष्ठी से हुई, जिसमें पर्यावरणविदों, सामाजिक कार्यकताओं, शिक्षकों और समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, जल और वायु प्रदूषण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके बाद नवा बिहान द्वारा एक विशेष पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय नागरिकों, खासकर महिलाओं और युवाओं की सक्रिय



भागीदारी रही। पौधारोपण, सफाई अभियान और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी गई। प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, मोहल्ले और गाँव को स्वच्छ और हरित बनाएंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं को घरेलू उपयोगी उत्पाद जैसे टॉयलेट क्लीनर, सैनिटरी नैपकिन, हैंडवॉश आदि बनाने की प्रॉडक्ट ट्रेनिंग दी गई। यह प्रशिक्षण उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और अपने परिवार की आय में योगदान देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर महिलाओं ने गहरी रुचि और उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया और कहा कि वे अब अपने गाँव में लघु उद्योग शुरू करेंगी।

कार्यक्रम में विकसित भारत विषय पर भी एक प्रेरक चर्चा सत्र हुआ जिसमें विजय राय द्वारा बताया गया कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी को प्राथमिकता देना जरूरी है।


नवा बिहान के सचिव श्री आर अजय ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि एक स्थायी सामाजिक परिवर्तन की नींव रखना है। जब महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी हम सच में एक विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पौधे और पर्यावरण किट वितरित किए गए। यह आयोजन नवा बिहान की दूरदर्शी सोच को दशार्ता है जहाँ प्रकृति, नारी और राष्ट्र तीनों को साथ लेकर समग्र विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है।नवा बिहान का यह आयोजन न केवल एक दिन का कार्यक्रम था, बल्कि एक मिशन की शुरूआत है हरित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की ओर। कार्यक्रम में महिला समूह प्रमुख शिष्मणि कुमारी, देवरानी देवी, मुक्ता नारायण, सोनी तिवारी, अंजलि वर्मा, ममता, प्रशिला बारा, शिवानी, नैनशी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

**अनुष्का और विराट स्वामी प्रेमानंद जी के शरण में पहुंचे और उन्होंने शानदार जीत का आर्शिवाद पाया। सौजन्य अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### सौंदा डी में पीओ का जोरदार स्वागत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी के परियोजना पदाधिकारी कैलाश कुमार का शुक्रवार को जोरदार स्वागत हुआ । लोगों ने सौंदा डी पीओ को बुके देकर स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह के दौरान सौंदा डी, लपंगा, हिंदीगिरी परियोजना को शीघ्र चालू किए जाने को लेकर गहन चर्चा की गई। उपस्थित कर्मियों ने चिंता जाहिर की कि वर्षों से सौंदा डी परियोजना में कार्यरत कैटेगरी-1 पर कार्यरत एवं क्लर्क ग्रेड-3 कर्मियों को आज तक पदोन्नति नहीं मिल सकी है। मुख्यालय द्वारा पावर बजट में परियोजना को समुचित बजट नहीं देने को जिम्मेदार ठहराया गया। लोगों ने जल्द से जल्द बजट आवंटन सुनिश्चित कर परियोजना के संचालन व कर्मियों के हित में सकारात्मक कदम उठाने की मांग की। स्वागत करने वालों में विजय प्रसाद,राम अनुज पासवान, भुवन राम, सुरेंद्र यादव, राजनाथ हरिजन, लक्ष्मी राम, शिव राम, रेयना मांझी सहित कई कर्मी व पदाधिकारी शामिल थे।

### भुरकुंडा में खुलेगा कराटे प्रशिक्षण केंद्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट शितोरियों कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया (झारखंड) की भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में पेट्रोल पंप के समीप 8 जून को संध्या 3 बजे नए कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन अंबेडकर मंच के अध्यक्ष बालेश्वर राम, सचिव राजन कुमार व आजाद भुईंया करेंगे। यह निर्णय शुक्रवार को हुई बैठक में लिया गया। बैठक में कमलनाथ सिंह, ओम कुमार, सूरज करमाली, अभय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### परवरिश स्कूल कुजू में पौधरोपण



**कुजू।** विश्व पर्यावरण के असवर पर परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में पौधरोपण हुआ। विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पौधा लगाया गया। कक्षा एक से लेकर 9वीं तक के छात्रों के बीच कई प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने पौधारोपण कर धरती पर हरियाली बनाये रखने की शपथ ली। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण करने के लिए जागरूक किया। कहा कि यह धरती हमारी है इस धरती की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। धरती ने हमें जीवन दिया, यह हमारे जीवन का आधार है । शिक्षक कंचन प्रसाद, आकांक्षा मिश्रा, प्रियंका यादव, नाजो खातून, रणजीत सिंह उपस्थित थे।

### आनंद साईं दरबार का स्थापना दिवस 24 को



**रामगढ़ ।** गोला रोड राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार कमेटी की बैठक गुरुवार को हुई। इसकी अध्यक्षता नंदकिशोर गुप्ता एवं संचालन मनोज मंडल ने किया। बैठक में अमित कुमार सिन्हा शामिल हुए।अमित सिन्हा ने बताया के आनंद साईं दरबार का 15 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। प्रथम दिन 24 जून को अपराह्न 3 बजे मंदिर परिसर से पालकी यात्रा का आयोजन किया जायेगा। पालकी यात्रा के लिए अलग अलग लोगों को जिम्मेवारी दी गई है। प्रशासनिक कार्य के लिए अमित सिन्हा, पालकी यात्रा हेतु गोलू, बसंत और सन्नी साव, पानी की व्यवस्था हेतु मनोज कुमार ठाकुर, बर्तन हेतु सन्नी सिन्हा और गोलू, पालकी यात्रा की व्यवस्था हेतु छोटन और अरुण कुमार महतो को जिम्मेवारी सौंपी गई है। बैठक में अधिवक्ता आनंद सिन्हा, अरुण महतो, रोहित गुप्ता, राजेश कुमार, छोटन सिंह, अविनाश, धनंजय कुमार पुटूस, सुबोध सिन्हा, मनोज सिन्हा, संजय सिन्हा,बिनोद साव, बसंत कुमार, राजेश पांडे, दीपू अग्रवाल, उमेश सिंह, पंकज ठाकुर, अनिल साव,शीतल सिंह, रीता, सुनीता, संगीता, रूपा, अमिता सोनी, मल्लिका दत्ता आदि शामिल हुए।

### पीवीयूएनएल में कवि सम्मेलन आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) परिसर में गुरूवार को कवि सम्मेलन हुआ। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध हास्य कवियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से श्रोताओं को गुदगुदाया और सोचने पर भी मजबूर किया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं चर्चित राष्ट्रीय हास्य कवयित्री डॉ. निवेदिता शर्मा, भोपाल से आए दीपक दनादन और व्यंग्यकार डॉ. अनिल बाजपेई जिन्होंने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से पर्यावरण, सामाजिक विसंगतियों और आम जनजीवन की जटिलताओं को बेहद प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन में स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्षा रीता सिंह, मनीष खेतरपाल, जियाउर रहमान समेत पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं परिजन उपस्थित थे।

### करमा परियोजना में लगे सैकड़ों पौधे



**कुजू।** विश्व पर्यावरण दिवस पर करमा परियोजना में सैकड़ों पौधे लगाए गए। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा ने सभी लोगों को एक पौधा लगाने का संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष हमारे पूरे पर्यावरण को शुद्ध रखता है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में हमलोगों को ऑक्सीजन देता है। वृक्ष के कारण हम अनेकों तरह के बीमारियों से बचाव करते हैं, जंगल में कभी कभी आग भी लगते हमलोगों ने देखा होगा। आग लगा हो जंगल में तो हमें बुझाना चाहिए क्योंकि हमें जंगल के साथ अपने जीवन को भी बचाना है। बाद सैकड़ों फलदार व छायादार पौधे लगाए गए।

# लंबित काम बतायें समाधान का प्रयास करेंगे : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

- सुंदर नगर पंचायत में सांसद व विधायक ने डीएमएफटी मद से बने नये पुल का किया उद्घाटन
- प्रयास करेंगे, क्षेत्र से पलायन रुके व रोजगार बढ़े :जायसवाल
- पुल से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी : चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर पंचायत में डीएमएफटी मद से लोहा पुल में 49 लाख 22 हजार रुपये की लागत से नये पुल का उद्घाटन शुक्रवार को सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी एवं सुंदरनगर पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष व्यास पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। जायसवाल ने कहा कि आजादी के बाद पक्की पुल का निर्माण हुआ है,चार पहिया वाहन का अवगमन हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विकास शतत प्रक्रिया है, जो चलते रहेगी। आप मुझे लंबित काम बतायें समाधान का प्रयास करूंगा। उन्होंने वर्षों से बंद पड़े ग्लास फैक्ट्री के खुलवाने पर बताया कि फैक्टी प्रबंधन से बातचीत हुई है, लेकिन फैक्ट्री को पुनः चालू करने की बात पर मंशा साफ नहीं था। जयसवाल ने कहा कि मैं अडाणी ग्रुप के मैनेजर से ग्लास फैक्ट्री के मामले पर बात किया हूं, जिस पर सकारात्मक रूप से जबाव मिला। हमारा प्रयास है, क्षेत्र से पलायन रुके और रोजगार का अवसर बढ़े। उन्होंने कहा की मैं चुनाव के वक्त इस पुल पर आया था। लोगो की मांग थी की पुल का निर्माण हो। एक वर्ष के कार्यकाल में मैं अपना वादा पूरा किया हूं और आगे भी करता रहूंगा।

विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि डीएमएफटी फंड का उपयोग पारदर्शिता एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में अब काफी सुविधा होगी और यह क्षेत्र के आर्थिक-सामाजिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। चौधरी ने कहा कि बुनियादी ढांचे को मजबूत करना ही उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, महामंत्री राजु चतुवेर्दी, राधेश्याम अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, सत्येन्द्र नारायण सिंह व राकेश सिन्हा, योगेश दांगी, दिनेश प्रसाद, पार्षद राजराम प्रजापति, रंजन सिंह फौजी, कुमेल उरांव, अमरेश सिंह, रंजीत पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, राजेश सिन्हा, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष सागर दांगी, विश्वरंजन सिन्हा, डॉ. संजय सिंह, पुनम साहु उपस्थित थे।

# 14.9 किलोग्राम अफीम के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

- 66,000 रुपये नकद, छह एंड्रॉइड मोबाइल, दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी को पुलिस ने किया जब्त

## हजारीबाग पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में प्रशासनिक सत्ता परिवर्तन ने जो असर दिखाया है, वह अब धरातल पर साफ नजर आने लगा है। वहीं पुलिस, वहीं थाना, वही संसाधन लेकिन नेतृत्व बदलते ही कार्रवाई की रफ्तार और धार दोनों बदल गई है। मात्र कुछ ही दिनों पहले नवनियुक्त उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने जिले की कमान संभाली है और अब उनका पहला बड़ा वार देखने को मिला जो सबसे जरुरी था मादक पदार्थ तस्करों की रीढ़ तोड़ने वाली कार्रवाई। जिले में ड्रग्स के खिलाफ छेड़े गए विशेष अभियान में पुलिस ने तीन थाना क्षेत्रों कोर्रा, लोहसिंघना और मुफस्सिल में एक साथ छापेमारी करते हुए 14.9 किलोग्राम अफीम, 28.57 किलोग्राम अफीम में मिलाया जाने वाला रासायन, 66,000 रुपये नकद, छह एंड्रॉइड मोबाइल, दो मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और एक तौल यंत्र जब्त किया। इस अभियान का नेतृत्व सदर एसडीपीओ अमित आनंद (भा.पु.से.) ने किया और छह कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया।

**कोर्रा से दो गिरफ्तार :** कोर्रा थाना क्षेत्र से 2.5 किलो अफीम, 21.7 किलो रसायन, 66,000 रुपये नकद, तीन मोबाइल, एक स्कूटी और एक तौल यंत्र जब्त किए गए। आरोपी राहुल यादव (गिद्धौर, चतरा) और मो. अरशद अंसारी (कटकमसांडी) गिरफ्तार।

लोहसिंघना में बड़ी बरामदगीः यहां से 10.6 किलो अफीम और 6.87 किलो कट जब्त किया। आरोपी अविनाश कुमार और राहुल पांडेय (दोनों गिद्धौर, चतरा) गिरफ्तार हुए। राहुल एनडीपीएस और जेजे एक्ट में पहले से आरोपी है। यहां से 1.8 किलो अफीम, दो स्मार्टफोन और एक बुलेट बाइक बरामद हुई। आरोपी पिंटू दांगी और मुकुल दांगी (दारियातु, चतरा) गिरफ्तार हुए। मुकुल के खिलाफ उत्तर प्रदेश में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है। इस कार्रवाई ने यह जता दिया है कि हजारीबाग की तस्वीर अब धुंधली नहीं है। अंधेरे में रौशनी की किरण है। नशे का कारोबारियों के लिए जमीन खिसकने लगी है। पुलिस अधीक्षक ने साफ कहा कि नशे का कारोबार किसी कीमत पर नहीं चलेगा। अब हर गुनहगार की बारी है। हजारीबाग बदल रहा है और इस बार वाकई सिस्टम काम कर रहा है।

### शिवाजी शाखा बरही ने मनाया हिंदू दिवस

**बरही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही प्रखंड द्वारा प्रखंड मैदान में हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया। बुद्धिजीवी सुधीर चंद्र ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान मराठा योद्धा एवं राजा थे, जिन्होंने 17वीं शताब्दी में मुगल साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी और हिंदू स्वराज की स्थापना की। वे अपनी वीरता, नेतृत्व क्षमता और न्यायपूर्ण शासन के कारण भारत में एक महान नायक माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज एक न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी शासक थे, जिन्होंने अपने राज्य में न्याय और सुरक्षा की व्यवस्था की। उन्होंने अपने राज्य में हिंदू संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा दिया और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा दिया। हिंदू स्वराज दिवस पर हम छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और कार्यों से प्रेरणा ले सकते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला व्यवस्था प्रमुख राजेश केशरी , खंड कार्यवाह संतोष प्रजापति, विश्व हिंदू परिषद के कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, शिवाजी शाखा के मुख्य शिक्षक कुंदन जी, कोनरा मंडल प्रमुख पिंटू जी, करियातपुर मंडल प्रमुख धर्मेंद्र, आरपी शर्मा जी, डॉ. कृष्णा केशरी व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# मरीजों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

- शेख भिखारी अस्पताल में लापरवाही पर बिफरे सांसद

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आए दिन मिल रही शिकायतों को लेकर शुक्रवार को सांसद मनीष जायसवाल अचानक अस्पताल पहुंचे। अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति को पहले से सूचना थी, इसलिए वह अस्पताल से नदारद मिले। इससे नाराज सांसद ने मौके पर प्रिंसिपल, एचओडी और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट से सवालों की झड़ी लगा दी। बुधवार रात लेबर रूम में हुई अमानवीय घटना पर सांसद ने खासतौर पर लापरवाही के लिए लेबर विभाग की एचओडी डॉ. रामेश्वरी बेग और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. एके. सिंह से जवाब तलब किया। सांसद ने पूछा कि अगर महिला चिकित्सक डॉ. आकांक्षा सुरक्षा के नाम पर गायब थीं, तो क्या हर रात यही होता है? डॉ. बेग के जवाब ने इस सवाल पर मुहर भी लगा दी।सांसद ने मौके से ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी। मंत्री ने भी सुरक्षा का हवाला दिया, जिस पर सांसद ने तीखा सवाल खड़ा किया जब अस्पताल में 20 होमगार्ड, 20 गार्ड और एक पुलिस पिकेट तैनात है, तो डॉक्टर असुरक्षित कैसे। डॉ. एसके सिंह ने अधीक्षक, एचओडी और डॉ. आकांक्षा से 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा। डॉ. अजय कुमार सिंह को अस्थायी अधीक्षक नियुक्त किया गया। मनीषा कुमारी और उनके पति बिनोद साव प्रसव पीड़ा में लेबर रूम का दरवाजा खटखटाते रहे, लेकिन डॉक्टर नदारद थे। मजबूरन उन्हें निजी अस्पताल जाना पड़ा।



### हजारीबाग में डीसी ने खोला प्रोन्नति, नामांकन और मूल्यांकन का पिटारा



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला प्रशासन अब शिक्षा के क्षेत्र में ठोस बदलाव की ओर कदम बढ़ा चुका है। गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक में शिक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। बैठक ने शिक्षकों के बीच वर्षों से लंबित प्रोन्नति से जुड़े मुद्दों को नई रफ्तार देने का काम किया। उपायुक्त ने ग्रेड 2 और ग्रेड 4 में लंबित प्रोन्नति प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करने का आदेश देकर शिक्षक समुदाय में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया है। वहीं, शिक्षा व्यवस्था में लटके विभागीय कार्रवाई के मामले और न्यायालय में लंबित विषयों की भी सघन समीक्षा की गई। नामांकन में गिरावट वाले प्रखंड दारू, पदमा और बड़कागांव अब उपायुक्त की विशेष निगरानी में रहेंगे। इन इलाकों में नामांकन घटने के पीछे के कारणों की गहराई से पड़ताल कर, जिला शिक्षा अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बरही प्रखंड के पांच स्कूलों को भी चिन्हित कर विशेष अनुश्रवण के आदेश दिए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में चल रहे रेगुलर असेसमेंट फॉर इंप्रूवमेंट लर्निंग की निगरानी और उसमें कमजोर प्रदर्शन वाले विषयों पर अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग देने की योजना बनाई गई है।

# सभी स्कूलों में पानी और शौचालय हो उपलब्ध

## रामगढ़ डीसी ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत साक्षरता प्राप्त किया जाए।उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को सर्वे कर फ्लोचार्ट तैयार करने एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने मध्यान भोजन की समीक्षा की। निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। रसोइयों का आयुष्मान कार्ड व पेंशन संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने शेष बचे रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनवाने व उनके पेंशन शुरू करने को लेकर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिन विद्यालयों में जलापूर्ति की उपलब्धता नहीं है उन्हें चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से समन्वय करते हुए तत्काल रूप से कार्य करने एवं जल्द से जल्द सभी विद्यालयों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

डीसी ने बच्चों को किताब, यूनिफॉर्म व बैग उपलब्ध कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। बैंक अकाउंट नहीं होने के कारण शेष बच्चों को सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर उपायुक्त ने शिविर आयोजित करते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने एवं सभी बच्चों का खाता बैंक में खुलवाने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विष्णुगढ़ में वैज्ञानिकों ने दी उन्नत खेती की जानकारी

**विष्णुगढ़।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोरिया करमा की टीम ने विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना, सिरय और खरकी गांवों का दौरा किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ फसल की तैयारी, उर्वरक व कीटनाशक के संतुलित प्रयोग और टिकाऊ खेती के गुर सिखाए। एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और रसायनों के उपयोग को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. दीपक कुमार गुप्ता, डॉ. शिल्पी केरकेट्टा, राजेंद्र मीणा समेत कई विशेषज्ञ मौजूद रहे। किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओंए पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, डिजिटल एग्री मिशन आदि की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा, मुखिया निर्मला देवी समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### मडमो पंचायत : अबुआ आवास में गृह प्रवेश



**विष्णुगढ़।** बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने मडमो पंचायत के बुढ़वाडीह, बेल्याटांड और डुमरिया टांड में लाभुकों को अबुआ आवास में गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मडमो में आवास की भारी कमी थी, इसलिए 194 नए आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जो लोग अभी भी कच्चे घरों में हैं, उन्हें पीएम आवास योजना में शामिल किया जाएगा। मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार, मुखिया कुंती कुमारी, पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा, वार्ड सदस्य ललिता देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक प्रतिनिधि घनश्याम महतो, अजय मिर्धा, अरविंद सिंह सहित कई स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

### नवादा में शाह के उर्स पर कव्वाली 10 जून को

**विष्णुगढ़।** दाता गुलाम हैदर शाह के 86वें उर्स पर 10 जून को भव्य कव्वाली की महफिल सजेगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल मुख्य अतिथि होंगे जबकि जिला परिषद सदस्य शेख तैयब और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। आयोजन की जानकारी देते हुए समाजसेवी रफीक आलम और महासचिव जसीम अंसारी ने बताया कि नागपुर से शमीम साबरी और शाहीन शबा भारती के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा। उर्स के दौरान सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी मुखिया ननकू महतो को सौंपी गई है। कार्यक्रम की तैयारी में सूफियान अंसारी, तनवीर अंसारी, गुलाम वारसी, मजलूम अंसारी समेत कई कार्यकर्ता जुटे हैं। श्रद्धालुओं में उत्साह है और आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां चल रही हैं।

### ड्रीम ट्यूशन सेंटर का 10वीं में शानदार प्रदर्शन

**विष्णुगढ़।** जैक द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में ड्रीम ट्यूशन सेंटर बनासो के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 35 छात्रों में से 30 प्रथम श्रेणी और 5 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कोचिंग की टॉपर ग्रेशु प्रेरणा रही, जबकि धीरज कुमार साव और आलिया खातून क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। परियोजना उच्च विद्यालय बनासो के टॉप 10 में ड्रीम ट्यूशन के दो विद्यार्थी शामिल हैं। सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कोचिंग संचालक उमेश कुमार साव को दिया, जो पिछले 10 वर्षों से लगातार बेहतर परिणाम दे रहे हैं। यह सफलता ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता और समर्पित शिक्षकों की भूमिका को दशार्ती है। छात्र और अभिभावक ट्यूशन सेंटर की भूमिका से उत्साहित हैं।

### हरली स्वास्थ्य केंद्र को ले कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**दारू।** करोड़ों की लागत से बना हरली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 2018 से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष रिंकू कुमार ने 10-11 जून को दारू प्रखंड कार्यालय के पास दो दिवसीय शांतिपूर्ण धरने की घोषणा की है। रिंकू कुमार ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इलाज के लिए दूर जाना पड़ता है, जो दुखद है। बार-बार मीडिया में मुद्दा उठने के बावजूद प्रशासन मौन है। एसडीओ को आवेदन देकर उन्होंने सरकार से तत्काल स्वास्थ्य केंद्र को शुरू करने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीण भी आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं और उम्मीद है कि इस बार प्रशासन तक आवाज पहुंचेगी।

### जंगल से सीएसपी संचालक का शव बरामद

**बरकट्ठा।** शुक्रवार सुबह बरकट्ठा थाना क्षेत्र के मसीपीढ़ी जंगल से ग्रामीणों ने एक शव बरामद किया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की पहचान विनोद राणा (40) पिता जगदीश राणा, ग्राम गैड़ा निवासी के रूप में की गई। वह पंचफेड़ी में एसबीआई का सीएसपी संचालक था। परिजनों के मुताबिक विनोद राणा पिछले कुछ समय से बीमार और मानसिक तनाव में थे। आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने आत्महत्या की है, हालांकि पुलिस ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। शव को परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए श्मशान ले जाकर दाह-संस्कार कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीवीयूएनएल में पौधरोपण और प्रभात फेरी




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवारी को पतरातू विद्युत उत्पादक निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रमों में प्रभात फेरी और पौधारोपण शामिल रहे, जिन्होंने हरित भविष्य के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रभात फेरी की शुरूआत उत्साहपूर्वक की गई। जिसमें पीवीयूएनएल के अधिकारी, कर्मचारी एवं बालिका सशक्तिकरण मिशन (जीईएम) की बालिकाएं शामिल हुईं। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण जागरूकता के नारों और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को हरियाली और स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं, स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर परिसर में छायादार एवं दर्जरों औषधीय पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। जिसमें जीईएम की बालिकाओं की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और अधिक जीवंत व प्रेरणादायक बना दिया। पीवीयूएनएल परिवार द्वारा किया गया यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल के रूप में सराहा गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ओएंडएम) मनीष खेतराल, प्रमुख मानव संसाधन जियाउर रहमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# ग्रीन पत्थर का अवैध खनन करते हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड के ढाब थाना क्षेत्र के गोरियाडीह जंगल में ग्रीन पत्थर के अवैध उत्खनन रोकने के लिए गुरुवार को छापामारी की गयी। वन विभाग व पुलिस की संयुक्त छापामारी में अवैध खनन स्थल से हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि यहां से कंप्रेशर मशीन, ट्रैक्टर, बाइक आदि भी बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में वसंत मांझी पिता नन्कु मांझी निवासी कुज थाना रोह नवादा बिहार व सुदामा कुमार पिता भुनेश्वर मिस्त्री निवासी भागाडीह खुट्टा सतगांवा शामिल हैं। इनके पास से दो देसी बंदूक, 15 राउंड जिंदा कारतूस, छह खोखा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि ढाब थाना अंतर्गत गोरियाडीह जंगल में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है, सूचना पर वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच रविंद्र कुमार, ढाब थाना प्रभारी रवि प्रकाश पंडित के नेतृत्व में टीम ने छापामारी की, इस दौरान गोरियाडीह जंगल से एक ट्रैक्टर, कंप्रेशर मशीन व एक मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। टीम को देखकर वहां मौजूद दो लोग भागने लगे, जिन्हें दौड़ाकर पकड़ा गया।

**कुख्यात अपराधी करवा रहा है अवैध खनन :** बताया जाता है कि टीम जब गोरियाडीह जंगल पहुंची तो पाया कि वहां वृहद पैमाने पर अवैध उत्खनन चल रहा है, टीम को देख अवैध खनन में लगे लोग भागने लगे, वहीं दो लोगों को पकड़ा गया। इधर, सूत्रों की माने तो गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि गोरियाडीह में अवैध उत्खनन कार्य करवाने का मास्टर माइंड कुख्यात अपराधी अरविंद रावत नामक व्यक्ति है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के अलावा पुलिस उसके खिलाफ भी मामला दर्ज करने की तैयारी में है। अरविंद रावत मूल रूप से गिरिडीह का रहने वाला है, फिलहाल वह कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा में रहकर अवैध उत्खनन करवाने का कार्य कर रहा है।

**30 मार्च को पुलिस टीम पर यहीं हुआ था हमला :** बता दें कि गोरियाडीह जंगल में लंबे समय से ग्रीन पत्थर का अवैध उत्खनन हो रहा है। गत 30 मार्च को अवैध उत्खनन के खिलाफ ढाब थाना प्रभारी रवि पंडित के नेतृत्व में टीम छापामारी करने गयी थी, इस दौरान लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। हमले में थाना प्रभारी व अन्य घायल हो गये थे, जबकि पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज कर अब तक इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जेल भेजे गये आरोपियों में से एक कपिल तुरी की गत दिन मंडल कारा में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों के तलाश में है।

### शुरुआत में संरक्षण देने का लगता रहा है आरोप

पुलिस व वन विभाग की टीम अब भले ही ग्रीन पत्थर के अवैध खनन को रोकने के लिए छापामारी कर रही है, पर शुरुआत में इस कार्य को संरक्षण देने का आरोप भी इसी दोनों विभाग पर लगता रहा है। इस वर्ष के शुरुआत से पहले इलाके में कीमती पत्थर के अवैध खनन का मामला अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, पर उस समय पुलिस प्रशासन के साथ ही वन विभाग के अधिकारियों ने इससे इंकार किया था। हालांकि मार्च में जब पुलिस टीम पर हमला हुआ तो मामले में कार्रवाई शुरू हुई। यही नहीं इस मामले में सबसे हैरानीजगक बात यह भी है कि अवैध खनन का कार्य कभी संगठित गिरोह करता है, तो कभी कुछ स्थानीय लोग इस वजह से वर्चस्व की जंग भी देखने को मिलता है।

## खबर एक नजर में

### नशा मुक्ति को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**गिद्धौर/चतरा।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को नशा मुक्ति को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम आयोजन अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा के नेतृत्व में की गई। जहां जिला से आए हुए ललिता कुमारी और उनके साथी ने लोगों को नशा से बचने की कई विधि बताएं। नशा का सेवन करना कानून जुर्म है। इसकी जानकारी दिया। साथ ही साथ नशा से होने वाले घातक कई बीमारियों के बारे में बताएं। एवं लोगों से अपील किए हैं, कि धूम्रपान से परिजनों अपने होनहार बच्चों को भी सुरक्षित करें।जिस प्रकार बच्चे कम उम्र में ही धूम्रपान का सेवन कर रहे हैं।उस प्रकार से आने वाला समय घातक सिद्ध हो सकता है। बैठक में उपस्थित दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा निर्मल दांगी सत्येंद्र कुमार प्रदीप कुमार सोनम कुमारी सुनील पासवान निशांत कुमार एवं दर्जनों के संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आपूर्ति (धान अधिप्राप्ति सहित) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में आपूर्ति (धान अधिप्राप्ति सहित) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सर्व प्रथम खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2024-25 धान अधिप्राप्ति का अद्यतन प्रतिवेदन की क्रमवार समीक्षा कई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जानकारी दिया गया कि धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 2,00,000 क्विंटल है जिसके के विरुद्ध कुल 154312.64 क्विंटल धान क्रय किया गया है जो कि लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 77 प्रतिशत है। निबंधित किसान 11138, चयनित पैक्स 36, चयनित मिलर - 06, कुल क्रय किये गये किसानों की संख्या - 2734, 154312.64 क्विंटल धान के विरुद्ध प्रथम किस्त का भुगतान 99 प्रतिशत कर दिया गया है और द्वितीय किस्त में 83 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। 154312.64 क्विंटल धान के विरुद्ध 104932.59 क्विंटल चावल होता है अभी तक मिलर से कुल 79460 क्विंटल चावल लिया जा चुका है। पीएचएच राशन कार्ड धारकों को हर महीने प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है जिले में पीएचएच कार्ड की संख्या 153008 हैं कार्ड में कुल सदस्य 723915 हैं।अअ (अंत्योदय अन्न योजना) राशन कार्ड भारत सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वाले परिवारों को दिए जाने वाला एक विशेष प्रकार का राशन कार्ड है. यह कार्ड उन सबसे गरीब परिवारों को दिया जाता है जिन्हें ‘गरीब से गरीब’ माना जाता है. एएवाई राशन कार्ड वाले परिवारों को प्रति माह 35 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल और गेहूं) उपलब्ध कराया जाता है इसमें कुल कॉर्ड धारक 38450 और सदस्य 151656 हैं। इसी प्रकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एन एफ एस ए) के तहत कुल कॉर्ड होल्डर 191458 एवं सदस्य 875571 हैं। वहीं व्हाइट राशन कार्ड धारक की संख्या 6911 एवं सदस्य 24262 है, ग्रीन राशन कार्ड धारक 36921 एवं सदस्य 112076 हैं।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रखंड के छ पंचायतो में उन्नत खेती दी गई जानकारी

**गिद्धौर/चतरा।** गिद्धौर प्रखंड में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मझगांवा एवं बारीसाखी पंचायत के छः गांव अमीन, दडुआ, घटेरी,गड़के एवं सिंदवारीकला में वैज्ञानिक एवं केवीके चतरा के वैज्ञानिक,आत्मा के बीटीएम,एटीम,इफको कंपनी के प्रतिनिधि,उद्यान मित्र के द्वारा गांवों में किसानों के बीच शिविर लगाया गया। किसानों को खरीफ फसल प्रबंधन, उर्वरक और कीटनाशक के प्रभावी उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और रसायनों के समुचित प्रयोग के बारे में बताया गया। टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पारंपरिक कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना और डिजिटल कृषि - मिशन जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर वैज्ञानिक, केवीके के वैज्ञानिक के वैज्ञानिक बिनोद कुमार पाण्डेय,शिवेंद्र दुबे,उपप्रमुख,वार्ड सदस्य, पंचायत समिति, बीटीएम, एटीम, उद्यान मित्र, उपस्थित हुए कई ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

### चतरा नशा मुक्त समाज के लिए शिक्षक जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना चतरा द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में आज निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं जागरूकता कार्यक्रम विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित मास्टर प्रशिक्षकों को नशामुक्त अभियान के तहत विद्यालय, ग्राम एवं पंचायतों मे जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया । कार्यक्रम में उपस्थित दिनेश कुमार मिश्रा जिला शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोनीदीपा बनर्जी कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में मंटु प्रजापति एवं अजीत कुमार मिश्रा द्वारा निषिद्ध मादक द्रव्यों की रोकथाम से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने पावर ऑफ प्रेजेंटेशन प्वाइंट के माध्यम से चतरा जिले के विभिन्न उच्च विद्यालयों से आए शिक्षकों को जागरूक किया और उन्हें प्रभावी रणनीतियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा ह्लविद्यालयों में बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से बचाने की दिशा में यह पहल मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं, और इस अभियान में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों ने निम्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया यथा मादक पदार्थों की पहचान एवं दुष्परिणाम एनडीपीएस अधिनियम व कानूनी दायित्व,किशोरों में व्यसन के लक्षण व परामर्श तकनीक, विद्यालय स्तर पर नशा उन्मूलन हेतु जागरूकता गतिविधियाँ, छात्र संवाद, पोस्टर, नाटक, व काउंसलिंग सत्र की योजना। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा ‘नशा से मुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रत्येक शिक्षक को समाज में एक प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। यदि हम बच्चों को सही दिशा दिखा सकेंगे तो आने वाली पीढ़ियाँ स्वस्थ और मजबूत होंगी।

### पुराने सरकारी पैक्स गोदाम में निजी फर्नीचर दुकान का कब्जा

**चतरा (सिमरिया)।** प्रखण्ड मुख्यालय के बानासांडी पंचायत का पुराना पैक्स गोदाम पोस्ट ऑफिस के सामने है। जहां कई महीनों से फर्नीचर का दुकान चलाया जा रहा है। उक्त फर्नीचर के दुकान से राजस्व का अवैध वसूली की जा रही है। आपको बताते चलें कि पूर्व में बानासांडी पैक्स गोदाम उक्त पुराने गोदाम में चलाया जाता था। उक्त गोदाम छोटा होने के कारण पैक्स का खाद्य बीज रखने में असुविधा उत्पन्न होती थी। जिसे लेकर विभाग द्वारा मूर्वे स्थित ईश्वर दयाल पेट्रोल पम्प के करीब ज्यादा क्षमता वाला बड़ा गोदाम का निर्माण किया गया। जहां वर्तमान में उक्त गोदाम चालू है। अब पुराने गोदाम पोस्टऑफिस के सामने खाली होने के कारण सरकारी काम काज छोड़ निजी उपयोग में देकर उससे राजस्व की उगाही की जा रही है। वैसे में उक्त राजस्व किस कोष में जमा किया जा रहा है। या उक्त भवन को उपयोग के लिए क्या अनुमंडल पदाधिकारी से लिखित इजाजत ली गई है। यह एक बड़ी सवाल है।

### सभी के प्रयास से ही पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सकता है : अरूण

**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण माह के तहत भारत विकास परिषद के तत्वाधान में दीनानाथ सिंह कैंपस अंतर्गत बचपन प्ले स्कूल प्रांगण में पौधरोपण सह पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखय रूप से उपस्थित भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडे ने कहा कि जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी चीजे जैसे शुद्ध हवा, साफ पानी, भोजन और रहने की जगह पर्यावरण से ही प्राप्त होता है। लेकिन आज हमारा पर्यावरण खतरे में है। वहीं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सह अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि जागरूक होकर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी के योगदान से पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम को परिषद के बरीय सदस्य नारायण सिंह एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रो. कैलाश राणा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर 10 आम के पौधे लगाए गए। मौके पर दिलीप कुमार सिंह, पीयूष सिंह, अनुराग सिंह, आराध्या सिंह, रिया कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जनता दरबार का आयोजन उमड़ी फरियादियों की भीड़

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और उपायुक्त को आवेदन देकर उचित कार्रवाई का गुहार लगाया। वहीं शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार मे भूमि विवाद, अवैध कब्जा, गैरमजरूआ भूमि पर अतिक्रमण आदि से सम्बंधित मामले आये। उपायुक्त ने बारी-बारी से फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए और जल्द समाधान करने का आश्वासन देते हुए, उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर, आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### झासा के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को बुके देकर किया स्वागत

**कोडरमा।** सिविल सर्जन सह झासा के संरक्षक डॉ.अनिल कुमार के नेतृत्व में झासा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नव पदस्थापित उपायुक्त ऋतुराज को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान सदर अस्पताल, रेफरल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया, साथ ही झासा के सदस्यों ने अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिस बल की मांग किया गया। मौके पर झासा के संरक्षक डॉ.रमण कुमार, अध्यक्ष सह डीएस डॉ.रणजीत कुमार, डॉ.सत्येंद्र कुमार सिन्हा, झासा सचिव डॉ.मनोज कुमार, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. नीलमणि कुमार आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने अज्ञात युवक का छत बिछत शव किया बरामद

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार अंतर्गत ग्राम रतनपुर जंगल से पुलिस ने रविवार को एक अज्ञात युवक का छत विछत शव बरामद किया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी लेने के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अधनग्न अवस्था में 10-15 दिन पूर्व एक विछिप्त युवक को गांव में धूमते देखा गया था। जो काफी दुबला था और चेहरे पर सफेद दाढ़ी थी। वहीं उन्होंने बताया कि शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है, उक्त शव उसी विछिप्त युवक का है।

### चावल लदा ट्रक पलटा चालक जख्मी, रेफर

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगड़ी के समीप शुक्रवार को चावल लदा ट्रक पलट जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच02जेड-3626 तिलैया से पीडीएस का चावल लेकर सतगावां आ रही थी, इस दौरान अचानक नगड़ी के समीप चालक ने अपना संतुलन खो बैठा, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गयी। वहीं ट्रक पर लदे चावल की बोरियां इधर उधर बिखर गई। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी ट्रक चालक 28 वर्षीय दिनेश यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतगावां लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाइक घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# बकरीद को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया फ्लैग मार्च

## डीसी, एसपी ने शांतिपूर्ण व सद्भावपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले में बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्ण और भाईचारगी के साथ सम्पन्न करवाने को लेकर एक ओर जहां डीसी ऋतुराज और एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा संयुक्त निर्देश जारी कर जिले के प्रमुख चौक चौराहों, मस्जिदों, संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त बल के साथ दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है, तो दूसरी ओर शुक्रवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को ब्रीफ करते हुए फ्लैग मार्च निकाल कर दोनों समुदायों को शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए त्यौहार मनाने की अपील किया गया। वहीं उपायुक्त ऋतुराज व एसपी श्री सिंह के नेतृत्व में कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद, कोडरमा बाजार, छतरबर, नगरखारा, झुमरीतिलैया आदि जगहों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान डीसी, एसपी ने शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने त्यौहार के दौरान कोई भी ऐसा कार्य नही करने जिससे दूसरे धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचे आदि की अपील किया। वहीं डीसी व एसपी ने कहा कि त्यौहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किया गया है, जगह-जगह पर पर्याप्त बल के साथ पुलिस पदाधिकारियों और दण्डाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी, अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, सार्जेंट मेजर, थाना प्रभारी अरविंद कुमार, विनय कुमार आदि मौजूद थे।

### बकरीद को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

सतगावां (कोडरमा)। बकरीद पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सतगावां पुलिस ने शुक्रवार की संध्या फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सतगावां थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने किया, उनके साथ में बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च समलडीह के माधोपुर गांव जाने वाली सड़क से प्रारंभ होकर मस्जिद होते हुए राउतडीह पहुंचा। मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने और अफवाहों से बचने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी ने लोगों से शांति सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने और कानून से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी। मौके पर एएसआई रंजीत सिंह के अलावे दर्जनों पुलिसबल शामिल थे।

### झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की बैठक संपन्न सर्वसम्मति से पुरानी कमिटी को किया भंग

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की जिला कमिटी की बैठक शुक्रवार को स्थानीय ध्वजाधारी धाम परिसर में जिलाध्यक्ष सुभाष राणा की अध्यक्षता की गयी। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पुरानी कमिटी को भंग करते हुए आगामी 29 जून को वर्णवाल धर्मशाला में समाज की बैठक करने और नई कमिटी का पुनर्गठन करते हुए जिला सम्मलेन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुभाष राणा ने कहा कि सामूहिक प्रयास और सहयोग से झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज को पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत किया गया, उन्होंने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए समाज के हर सदस्यों का सहयोग मिलना जरूरी है।

वहीं प्रदेश महासचिव हिरामन मिस्त्री ने कहा कि शिक्षित समाज के निर्माण के लिए अपने घरों में शिक्षा का अलख जगाने की जरूरत है, समाज एकजुट रहेगा तभी हम अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ सकते हैं। मौके पर कैलाश राणा, रामचंद्र राणा, भगीरथ विश्वकर्मा, द्वारिका राणा, गंगाधर राणा, लालजी राणा, अरुण राणा, सुखदेव राणा, राजू राणा, राधे राणा, मनोज विश्वकर्मा, अरुण कुमार सहित भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## दो दिवसीय सद्भावना सत्संग संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कादोडीह पंचायत स्थित गगरेसिंगा में सद्भावना सत्संग का आयोजन बुधवार की शाम किया गया था, जिसका समापन दूसरे दिन गुरुवार को हो गया। सत्संग के दूसरे व अंतिम दिन सन्त हीरा बाई ने कहा कि अमृतम सुख-दुख रुपी संसार को झेलते झेलते जब पूरी तरह लड़खड़ा जाता है, तो उसे आगे कोई रास्ता नजर नहीं आता है। तो उस समय एक बैसाखी की जरूरत होती है। वह बैसाखी है सत्संग वह बैसाखी है, गुरु का दर्शन, गुरु महाराज का सहारा। वहीं उन्होंने गौतम बुद्ध की जीवनि पर बृहद रूप से प्रकाश डालीं, महान पुरुष कहते हैं कि तुम असहाय न हो, निराश न हो, मेरे दरबार सत्संग में आकर देखो, यही तुम्हारा असली घर है। जिस घर में तुम रह रहे हो, अपना घर मानते हो, अपना देश मानते हो, वह घर व देश दो दिन का है। आपके जीवन में सच्चा सुख चाहिए तो गुरु महाराज के चरण में आना होगा। जो मनुष्य दर्शन रूपी बूटी, सत्संग रूपी बूटी को प्राप्त कर लेता है तो उसका जीवन सुखमय और आनंदमय हो जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि सारे सुखों का खान भक्ति है। कार्यक्रम में उपस्थित पंकजा बाई, प्रेरणा बाई, मान्यता बाई ने भी अपने-अपने भक्तिमय अमृतमयी वचनों को सुनाया। इस मौके पर भारी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे।

## नशा एक सामाजिक अपराध है, जागरूकता से दूर किया जा सकता है : एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** समग्र शिक्षा के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर रोकथाम एवं जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि एसडीओ रिया सिंह ने किया। वहीं प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि नशा एक सामाजिक अपराध है, जो न केवल व्यक्ति की आत्मा को नष्ट करता है, बल्कि देश और समाज की नींव को भी खोखला करता है, यह चिंता की बात है कि खुद को आधुनिक दिखाने के चक्कर में युवावर्ग नशे का शिकार हो रहे हैं, जबकि युवावर्ग देश का भविष्य होते हैं। उन्होंने कहा कि इस पर अविलंब अंकुश लगाने के लिए हमसबों को आगे आने की जरूरत है, समाज में जागरूकता फैला कर नशा मुक्त समाज बनाने का संकलन लेने की जरूरत है। वहीं डीईओ अविनाश राम ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन और बिक्री दोनों कानूनन अपराध है, इससे जनमानस को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए, उन्होंने कहा की 9 जून को जिले के सभी विद्यालयों में इस तरह का आयोजन कर छात्र छात्राओं, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समिति को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### भव्य जागरण का आयोजन, झूमे श्रद्धालु

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बासोडीह पंचायत के राउतडीह में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर गुरुवार की रात भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से जहां श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका मिलता है। जागरण में कोडरमा से आई स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप कोडरमा जागरण मंडली ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत-मंगल भवन अमंगल हारी. से हुई। रातभर चले इस कार्यक्रम में सुधीर पाण्डेय के नेतृत्व में दीपक सिंह, उपेंद्र मेहता, सुमन सोनकर, खुशबु गुप्ता, कुमारी रिंकी ने विभिन्न देवी-देवताओं की महिमा पर आधारित भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर भोजपुरी, हिंदी, क्लासिकल गीत पर ग्रामवासी झुमते नजर आये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, रामवचन यादव, प्रदीप कुमार यादव, भोला कुमार, दिनेश अग्रवाल, सुरेंद्र राम, दीपक कुमार यादव, अजय कुमार, सुजीत कुमार, विकास कुमार यादव, राजेश प्रसाद यादव, रितेश कुमार वैश्यकियार, बालगोविन्द प्रसाद यादव, राजेश वर्णवाल, दीपक गोस्वामी, नरेश प्रसाद यादव, प्रिंस कुमार, रामविलास यादव, अरुण प्रसाद यादव, राजकुमार प्रसाद यादव सहित पूरे गांव ने आयोजन में लगे थे।

## अवैध ढिबरा परिवहन कर ले जा रहे ट्रक व स्कोर्पियो समेत आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विशुनपुर झरकी गझंडी के रास्ते अवैध ढिबरा परिवहन करते हुए तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम रोहनियाटांड स्थित सड़क पर एंटी-क्राइम चेकिंग लगाया गया। एंटी-क्राइम चेकिंग के दौरान पुलिस के द्वारा तीन ट्रक एवं रेकी कर रहे स्कोर्पियो को रोककर जांच किया गया, जहां तीनों ट्रक में अवैध ढिबरा लदा हुआ पाया गया। वहीं अवैध ढिबरा परिवहन कर ले जा रहे उक्त तीनों ढिबरा लदे ट्रक, स्कोर्पियो को जप्त करते हुए आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त संतोष यादव से पूछ-ताछ करने पर ज्ञात हुआ कि यह विशुनपुर झरकी से सटे भानेखाप वन क्षेत्र से अवैध रूप से ढिबरा का उत्खनन कर जंगल के रास्ते परिवहन कर बाहर ले जाते हैं। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 178/25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों में**

40 वर्षीय बाजो सिंह पिता स्व.पुना सिंह चनाको गझंडी थाना तिलैया जिला-कोडरमा, 25 वर्षीय रेवल सिंह पिता महावीर सिंह नेरो पहाड़ी नावाडीह कोडरमा, 35 वर्षीय संतोष यादव पिता ब्रहम यादव इन्दरवा बस्ती वार्ड नं-4 तिलैया, 40 वर्षीय संजय सिहं पिता स्व. कार्तिक सिंह चनाको गंझडी तिलैया, 27 वर्षीय मुकेश कुमार पिता प्रयाग दास तिलैया बस्ती वार्ड न:-4 तिलैया, 34 वर्षीय सिकंदर तुरी पिता स्व.डोमन तुरी, 38 वर्षीय परमेन्दर तुरी पिता मोहन तुरी, 25 वर्षीय मनीष कुमार दास पिता दिलीप दास सभी गौतमबुद्ध नगर तिलैया बस्ती वार्ड न:-04 थाना तिलैया निवासी हैं।

**बरामद सामानों में**

दो शाक्तिमान ट्रक एक का नंबर डी1-929, दूसरा बिना नंबर), एक बिना नं का डंफर, एक सफेद रंग का स्कार्पियो संख्या-जेएच12पी-4545, प्रत्येक ट्रकों में 5-6 टन लदा हुआ ढिबरा, तीन विभिन्न कंम्पनीयों का मोबाइल।

**छापामारी दल में :** पुनि:-सह-प्रभारी विनय कुमार, थाना प्रभारी तिलैया, पुअनि. राणा रंजीत राय, तिलैया थाना व सशस्त्र बल, तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

# सरकारें आयी-गयी लेकिन नहीं बदली मंगरुतला गांव की तस्वीर

## गांव में न तो सड़क है, न बिजली और न ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, फटेहाल जीवन यापन कर रहे हैं ग्रामीण

- मंगरुतला गांव की भयावही स्थिति के कारण शादी के लिए भी नहीं आते हैं दूसरे गांव के लोग
- आजादी के इतने लंबे दशक के बाद भी गांव में नहीं पड़ती है अधिकारियों के कदम, बीमार होने पर खाट में लादकर ले जाते हैं पीड़ित को





खेत में बने चुंआ से पगडंडियों के सहारे पीने का पानी लाती महिलाएं व बच्चियां, गांव जाने वाली पत्थरीली सड़क

**सहजेब खान**

**जारी।** राज्य में कई सरकारे आयी-गयी, बनी-बिगड़ी और नेताओं के किस्मत चमके लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के हालात में सुधार नहीं हुई और आज भी जिले के कई गांवों के ग्रामीण फटेहाल जीवन यापन को विवश हैं। क्योंकि जिन जनप्रतिनिधियों का चयन कर विधान सभा भेजा गया उनका लाइफ स्टाइल तो चेंज हो गया। मगर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आज भी बुनियादी सुविधा को लेकर संघर्ष ही कर रहे हैं। जिले के आज भी कई इलाके ऐसे हैं जो विकास के नाम से कोसों दूर है। आजादी के 78 साल व झारखंड राज्य गठन के 24 साल बीत जाने के बाद भी गांव की तस्वीर नहीं बदली।

ऐसा ही एक गांव गुमला जिला के जारी प्रखंड के जरडा पंचायत के पहाड़ों की चोटी में बसा मंगरुतला गांव है। जहां के ग्रामीण आज भी विकास योजनाओं को लेकर जिला प्रशासन की ओर टकटकी लगाये बैठे हैं। बुनियादी सुविधाओ से वंचित मंगरुतला गांव में 25 से 30 परिवार निवास करते हैं। जहां जाने के लिए न तो बेहतर सड़क हैं और न ही शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को नसीब है। गांव तक पहुंचने के लिए पगडंडीनुमा रास्ते में बड़े-बड़े पत्थर व घाटी चढ़कर हर रोज ग्रामीण गांव सब्र का इम्तिहान देते पहुंचते हैं। बड़ी मुश्किल से दोपहिया वाहन गांव तक पहुंच पाते हैं। सड़क नहीं होने का दंश ग्रामीणों को इस कदर झेलना पड़ता है कि गंभीर स्वास्थ्य समस्या के वक्त मरीज को अगर अस्पताल ले जाना हो तो मरीज को खाट पर लाद कर 3 किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक ले जाना ही अंतिम विकल्प है।

सैकड़ों की आबादी वाले मंगरुतला गांव के ग्रामीण पानी की हर जरूरत के लिए चुंआ पर निर्भर हैं। वो चुंआ भी बढ़ती गर्मी के साथ सूखता जाता है और बरसात के दिनों में चुंआ का पानी लाल व दूषित हो जाता है। एकमात्र चुंआ से ग्रामीणों के लिए पानी की हर जरूरत पूरी नहीं हो पाती। बहरहाल बड़ा सवाल यह है कि आजादी के अमृतकाल में भी मूलभूत समस्याओं के लिए तरस रहे यहां के ग्रामीणों को आखिर कब इन परेशानियों से निजात मिल पायेगा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के द्वारा अबुआ आवास, पीएम आवास जैसी योजनाएं चलायी जा रही है। लेकिन इस गांव में किसी को आवास आज तक नहीं मिला है। सड़क नहीं रहने के कारण गांव में शादी के लिए रिश्ता तक नहीं आते हैं और बात करें सरकारी प्रशासन की तो आज तक गांव में किसी सरकारी अफसर के कदम नहीं पड़े हैं। आज भी लोग अगर किसी को स्वास्थ्य समस्या हो जाए तो पगडंडी व खाट के सहारे 3 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग तक पैदल लेकर जाते हैं। बरसात के दिनों में तो पैदल चलना भी मुश्किल हो जाती है।

### अधिकारी कहते हैं हो जाएगा समस्या का समाधान लेकिन आज तक नहीं हुआ : ग्रामीण

ग्रामीणों धनो कोरवाइन, तेजू बड़ाईक, प्रसाद खेरवार का कहना है कि पानी के लिए कई बार आवेदन दिया गया है। अधिकारी हो जाएगा बोलते हैं लेकिन आज तक पानी की व्यवस्थ नहीं हुई। आजादी के कई दशक बीतने और झारखण्ड निर्माण के 24 साल बीतने के बाद भी मंगरूतला के ग्रामीण आज भी ढिबरी युग में जी रहे हैं। मगरूतला गांव में बिजली का पोल लगा है। लेकिन बिजली नहीं आयी। ग्रामीण मोबाइल और टॉर्च दूसरे गांव जाकर या सोलर से किसी प्रकार चार्ज करते हैं। पढ़ाई करने वाले स्कूली बच्चे सोलर से बैटरी चार्ज करके या लालटेन के रौशनी से पढ़ते हैं। स्कूली बच्चों को शिक्षा भी अच्छे से नहीं मिल पाता है। दिन के उजाले में तो पढ़ाई होती है। लेकिन रात के अंधेरे में पढ़ाई में दिक्कत होती है। ग्रामीणों के मुताबिक जन समाधान शिविर में भी शिकायत हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। गांव की समस्या को लेकर हम और ग्रामीण जहां भी जन समस्या शिविर लगता है वहां पर हम लोग आवेदन लेकर जाते हैं। सारे अधिकारी कहते हैं समस्या का समाधान हो जाएगा। लेकिन आज तक तो नहीं हुआ है। गांव में 20 से 25 छोटे बच्चे बच्चियों हैं लेकिन आज तक यहां एक आंगनबाड़ी नहीं बनी है जिससे हमारे बच्चों की भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है।

# जीवन में निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ना चाहिए : उपायुक्त

## मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह संपंन, सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सफल विद्यार्थी को सम्मानित करती उपायुक्त व आईटीडीए निदेशक

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहीं उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित ने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र, शुभकामना संदेश, मोमेंटो तथा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा लिखित पुस्तक अग्नि की उड़ान भेंट स्वरूप प्रदान की। अपने संबोधन में उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि आप सभी बच्चों को अपने भविष्य के बारे में स्पष्टता है। आपको यह भलीभांति पता है कि आपको अपने जीवन में क्या करना है। यह एक सराहनीय संकेत है जो यह दशार्ता है कि आप सभी एक सकारात्मक दिशा में अग्रसर हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके समय में उन्हें इस बात की स्पष्टता नहीं थी कि उन्हें क्या करना है। उन्होंने केवल अपनी जिज्ञासा और महत्वाकांक्षा के पीछे निरंतर प्रयास किया और अपने सीखने की जिज्ञासा को सदैव बनाए रखा। उन्होंने कहा कि जीवन में हर जगह रुकना नहीं चाहिए, बल्कि आगे बढ़ने की इच्छा को सदैव जागृत रखना चाहिए। उपायुक्त कहा कि उन्हें आज भी आगे बढ़ने की इच्छा और जिज्ञासा की भावना बनी हुई है। जीवन में निरंतर सीखते रहना चाहिए। जब किसी व्यक्ति के भीतर जानने और जिज्ञासा की भावना समाप्त हो जाती है, तो उस व्यक्ति की आत्मिक मृत्यु हो जाती है। उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा लिखित पुस्तक अग्नि की उड़ान का एक प्रेरणादायक उद्धरण भी साझा किया। उन्होंने कहा जब हम सोते हैं, सोने से पूर्व जो इच्छाएं हम चिंतनपूर्वक सोचते हैं, वे जल्दी पूरी होती हैं। यदि हम दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करें तो संपूर्ण ब्रह्मांड हमारी इच्छाओं को पूर्ण करने में सहयोग करता है। उन्होंने बच्चों को आधुनिक तकनीकी उपकरणों का रचनात्मक और सकारात्मक उपयोग करने, सोशल मीडिया का भी विवेकपूर्ण एवं उत्पादक उपयोग करने तथा पुस्तकों के प्रति नियमित रुचि बनाए रखने की सलाह दी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में जिले के तीनों मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के टॉपर्स सहित जैक बोर्ड के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर्स को सम्मानित किया गया।

कुल 17 छात्र-छात्राओं को इस समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटीडीए परियोजना निदेशक श्रीमती रीना हांसदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कविता खलखो एवं जिला शिक्षा अधीक्षक श्री नूर आलम खां विशेष रूप से उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन बीपीओ दिलदार सिंह ने तथा सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शुभकामना प्रसाद एवं बीपीओ ओमप्रकाश दास ने समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### हाथी ने ग्रामीण का घर किया क्षतिग्रस्त

**जारी।** जारी प्रखंड क्षेत्र के सीसीकरमटोली गांव में अहले सुबह एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। लगभग सुबह 3 बजे गांव में घुसे हाथी ने ग्रामीण रंजीत चीक बड़ाइक के मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी ने घर के अंदर रखे धान को खा लिया और बाकी अनाज को बर्बाद कर दिया। अचानक हुए हमले से घर में सो रहे परिवार के सदस्य किसी तरह भागकर अपनी जान बचा सके। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को सुरक्षा के लिए पटाखा और टॉर्च प्रदान किया। विभाग ने नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने का आश्वासन भी दिया है। गांव के लोगों ने वन विभाग से हाथी की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जनसंख्या के आधार पर रैशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण करें: डीसी

**गुमला।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत सभी मतदान केंद्रों का गहन निरीक्षण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के पश्चात प्रत्येक केंद्र में जनसंख्या के आधार पर रैशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए मतदान केंद्रों को सुव्यवस्थित एवं सुलभ बनायें। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित सभी प्राप्त प्रपत्रों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने चुनाव संचालन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सांसद प्रतिनिधि कांग्रेसियों के साथ मिले उपायुक्त से, जनता से मिली समस्याओं से कराया अवगत

**गुमला।** सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा व कई कांग्रेसी शुक्रवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित से मुलाकात कर सांसद सुखदेव भगत द्वारा अनुशंसित पत्र समर्पित किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद को रायडीह प्रखंड के चैनपुर मुख्य पथ के समीप केराडीह बस स्टॉप डुमरडीपा से केराडीह गांव तक पथ निर्माण, नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में चेटर पुल से कन्हर टोली तक पथ निर्माण, रायडीह प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमिक उच्च विद्यालय केमटे एवं घाघरा प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमिक मध्य विद्यालय नौनी के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार का आवेदन जनता के द्वारा प्राप्त हुआ था। जिसे सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त को सौंपते हुए समाधान की अपील की। जिसपर उपायुक्त ने शीघ्र ा करने की बात कही है।

### जन शिकायत निवारण शिविर दिवस में 24 मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

**डुमरी।** गुमला जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं प्रशासनिक उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डुमरी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों से कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें राशन कार्ड संबंधित आवेदन 01, आवास संबंधित आवेदन 02, पेंशन संबंधित आवेदन 03, जाति,आय व आवासीय प्रमाण पत्र के 34, जमीन लगान संबंधित आवेदन 01, चल-अचल संपत्ति संबंधित 01,वाटर पंप संबंधित 01, जन्म प्रमाण पत्र संबंधित 03, आधार कार्ड संबंधित 01 मामला शामिल है। मौके पर ही 24 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।

### उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**गुमला।** उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में पीपल, आम, नीम एवं मौलश्री (स्पेनिश चेरी) के पौधे लगाकर जिलेवासियों को प्रकृति के साथ जुड़ने एवं हरित वातावरण के निर्माण हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रों में कम से कम 5 पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने विशेष रूप से पाकर, डूमर, गूलर, पीपल एवं मौलश्री जैसे पौधों के अधिकाधिक रोपण पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि ये पौधे भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करते हैं एवं जैव विविधता को संर्वधित करने में सहायक होते हैं। साथ ही ये पौधे पक्षियों के लिए भी अनुकूल आवास का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर पर्यावरण के निर्माण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है तथा यह प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है कि वे इस दिशा में सक्रिय योगदान दें।

## चैनपुर में महुआ शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# कई लीटर शराब जब्त कर नष्ट किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जब्त शराब को नष्ट करते चैनपुर पुलिस के पदाधिकारी

**चैनपुर।** बकरीद के त्योहार से पहले अवैध महुआ शराब की बिक्री पर नकेल कसने के लिए चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में सब-इंस्पेक्टर अशोक कुमार, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर नंदकिशोर कुमार और थाना के जवानों ने मोर्चा संभाला। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई लीटर महुआ शराब और उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाले जवा को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई विक्रेता अपने घरों को बंद कर भागते नजर आए।

हालांकि इस बार पकड़े गए कुछ शराब विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि अगली बार पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सब-इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के आदेशानुसार गुरुवार को महुआ शराब की अवैध बिक्री को रोकने के लिए यह विशेष छापामारी अभियान चलाया गया।

उन्होंने पुष्टि की कि अभियान के दौरान कई लीटर महुआ शराब को नष्ट किया गया। यह छापामारी अभियान चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के प्रमुख स्थानों जैसे पीपल चौक, प्रेमनगर, नदी टोली, आनंदपुर और रामपुर सहित कई अन्य जगहों पर चलाया गया। जहां अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली थी। पुलिस का कहना है कि बकरीद के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## बनारस के तर्ज पर हुआ शहर के बड़ा तालाब में गंगा दशहरा में महा आरती का कार्यक्रम

# सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु गंगा आरती में

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा गंगा दशहरा के पावन अवसर पर लोहरदगा शिव मंदिर स्थित बड़ा तालाब परिसर में गंगा महा आरती का एक अद्वितीय और भव्य आयोजन हुआ। जिसने नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा से भर दिया। आयोजन की अगुवाई भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू द्वारा की गई। जिनके प्रयासों से लोहरदगा में पहली बार बनारस की परंपरा के अनुरूप ऐसा नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर टी साहू थे। तालाब के शांत जल किनारे जैसे ही मंत्रोच्चार शुरू हुए और दीपों की रौशनी से मंदिर परिसर जगमगाने लगा, उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। गंगा महा आरती का संचालन पारंपरिक वेद विधि से किया गया, जिसमें विशेष रूप से चयनित दस कुमारी कन्याओं ने दीपों के साथ गंगा माता की आरती की। आरती का पूरा विधि-विधान लोहरदगा के प्रतिष्ठित आचार्य सूर्य नारायण पाठक द्वारा सम्पन्न कराया गया। उनके द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रों ने न केवल वातावरण को पावन किया, बल्कि उपस्थित जनमानस के हृदय को भी आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। यह आयोजन बनारस के घाटों की याद ताजा कर गया। जैसे बनारस में गंगा की आरती के दौरान दीपों की कतारें, मंत्रों की लहरें और भक्तों की जयकार गूंजती है, वैसे ही लोहरदगा का बड़ा तालाब परिसर उस रात एक जीवंत तीर्थ बन गया था। श्रद्धालु तालाब की सीढ़ियों पर बैठकर मंत्रों में लीन थे, और मंदिर परिसर दीपों की आभा से रोशन हो रहा था। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने आयोजन को लेकर कहा, ह्लबनारस की तरह गंगा महा आरती देखने की इच्छा अब लोहरदगा के लोगों को अपने ही नगर में पूरी हो रही है। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और नगर की पहचान से जुड़ा एक पवित्र प्रयास है। हमने गंगा माता की आराधना के माध्यम से नगर की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की है। आने वाले समय में इस आयोजन को और विस्तारित रूप में हर वर्ष आयोजित किया जाएगा।ह्व इस पावन अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, स्थानीय समाजसेवी और बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मवेशी लदे तीन पिकअप वाहन जब्त

**कुड़ू लोहरदगा ।** कुडू थाना क्षेत्र के लोहरदगा चंदवा मुख्य पथ पर बड़की चांपी दुर्गा मंदिर के समीप मवेशी लदे तीन पिकअप वाहन कुडू पुलिस ने जब्त किए। कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लोहरदगा से मवेशी लेकर वाहन चंदवा की तरफ जा रहे है। त्वरित करवाई करते हुए वाहनों की जांच की जाने लगी। तभी तीन पिकअप वाहन में बैठे लोग पुलिस को देख कर वाहन छोड़ भाग खड़े हुए। कुल 15 मवेशी थे जिसमें 11 भैंसा और 4 भैंस लोड थे। सभी को कुडू थाना में रखा गया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

### सांसद के पहल पर लगा ट्रांसफार्मर, प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

**भंडरा।** लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत की पहल पर भौरो पंचायत के सोरन्दा गांव के बाजार बस्ती में शुक्रवार नया ट्रांसफार्मर लगाया गया. इसका उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया. सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू ने उद्घाटन के मौके पर बताया कि गांव मे लगा ट्रांसफार्मर एक माह पहले जल जाने के कारण गांव में बिजली बाधित हो गई थी. ग्रामीणों द्वारा इस समस्या की जानकारी सांसद सुखदेव भगत को दी गई. सांसद ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी से बात कर नया ट्रांसफार्मर दिलाने का प्रबंध किया. अब गाँव में बिजली पुन: बहाल हो गई है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया. सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रखंड में जहां भी ट्रांसफर जलने के कारण अंधेरा हो रहा है, सभी स्थानों पर ट्रांसफर लगाया जायेगा.उद्घाटन के मौके पर मुखिया सुमित उरांव, संतोष पंडा, मजिबुला मीरदाहा,सजाद मीरदाहा,ननका उरांव, करमा उरांव,मंगरा उरांव, शनिया उरांव,सुनीता उरांव, बासमती उरांव,फूलमानिया उरांव, अनिल उरांव सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### रफ्तार ने ली युवक की जान

**कुड़ू लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक की मौत और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कुडू रांची मुख्य पथ एन एच 75 नेशनल हाईवे पर राजरोम में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग कुडू की तरफ आ रहे थे तभी अनियंत्रित होकर वो बीच डिवाइडर से जा टकराए। मोटरसाइकिल पर सवार चानहो के होन्हे निवासी कुलदीप महली के 25 वर्षीय पुत्र अजय महली की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा नरेश महली को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया।

### आवास व मनरेगा योजना का बीडीओ ने की समीक्षा

**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में आवास व मनरेगा को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें वैसे आवास लाभुकों को जल्द से जल्द आवास को पूर्ण कराने, का निर्देश दिया गया जो पीएम आवास योजना व अबुवा आवास का अग्रिम राशि ले चुके हैं काम में प्रगति नहीं ला रहे हैं उनको चिन्हित करते हुए आवस्यक दिशा निर्देश दिया जाए। ताकि अगले सूची के लाभुकों का काम को प्रारम्भ करवाया जा सके। बैठक में बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास का लक्ष्य है ऐसे में हर इंसान को रहने के लिए पक्का मकान का होना आवश्यक है और इसी को ध्यान में रखते है योग्य लाभुकों का चयन किया जाना बेहद जरूरी है और जिन लाभुकों को पैसा भेजा जा चुका है तो फिर आवास निर्माण जल्द करवाना लाभुक सहित सबकी जिम्मेदारी बनती है। मौके पर पंचायत सचिव आंनद कुमार सिंह, जग्गू उरांव, शशि कुमारी, मंसूर आलम, परवेज आलम, रंजीत लकड़ा सहित कर्मी मौजूद थे।

### मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर जागरूकता प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कैरो।** निषेध मादक पदार्थों की रोकथाम और जागरूकता को लेकर शुक्रवार को प्रखंड सभागार में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुखिया, पंचायत सचिव व प्रज्ञा केंद्र संचालक भिएलई उपस्थित हुए। जहाँ प्रशिक्षक के रूप में कुडू कैरो रेंज के बनरक्षी श्री बिपिन व प्यारी कुमारी द्वारा बताया गया कि आज के समय में नशा के कारण युवक युवती व सभी समाज के लोगों को बबार्दी का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में खास तौर पर सूखा नशा जैसे गांजा, अफीम, तम्बाकू सहित दर्जनों ऐसी नशा की समान बाजार में मिल रही है जिसका प्रयोग कर युवकों में कई तरह कि बीमारी हो रही है। बनरक्षी श्री बिपिन ने कहा कि सूखा नशा एक ऐसी बीमारी है जिसका उपयोग करने में जितना खर्चा होता है उससे ज्यादा उसके इलाज में खर्च हो जाता है साथ मे परिवार की स्थिति भी बबार्दी की तरफ हो जाती है। इसी कारण आज जरूरत है कि पहले खुद और उसके बाद अपने अपने पंचायत के युवकों को इस लत से छुड़ाने की जरूरी है। और यह तब सम्भव है जब सभी सभ्य समाज एक होकर इस मुहिम को आगे बढ़ाने का प्रयाश करेंगे। मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, पंचायत सचिव आंनद कुमार सिंह, शशि कुमारी, इकबाल अंसारी, एम तिवारी, दिलीप कुमार सिंह, सरवन साहू सहित उपस्थित थे।

### भंडरा से जुगल भगत और सदर प्रखंड से सत्यदेव भगत फिर बने अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष ने की घोषणा

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार भंडरा और सदर प्रखंड कमिटी का घोषणा किया है। जिसमें भंडरा में जुगल भगत फिर से प्रखंड अध्यक्ष बनाए गए है वहीं दो उपाध्यक्ष और 9 महासचिव मनोनीत किया गया है। वही सदर प्रखंड कमिटी के अध्यक्ष भी फिर से सत्यदेव भगत को चुनते हुए 12 सदस्य समिति का निर्माण किया गया है। सुखैर भगत ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर संगठन सृजन वर्ष कार्यक्रम के तहत दिनों प्रखंडों के कमिटी का घोषणा किया गया है। जल्द ही बाकी समिति की भी घोषणा कर दी जाएगी।

### नेतरहाट मुखिया के फर्जी हस्ताक्षर और पंचायत की सरकारी मुहर का दुरुपयोग कर भूमि लीज करवाया

# मुखिया ने डीसी से लीज रद्द करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड।** ग्राम पंचायत नेतरहाट के निर्वाचित मुखिया रामबिशुन नगेशिया ने एक बेहद गंभीर मामला उजागर करते हुए कहा है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा उनके फर्जी हस्ताक्षर और पंचायत की सरकारी मुहर का दुरुपयोग कर 06 सितंबर 2023 को एक पंजीकृत लीज एग्रीमेंट डीड (डीड संख्याः 2023/LAT/2338/BK1/233, पृष्ठः 125-196) तैयार किया गया, जो लातेहार के रफ्ड कार्यालय में पंजीकृत है जिसकी जानकारी उन्हें हाल ही में मिली है। इस फर्जीवाड़े के संबंध में नेतरहाट मुखिया रामबिशुन नगेशिया द्वारा नेतरहाट थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया गया था, परंतु थाना प्रभारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, जो अत्यंत निंदनीय और न्यायिक प्रक्रिया की अवहेलना है। उन्होंने इस बात पर कड़ी आपत्ति जताई है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है, जिससे फर्जीवाड़ा करने वालों का मनोबल और बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह थाना प्रशासन की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता को दर्शाता है, जो न केवल विधि के शासन के खिलाफ


मुखिया रामबिशुन नगेशिया।

है, बल्कि पीड़ित को न्याय से वंचित करता है। श्री नगेशिया ने कहा कि एक चुने हुए जनप्रतिनिधि द्वारा लिखित आवेदन देने पर थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं किया जा रहा तो आम आदमी के साथ क्या बर्ताव होता होगा इसका अंदाजा आप लगा सकते है। मुखिया रामबिशुन नगेशिया ने यह भी बताया कि उक्त फर्जी डीड में शामिल व्यक्ति लोहरदगा, रांची, नेतरहाट, और लातेहार के हैं। इससे स्पष्ट है कि यह केवल एक साधारण विवाद नहीं, बल्कि बहु-ज़िला स्तर का संगठित भू माफियों का षड्यंत्र हो सकता है, जिसमें सरकारी कागजातों और पंचायत की मुहर का दुरुपयोग हुआ है। श्री नगेशिया ने इस पूरे मामले में लातेहार के जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से पत्र के माध्यम से मामले की उच्चस्तरीय जांच, फर्जी डीड को रद्द करने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने नेतरहाट थाना प्रभारी को आदेशित कर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू करने की भी अपील की है।

मुखिया ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं होती है, तो वे न्याय के लिए पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड से मिलकर लिखित शिकायत देंगे और जरूरत पड़ने पर उच्च न्यायालय तक जाने को बाध्य होंगे।

## चंदवा: गंगा दशहरा पर देवनद दामोदर को संरक्षित करने का लिया गया संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** गंगा दशहरा के मौके पर गुरुवार की शाम चंदवा स्थित देवनद तट पर पूजा अर्चना की गई। गौरतलब हो कि देवनद दामोदर बचाओ अभियान के प्रणेता सह विधायक सरयू राय की पहल पर गंगा दशहरा कार्यक्रम आयोजित किए गए। चंदवा में देवनद तट पर देवनद दामोदर बचाओ अभियान के पलामू प्रमंडलीय संयोजक स्व प्रभाकर मिश्र के नेतृत्व में हर वर्ष यह कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आयोजित किए जाते थे। इस वर्ष भी उनकी गैरमौजूदगी में देवनद तट की पूजा अर्चना कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं नदी को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लिया गया। पंडित अश्विनी कुमार मिश्र के सानिध्य में यजमान चन्द्रभूषण केशरी ने पूजन अर्चना सम्पन्न किया। ततपश्चात अजय वैध ने बताया कि उक्त देवनद नदी का उद्गम स्थल चंदवा एवं कुडू प्रखंड के सीमाने पर स्थित चुल्हापानी से है। यही देवनद आगे जाकर दामोदर नदी के रूप में विहंगम रूप बनाती है।



कहा कि इस पूरे अभियान के प्रणेता सरयू राय के आह्वान एवं चापी गांव निवासी स्वर्गीय सुरेश सिंह व चंदवा निवासी स्व प्रभाकर मिश्र की पहल पर उद्गमस्थल चूल्हापानी में पूजन की शुरूआत कर हुई थी। उनके नेतृत्व में यह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता रहा है। यह आज भी अनवरत जारी है। उन्होंने सभी लोगों से नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने एवं संरक्षित करने का आह्वान किया। इस दौरान पंडित अनिकेत मिश्र के नेतृत्व में गंगा आरती का आयोजन किया गया। मौके पर संजीव आजाद, विभाकर मिश्र, सुधाकर मिश्र, विकी जायसवाल, राजेश वर्मा, मोहनीश कुमार, मनु कुमार गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## चकला कोल ब्लॉक से विस्थापित हो रहे रैयतों एवं हिंडालको प्रबंधन के साथ एसडीओ ने की बैठक

➲ विस्थापित हो रहे रैयतों के हक अधिकार एवं रोजी रोजगार पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


हिंडालको प्रबंधन के साथ बैठक करते पदाधिकारी एवं अन्य।

**चंदवा।** चंदवा के चकला स्थित हिंडालको चकला कोल माइंस खुलने की प्रक्रिया को तेज करने को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशन में शुक्रवार को लातेहार एसडीओ अजय कुमार रजक ने विस्थापित ग्रामीणों एवं हिंडालको प्रबंधन के अधिकारियों के साथ सार्थक बैठक की। बैठक में एसडीओ श्री रजक ने ग्रामीणों की बातों की गंभीरता पूर्वक सुना। ग्रामीण की ओर से विकास भगत ने विस्थापन के बाद होने वाली समस्या, भूमि अधिग्रहण, रोजी रोजगार, विस्थापन एवं पुनर्वास नीति, जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार, गैर मजरूआ जमीन पर मालिकाना हक समेत कई बिंदुओं को रखा, जिस पर एसडीओ ने कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों से निर्देशित भी किया। हिंडालको प्रबंधन की ओर से विस्थापित हो रहे ग्रामीणों को आश्वस्त कराया गया कि विस्थापितों को पूरा कह अधिकार मिलेगा, रोजगार के भी अवसर दिए जाएंगे, विस्थापन नीति के तहत कॉलोनी अथवा उचित मुआवजा भी दिया जाएगा। एसडीओ ने ग्रामीणों को भरोसा देते हुए कहा कि विस्थापित हो रहे ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पूरी पारदर्शिता के साथ बातचीत होगी। डीसी के निर्देश के बाद दूसरी बार आपके बीच आए हैं ताकि आपकी समस्या का समाधान निकले, विस्थापित होने वाले लोगों के जीविका चले रोजगार मुहैया हो इसको लेकर जिला प्रशासन प्रयास करेगी। इस दौरान एसडीओ ने प्रबंधन से मुआवजा राशि और कितना बढ़ाया जा सकता है इस पर भी विचार करने की बात कही। ग्रामीणों ने जमीन जाने के बाद उनके बच्चों का प्रमाण पत्र कैसे बनेगा इसको लेकर भी सवाल पूछा इस पर एसडीओ ने कहा कि किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है, जिनके पास खतियान व कागजात है व पुराना जमीन है सबका प्रमाण पत्र प्रावधान के तहत बनेगा। इसके अलावे भी ग्रामीणों की ओर से कई बातों को एसडीओ के समक्ष रखा गया, जिस पर एसडीओ ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह एक और बैठक रखी जाएगी, जिसमें आप सभी की समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। बैठक में सीओ जय शंकर पाठक, राजस्व कर्मचारी गुलाम साबिर, मुखिया रंजीता एक्का, हिंडालको प्रबंधन के दीपक लेंका, प्रकाश कुमार, ग्रामीण हरि भगत, मो इजहार समेत बड़ी संख्या में विस्थापित रैयत मौजूद थे।

## चंदवा: चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय में जेंडर रिसर्च सेंटर का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पूर्वी पंचायत सचिवालय के ठीक सामने जेएसएलपीएस की पहल पर शुक्रवार को जेंडर रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ चंदन प्रसाद के अलावे डीपीएम संतोष कुमार, एसडी जिला मैनेजर रोजेलिया लकड़ा, चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा एवं एमटीएस कृष्णकांत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विषय प्रवेश लीगल वालंटियर आरती देवी ने करवाया। बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि यह सेंटर महिलाओं युवतियों एवं बच्चियों को समानता तथा सामाजिक न्याय दिलाने का एक सशक्त माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि समाज में जेंडर विषमताएं व्याप्त है। कई स्थान पर लड़कियों को लड़कों से कम तरजीह दी जाती है यह गलत है। सभी को समानता का अधिकार मिलना है। उन्होंने बाल श्रम, भ्रूण हत्या, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह समेत अन्य


जेंडर रिसर्च सेंटर का हुआ उद्घाटन।

सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा कर कहा कि इन सभी समस्याओं के निदान के लिए उक्त केंद्र की शुरूआत की गई है। ऐसी कोई भी शोषित महिला उत्पीड़न के अलावे अन्य समस्याओं को लेकर इस केंद्र में अपना दर्द बयां कर सकती है। एसडी जिला मैनेजर श्रीमती लकड़ा एवं डीपीएम श्री कुमार ने बताया कि इस केंद्र के शुरू होने से महिलाओं पर हो रहे शोषण के लिए निदान ढूंढा जाएगा। लोगों ने बताया कि इसके लिए सभी पंचायत में एक बदलाव दीदी का चयन किया गया है। यह महिलाएं युवती एवं बच्चियों पर हो रही उत्पीड़न की जानकारी केंद्र में देंगे। ऐसी पीड़ित महिला युवती एवं बच्ची को लेकर केंद्र तक पहुंचाएंगे। यहां पर लीगल वॉलिंटियर्स प्रखंड के अधिकारी एवं वकील के साथ उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास होगा। डीपीएम श्री कुमार ने कहा कि पूर्व से ही जेंडर संबंधित समस्या समझ में काफी अंदर तक है। पहले से ही सीडीपीओ एवं डालसा की पहल पर इस पर कार्य हो रहा है। इस पूरे कार्यक्रम में समूह की महिलाएं एवं बदलाव दीदी का महत्वपूर्ण योगदान होने वाला है। सभी महिलाओं से इस सामाजिक उत्थान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने आह्वान किया। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम मुजीबुर आरती, सुरेंद्र कुमार के अलावे विभिन्न समूह की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

### शिव मंदिर का 18 वां वार्षिकोत्सव संपन्न


पुजा करते राजधानी प्रसाद यादव सपत्नी।

**लातेहार।** होटवाग मे औरंगा नदी के किनारे स्थित शिव मंदिर का 18वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 24 घण्टे का अखण्ड कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही भंडारा कार्यक्रम मे श्रद्धालुओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम मे मुख्य यजमान के रूप मे राजधानी यादव एवं बिनोद यादव सपत्नी एवं पुरोहित रामप्रवेश पाण्डेय शामिल थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति सभी सहयोग कर्ता का आभार प्रकट करती है। इस कार्यक्रम में सत्येंद्र यादव, प्रमोद यादव, नेपाल यादव, वंशी यादव, हरिशंकर यादव, मिथलेश यादव, राजमणि यादव, अमरेश यादव, पंकज यादव, शिवकुमार राम, बिहारी यादव, हीरा प्रसाद यादव, परशुराम लोहरा सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

### गायत्री जयंती पर हुआ हवनयज्ञ का आयोजन



**बालूमाथ।** गंगा दशहरा व गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार और परम पूज्य गुरुदेव वंदनीय माता जी के सूक्ष्म संरक्षण मे अखिल विश्व गायत्री शाखा बालूमाथ में कार्यकर्ता कृष्णकांत गुप्ता के आवासीय परिसर मे एक कुंड़ीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। साधकों ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोक व विश्व कल्याण की कामना की। साथ ही गीत संगीत के माध्यम से प्रेरणा गीत गाकर लोगों को प्रेरित किया गया। धरती पर गंगा के अवतरण व गायत्री माता की जयंती के विषय में विस्तार से बताया गया। गायत्री महामंत्र व आरती से आस-पास धार्मिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री शाखा बालूमाथ के संतोष सिन्हा, कृष्णाकांत गुप्ता, प्रेम कुमार शर्मा, महानंद कुशवाहा, विजेन्द्र गुप्ता, प्रमोद प्रसाद, विनोद साहु सहित महिला मंडल, प्रज्ञा मंबल के दर्जनों कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### महुआ शराब के विरुद्ध चलाया गया अभियान



**महुआडांड।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर उत्पाद विभाग लातेहार एवं महुआडांड़ थाना के संयुक्त टीम के द्वारा अवैध महुआ शराब निर्माण एवं बिक्री किए जाने के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 500 किलो जावा महुआ एवं लगभग 100 लीटर महुआ शराब को स्थल पर विनष्टीकरण करते हुए सम्मिलित लोगों को के विरुद्ध अग्रिम एवं आवश्यक कार्रवाई की गई। प्रखंड में बढ़ रही नशाखोरी को लेकर लगातार इसके रोकथाम के लिए कार्रवाई करने की मांग प्रखंड वासियों के द्वारा की जा रही थी। शांति समिति की बैठक में भी प्रखंड के प्रबुद्ध जनों के द्वारा नशाखोरी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई थी। जिसे देखते हुए प्रखंड प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई करते हुए सैकड़ो लीटर शराब एवं शराब निर्माण के लिए उपयोग की सामग्री का विनष्टीकरण किया गया। इस अभियान में उत्पाद विभाग के पदाधिकारी, थाना प्रभारी मनोज कुमार, एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### प्रभात कुमार गुप्ता ने विघालय का लिया जायजा


विघालय का जायजा लेते प्रभात कुमार गुप्ता।

**लातेहार।** डीवीसी के सीएसआर गतिविधियों के विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार गुप्ता ने डीवीसी के द्वारा प्रभावित एवं विस्थापित क्षेत्र में स्थित विद्यालय का दौरा किया। दौरा के दौरान विकास हेतु आवश्यक कार्य एवं सामग्री जैसे बोरिंग, मोटर, नल, कुर्सी, बेंच -डेक्स, डिजिटल एजुकेशन डिवाइस, पंखे आदि की उपलब्धता तथा जर्जर स्थिति में पड़े कक्षा की छतों एवं विद्यालय की रिपेयरिंग मरम्मत कार्य करने की बात वर्तमान विधायक प्रकाश राम के आदेश अनुसार डीवीसी कंपनी के सीएसआर प्रबंधक को दी। वहीं नेवाड़ी विद्यालय के उप प्रधानचार्य से विस्थापन की स्थिति समय एवं स्थान की जानकारी लिया। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि जल्द डीवीसी कंपनी के द्वारा विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र का विकास कार्य बड़े पैमाने पर किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक शिक्षक तथा तय प्रकाश साहू, आकाश कुमार, बहादुर उरांव देवचंद उरांव अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में 4 घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनएच 75 रांची मुख्य मार्ग व एनएच 99 रांची- चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए। पहली घटना एनएच 99 अंतर्गत हिसरी गांव के समीप हुई यहां स्कूटी व बाइक के बीच हुए टक्कर में दो महिलाएं एवं एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों में 108 एंबुलेंस की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर पहुंचाया गया यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं को रिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एक स्कूटी पर सवार होकर सुषमा भोक्ता पिता स्व नंदकिशोर गंझू भुलवाही, बालूमाथ एवं मंतूरिया देवी पति नंदकिशोर गंझू भुलवाही बालूमाथ की ओर जा रहे थे, इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार किशोर अविनाश उरांव पिता महावीर उरांव सिकनी चंदवा ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में स्कूटी चला रही सुषमा को गंभीर चोट आई थी। तत्काल आसपास के लोगों की मदद से सुषमा एवं मंतुरिया देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। यहां चिकित्सक डॉक्टर कंचन बाड़ा ने उसका प्राथमिक उपचार किया। गंभीर स्थिति देख सुषमा को रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरी घटना एनएच 75 मार्ग अंतर्गत सिकनी के समीप हुई, यहां चंदवा से लातेहार जा रही जीप अनियंत्रित होकर एनएच किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई जिसमें मो. तौहीद खान (पतरातु लातेहार) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल लातेहार ले जाया गया है। घटना के समय बताया जाता है कि ताहिर अपने ससुराल लोहरदगा गया था, जहां से वह वापस लौट रहा था, इसी दौरान उक्त हादसा हुआ।

## मनिका प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को रद्द करने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया आवेदन

### षड्यंत्र बनाकर हमारी छवि धूमिल करने का किया गया प्रयास : प्रमुख

➲ पंचायत समिति सदस्यों ने एक स्वर में कहा प्रमुख के कार्यशैली से हमलोग खुश।

**खबर मन्त्र संवाददाता**


एसडीएम को आवेदन देते सदस्य।

**लातेहार।** मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को रद्द करने को लेकर दिन शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के 6 पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार को आवेदन सौंपा गया है। वहीं आवेदन के माध्यम से पंचायत समिति सदस्यों ने बताया कि प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के खिलाफ विभिन्न तरह का आरोप लगाकर षड्यंत्र के तहत अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 29 मई को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका संदीप कुमार को ज्ञापन दिया गया था। वहीं पंचायत समिति सदस्यों ने बताया कि कुछ सदस्यों की मनमानी नहीं चलने से वह प्रखंड प्रमुख से नाराज थे, जिसके बाद उन लोगों के द्वारा षड्यंत्र रचते हुए हम सभी को धोखा देकर एवं उल्टा पलटा समझा कर अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए हस्ताक्षर करवाया गया। जिसका हमलोगों के द्वारा विरोध करने पर उक्त सदस्यों के द्वारा हम लोगों को डराया धमकाया भी गया और बोला गया कि आप लोग चुपचाप रहे बाकी हम लोग संभाल लेंगे। वहीं प्रखंड प्रमुख के समर्थन में अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर 6 पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि हम सभी प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के कार्य शैली से खुश हैं और उनके द्वारा नियम संगत कार्रवाई किया जाता रहा है, उनके कार्य शैली से हम लोगों को कोई नाराजगी नहीं है। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने बताया कि कुछ लोगों ने अपना व्यक्तिगत ईर्ष्या निकालने के लिए षड्यंत्र रचते हुए मेरी छवि धूमल करने का प्रयास किया है,लेकिन मुझे किसी से कोई शिकायत नहीं है,मुझे हमारी जनता और पंचायत समिति सदस्यों के समर्थन से प्रखंड प्रमुख का दायित्व दिया गया है और मैं अपने कर्तव्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर रही हूं, जो अच्छा करता है उसके साथ हमेशा अच्छा ही होता है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य देवधारी उरांव सिंजो, भिखारी सिंह मटलोंग, सुषमा देवी बरवैया कला, रूबी देवी जान्हों, प्रतिमा देवी कोपे, बाबूलाल कुमार रवि बंदुआ, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बकरीद पर्व को लेकर सरयू में किया गया फ्लैग मार्च

**सरयू।** सरयू टीओपी क्षेत्र में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस बल के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आम नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए प्रशासन ने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का अनुरोध किया। टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और उपद्रवियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च का उद्देश्य है लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है।


फ्लैग मार्च निकालती पुलिस।

### लातेहार पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील


फ्लैग मार्च निकालती पुलिस।

**लातेहार।** बकरीद पर्व को लेकर शुक्रवार को जिला प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व एसडीओ अजय कुमार रजक ने किया। वहीं मौके पर सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, एसडीपीओ अरविंद कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। फ्लैग मार्च लातेहार थाना से समाहरणालय तक निकाला गया। इस दौरान एसडीओ अजय कुमार रजक ने शांतिपूर्ण महौल में त्योहार मनाने की अपिल की। जिला प्रशासन आपके लिए तत्पर है और हरेक स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। वहीं एसडीपीओ अरविंद कुमार ने कहा कि सुरक्षा की मद्देनजर लातेहार शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया है। सरारती तत्वों पर हमारी नजर बनी हुई है। पुलिस हर चौक-चौराहों पर मौजूद है। शांतिपूर्ण महौल में त्योहार मनाने की अपिल की।

### मदीना मस्जिद मे सुबह 6 बजे अदा की जाएगी ईद उल अजहा की नमाज


बकरीद को लेकर फ्लेग मार्च निकालती पुलिस।

**चंदवा।** ईद उल अजहा (बकरीद) का त्यौहार शनिवार सात जून को देश भर मे मनाया जाएगा। जिसके लिए चंदवा प्रखंड मे विभिन्न मस्जिदों में नमाज का समय तय कर दिया गया है। इसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इधर त्यौहार को लेकर बच्चों, महिलाओं समेत युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। शुक्रवार को लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। बाजार में सेवई, इत्र, कपड़े, खजूर, टोपी, रुमाल की दुकानें सजी थी। देर रात तक लोग खरीददारी करते देखे गये।

### बेतला में पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित, सांसद को सौंपा गया मांगपत्र

# जनसंवाद में उठा दुकानदारों का मुद्दा, सांसद ने दिये कार्रवाई के निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर गुरुवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह बेतला नेशनल पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं के साथ जनसंवाद किया और क्षेत्र की समस्याओं को सुना। इस मौके पर बरवाडीह व्यवसायिक समिति की ओर से सांसद को एक मांगपत्र सौंपा गया। समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि वर्ष 2009-10 में बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्ववित्तपोषित योजना के तहत 60 दुकानों का निर्माण हुआ था, लेकिन अब तक दुकानदारों को वैध


कार्यक्रम में मौजूद हरिकृष्ण सिंह व भाजपा कार्यकर्ता।

इकरारनामा नहीं दिया गया है। इससे दुकानदारों को प्रशासनिक स्तर पर कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समिति ने सांसद से आग्रह किया कि दुकानों का मासिक किराया अधिकतम 5 रुपये प्रति वर्ग फीट निर्धारित किया जाए और सभी दुकानों को नियमित किया जाए। इस पर सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनता से जुड़े मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सांसद कालीचरण सिंह ने पर्यावरण दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, सांसद प्रतिनिधि मोहिबुद्दीन अंसारी, प्रमुख सुशीला देवी, उपप्रमुख बिरेंद्र जयवसाल, व्यवसायिक समिति के महामंत्री मनोज प्रसाद, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, समाजसेवी दीपक तिवारी, पारस जयसवाल, ननदेव सिंह समेत कई ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस की छापामारी में चोरी की 11 बाइक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो शहरी क्षेत्र में बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए गए छापामारी अभियान के तहत बोकारो पुलिस को आज बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चोरी की 11 बाइक बरामद की। दरअसल बोकारो के शहरी क्षेत्र में निरंतर बाइक चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक बोकारो नगर के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर निरन्तर छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में 05 जून को पुलिस अधीक्षक को यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बाइक चोर शहर में रेकी कर रहे हैं और बाइक चोरी करने की फिराक में है। इसकी सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक ने विशेष छापामारी दल को दी। उक्त सूचना पर छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप में शामिल एक बालक को पकड़कर उसकी निशानदेही पर बोकारो शहर के अलग-अलग स्थानों से चोरी गई कुल 11 मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में पश्चिम बंगाल के कोटशिला निवासी शिवा कुमार तथा पाण्डु मुण्डा के नाम शामिल हैं।

# पुलिसकर्मियों ने किया मॉक ड्रिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा इस दौरान लेकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने को लेकर बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह की उपस्थिति में स्थानीय पुलिस केन्द्र में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक-नगर परिचारी प्रवर-1 परिचारी प्रवर-2 एवं जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा जवान सम्मिलित रहे।

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस के जवानों को किसी भी आपातकाल से निपटने की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही जवानों को दंगा विरोधी हालात पर काबू करने के भी गुर सिखाये गये।

## बीएसएल में विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह का
# समापन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता







**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के अंतर्गत आयोजित सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स सेक्टर-5 के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष की वैश्विक थीम-प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं के अनुरूप बीएसएल ने अपनी सशक्त प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए विविध रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित किया। समारोह में बीएसएल के सीजीएम-अनुरक्षण शरद गुप्ता सीजीएम- पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी डीके सक्सेना बोकारो चैप्टर के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के चेयरमैन बीके प्रसाद सचिव हरिहर राउत विभाग की जीएम प्रीति झा डीजीएम उमेश कुमार सिंह एजीएम नितेश रंजन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बोकारोवासी उपस्थित थे। सप्ताह व्यापी कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण चित्रकला प्रतियोगिता अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशालाएं प्लास्टिक प्रदूषण पर जागरूकता रैली निबंध लेखन पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज जैसी अनेक प्रेरक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें अधिकारी कर्मचारी एवं बोकारोवासी शामिल हुए। वक्ताओं ने पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने व प्रकृति-संवेदी जीवनशैली अपनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी को समय की आवश्यकता बताया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एजीएम तरुण श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के सचिव हरिहर राउत द्वारा किया गया।

# निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर अंकुश हेतु कार्यशाला आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग रोकने को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह- कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा ने की। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता राज्य समन्वयक के प्रतिनिधि डॉक्यूमेंटेशन ऑफिसर एसएलसीए सुशील कुमार डीपीआरओ रवि कुमार पुलिस निरीक्षक रूपेश कुमार साइकेट्रिस्ट डॉ प्रशांत मिश्रा आदि उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त श्री झा ने कार्यशाला को काफी महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों से इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसके परिणाम काफी दूरगामी हैं क्योंकि यह हमारे बच्चों व युवाओं के भविष्य से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के पदाधिकारी टीम बनाकर लगातार जिले में छापेमारी अभियान चलाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि अगर बच्चे -राष्ट्र के भविष्य मादक पदार्थों का सेवन करेंगे तो उनका व्यक्तित्व खोखला हो जाएगा। इसके दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने उपस्थित सभी को शपथ दिलायी। कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा हैं तथा युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती है। कहा कि हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय परिवार मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त कराएंगे। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रखंड स्तरीय सभी सीडीपीओ/महिला पर्यवेक्षिकाओं विभिन्न निजी संस्थाओं विभिन्न विभागों के कर्मियों को विशेषज्ञों द्वारा मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह सभी आगे प्रखंड-पंचायत स्तर पर अन्य लोगों को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग रोकने को लेकर जागरूक करेंगे। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका जरीडीह पुष्पा सिंह सीडीपीओ पेटरवार चंदा रानी अमर संस्कार कल्याण केंद्र के सचिव रवीश कुमार समेत सभी सीडीपीओ/सभी महिला पर्यवेक्षिका विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# अखंड हरिकीर्तन से आस्था बढ़ने के साथ समाज में समरसता कायम रहती है : बबिता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के हिसीम गांव के हरिमंदिर स्थान में विधि विधान के साथ 72 घण्टे का अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ शुक्रवार को सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक बबिता देवी के द्वारा किया गया। इस दौरान सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की धर्म पत्नी सह पूर्व विधायक बबिता देवी ने कहा कि अखंड हरि कीर्तन से न सिर्फ आस्था बढ़ती है बल्कि समाज मे आपसी समरसता कायम रहती है और लोगो के मन को शांति एव आध्यात्मिक चेतना भी जगती है। उन्होंने इस पूजा के माध्यम से गांव समाज में सुख समृद्धि व अमन चैन की कामना किया। कहा कि अखंड हरि कीर्तन से पूरे गांव सहित आसपास के इलाके में भक्ति का संचार होता है। इस तरह की धार्मिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए ताकि लोगो में आस्था बढ़ने के साथ साथ समाज की एकता बना रहे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव समाज के सुख समृद्धि के लिये ग्रामवासियों के सहयोग से हर साल अखंड हरि कीर्तन का आयोजन सालों से होते आ रहा है। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम पंसस जगेश्वर मूर्मू आनंद महतो राजेश टूड्डू केदार महतो लालदेव महतो फनीद्र नाथ मुंडा जानकी महतो कुलदीप करमाली अनीश जायसवाल झरी महतो प्रमोद कुमार कमलेश कुमार महतो विमलेश कुमार महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# ललमटिया गोलीकांड में सम्मिलित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में

## झारखंड के गोड्डा पुलिस को मिली बड़ी सफलता



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा /ललमटिया।** राजमहल परियोजना (इसीएल) ललमटिया क्षेत्र अन्तर्गत ओसीपी के पहाड़पुर गाँव में हो रहे खनन कार्य में बाधा डालने एवं मजदुरों पर हमला करने के उद्देश्य से कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली बारी की घटना कारित कि गयी थी । इस घटना में एक एउछ कर्मी घायल हुआ था जिस संदर्भ में ललमटिया थाना कांड सं0 44/ 2025, दिनांक- 28/05/ 2025, धारा-121/ 121(1)/ 122/109/ 118(1)/ 132/ 324(4) बी०एन०एस० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। घटना का उद्‌भेदन करते हुए इसमे संलिप्त दो अपराधकर्मियों को दिनांक 01.06.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। कांड के अग्रतर अनुसंधान के क्रम में इस कांड में संलिप्त दो अन्य अप्रा० अभि० 1. बेटका टुडू, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता- स्व० बबलु टुडू, सा०- धमनी, थाना- बोआरीजोर, जिला-गोड्डा 2. अर्जुन ठाकुर, उम्र करीब 49 वर्ष, पिता स्व० गुरुचरण ठाकुर, सा) बढ़ा भोडाय, थाना- ललमटिया, जिला-गोड्डा को गिरफ्तार कर उन दोनो का स्वीकारोक्ति बयान लिया गया जिसमें उन दोनों ने भी इस कांड में अपनी सलिप्तता स्वीकार करते हुये अन्य अभियुकों कि संलिप्तता कि बात बताए है। अग्रतर पुछ-ताछ के क्रम में इन दोनों के द्वारा बताया गया कि ये सूर्यनारायण हाँसदा के नेतृत्व में घटना को अंजाम देते है। अभियुक्तों कि गिरफ्तारी के क्रम में उक्त अभियुकों के पास से घटना में प्रयुक्त दो मोबाईल फोन एवं एक मिसफायर जिन्दा गोली की बरामदगी कि गई है। उपरोक्त दोनो गिरफ्तार अभियुक्तों को आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता

1. बेटका टुडू, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता- स्व0 बबलु टुडू, सा0- धमनी, थाना- बोआरीजोर, जिला-गोड्?डा।
2. अर्जुन ठाकुर, उम्र करीब 49 वर्ष, पिता- स्व0 गुरुचरण ठाकुर, सा0- बड़ा भोडाय, थाना- ललमटिया, जिला- गोड्डा।

बरामद सामग्रीः-1 . एक सैमसंग कम्पनी का बिना सीम लगा हुआ एंड्रॉयड मोबाईल फोन एवं एक एयलटेल का सिम खुला हुआ।
2. एक सैमसंग कम्पनी का की पैड मोबाईल फोन जिसमे दो सिम लगा हुआ।
3. एक मिसफायार जिन्दा गौली जिसके पेन्दे पर 8 एमएम केएफ लिखा हुआ।

छापामारी टीम में शामिल -
1. पु0नि0 विरेन्द्र पासवान, बोआरीजोर प्रभाग, गोड्डा।
2. पु0नि0, उपेन्द्र कुमार महतो, महागामा प्रभाग, गोड्डा।
3. पु0अ0नि0, रौशन कुमार, ललमटिया थाना प्रभीरी गोड्डा।
4. पु0 अ0नि0, प्रभाष वास, ललमटिया थाना।
5. पु0 अ0नि0 धुर्व कुमार, थाना प्रभारी, बोआरीजोर थाना।
6. पु0अ0नि0 राजन कुमार राम, थाना प्रभारी, हनवारा थाना।
7. पु0अ0नि0 शौरभ कुमार ठाकुर, थाना प्रभारी, मेहरमा थाना।
8. पु0अ0नि0 अनित माकी, थाना प्रभारी, बलबड्डा थाना।
9. पु0 अ0नि0 पंकज कुमार सिंह, थाना प्रभारी, ठाकुरगंगटी थाना।
10. पु0अ0नि0 अंकित कुमार झा. ललमटिया थाना।
11. स0अ0नि0. सुरेन्द्र कुमार यादव, ललमटिया थाना।
12. स0अ0नि0, सरोज सोरेन, ललगठिया थाना।
13 तकनिकी शाखा, गोड्डा।
14. थाना सशस्त्र बल।

स्पीड न्यूज

## पर्यावरण दिवस के अवसर पर चैम्बर ने किया पौधरोपण

**गोड्डा।** आज नगर परिषद एवं गोड्डा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने संयुक्त रूप से पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम में लोगों के बीच पर्यावरण संबंधित जागरूकता अभियान चलाया साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम भी किया ' चैम्बर अध्यक्ष प्रितम गाडिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जीवन काल में एक पौधा लगा कर उनको संरक्षण कर के जरूर बड़ा करे, ताकि आने वाला कल हमारे लिए प्रकृति अनुकूल रहे। कार्यक्रम मे उपाध्यक्ष प्रीतेश नंदन, सचिव कमरान, संयुक्त सचिव महताब आलम, बिकास टेकरीवाल, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अजित सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बेणु चौबे, समाजसेवी बच्चू झा,महिला समाजसेवी सुजाता जी एवं अन्य शामिल रहे।

## बकरीद को लेकर सुंदरपहाड़ी क्षेत्र में पदाधिकारियों ने निकाला फ्लैग मार्च

**गोड्डा/सुंदरपहाड़ी।** बकरीद पर्व को लेकर सुंदरपहाड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनिका बास्की, अंचलाधिकारी प्रकाश बेसरा, सदर इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक एवं थानां प्रभारी आशीष कुमार यादव पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर सूंदरपहाडी थाना क्षेत्र के विविन्न गाँवो में मोटरसाइकिल व पैदल मार्च किये, इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने कई मस्जिदों का भ्रमण कर बकरीद पर्व के बारे में जानकारी लेते हुए कई तरह का दिशा निर्देश भी दिए, सभी पदाधिकारियों ने बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किये।

## तेनुघाट में रेडक्रॉस सोसाइटी ने लगाया ब्लड डोनेशन कैम्प

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित तेनुघाट सिचाई विभाग के अतिथि भवन में बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ के नेतृत्व में रेडक्रॉस सोसाइटी बोकारो के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में अनुमंडल क्षेत्र के गोमिया, पेटरवार, कसमार आदि क्षेत्रों के दर्जनों लोगों ने अपने अपने रक्त का दान किया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, और इससे बढ़कर कोई दान नही है। कहा कि रक्त कोइ प्रयोगशाला में बनाया नही जा सकता है, इसे सिर्फ दान के माध्यम से संग्रह किया जाता है। इसलिए रक्तदान कर जरूरतमंद मानव जीवन को बचाने में अपना योगदान अवश्य दें।

## डिफेंस कॉन्क्लेव का आयोजन




**बोकारो।** सेल ने देश के रक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कंपनी की रणनीतिक प्रतिबद्धता पर बल देते हुए दुर्गापुर के अपने अलॉय स्टील्स प्लांट में 4 जून को सेल-डिफेंस कॉन्क्लेव- 2025 का आयोजन किया। स्वदेशीकरण परियोजनाओं के लिए विशेष रक्षा-ग्रेड स्टील के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में सेल ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के साथ गहन सहयोग को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र की उभरती आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए सम्मेलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भरता स्वदेशीकरण और आयात प्रतिस्थापन के विषयों पर केंद्रित था जो भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत की पहल की ओर एक और कदम रहा। ऑर्डिनेंस फैक्टरिज समेत प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कॉन्क्लेव के दौरान हुए विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस सम्मेलन में सेल के वरिष्ठ नेतृत्व ने अपने विचार रखे जिसमें निदेशक-वाणिज्यिक वीएस चक्रवर्ती और राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक एवं दुर्गापुर और बर्नपुर स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा शामिल थे।

एक नजर में

## राजद के गोड्डा जिलाध्यक्ष का चुनाव संपन्न

**गोड्डा।** आज दिनांक 06/06/2025 को जिला प्रवक्ता राष्ट्रीय जनता दल गोड्डा मो जाहिद इकवाल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी के निदेशार्नुसार 2025 से 2028 तक के सांगठनिक चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय गोड्डा में जिला अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर प्रदेश द्वारा प्रतिनियुक्त चुनाव प्रभारी श्री भूतनाथ यादव एवं श्री मदन यादव जी की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें सुरेंद्र यादव उर्फ सुरेश यादव पिता स्वर्गीय जलधार यादव ग्राम विसाहा पोस्ट लतौना थाना पथरगामा जिला गोड्डा को जिला अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसकी घोषणा चुनाव प्रभारी भूतनाथ यादव ने जारी किए इस महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया में सभी प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड के प्रतिनिधि एवं सभी क्रियाशील सदस्य के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया इसमें मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता मोहम्मद जाहिद इकबाल बजरंगी प्रसाद यादव जीतराम हेमरम एहतेशामुल हक पिंटू गुप्ता नीलम देवी प्रदेश महासचिव धनंजय यादव राजीव कुमार प्रो जय प्रकाश यादव,असलम यूनुस तमिजुद्दीन अंसारी अनंत लाल यादव मोहम्मद जमाल सावित्री देवी किरण देवी अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## कथारा में बिताया पल जीवन का स्मरणीय : दुर्गेश

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के अंतर्गत कथारा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी दुर्गेश कुमार सिन्हा का स्थानांतरण बोकारो एवं करगली क्षेत्र में स्टाफ ऑफिसर योजना एवं परियोजना के पद पर सीसीएल मुख्यालय द्वारा किया गया है। कथारा से बिरमित होने के बाद आरसीएमयू कथारा परिवार की ओर से यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपने विचार रखते हुए दुर्गेश कुमार सिन्हा ने कहा कथारा में बिताया पल जीवन के यादगार पल में एक पल है। सभी के साथ और सहयोग से वित्तीय वर्ष में कोयले का उत्पादन 937000 टन हो सका था। इस वित्तीय वर्ष में भी कोयल का उत्पादन 14 लाख तन से अधिक किया जाना था। वह आंकड़ा भी सभी लोगों के सहयोग से पूरा हो सकेगा ऐसी मुझे पूर्ण विश्वास है। क्षेत्र में बीते पल और लोगों का मिले साथ और सहयोग के लिए मैं हृदय से धन्यवाद देना चाहता हू साथ ही प्रबंधकीय निर्णय का मैं स्वागत भी करता हू। कंपनी द्वारा मुझे जिस प्रकार का कार्य दिया जाएगा मैं अपने कार्य का निष्पादन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करने के लिए संकल्पित हू। मेरे जीवन में कार्य की प्राथमिकता रही है और उसी को मैं कर्तव्य और पूजा समझता हू। प्रबंधन के समक्ष परियोजनाओं को चलाने में कई प्रकार की कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है तो कभी कुछ कड़े और बड़े फैसले भी लेने पड़ते हैं इसमें कभी कुछ लोगों को अच्छा या बुरा भी लगना स्वाभाविक है लेकिन हम मेरी मानसा कभी किसी को ठेस पहुंचाने की नहीं रही। मेरे कार्यकाल में जितना हो सका उतना कठिन परिश्रम कर उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने में अपना कार्य किया। यह कंपनी हमारे और आपके परिवार जैसा है और इसका रखरखाव और उत्पादन हम सबों का कर्तव्य है आप लोगों को संदेश देना चाहेंगे कि आप लोग कड़ी मेहनत कर कोलियरी की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ते हुए उत्पादन लक्ष्य को हर हालत में पूरा कर नये परियोजना पदाधिकारी को सहयोग करेंगे। सम्मान समारोह में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष और पदाधिकारी के द्वारा दुर्गेश कुमार सिंह साहब को पगड़ी साल बुके तथा माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह ने कहा सिंहा साहब परियोजना के विकास के लिए अपने कठिन परिश्रम के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जिसके परिणाम से ही पिछले घटा को पाठ कर हम लोग मुनाफे की ओर अग्रसर हुए। परियोजना में विकास के कार्य को भी उनकी प्राथमिकता रहे सामाजिक कार्यों से लेकर अन्य कार्यों में भी इनकी अभिरुचि रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से सीसीएल रीजनल समिति के संगठन सचिव वेदव्यास चौबे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश शर्मा चंद्रशेखर प्रसाद क्षेत्रीय सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती विजय यादव वाशरी के सचिव रंजय कुमार सिंह आर आर शॉप के अध्यक्ष रणजीत सिंह महाप्रबंधक कार्यालय के सचिव एन एन मिश्रा एनके त्रिपाठी रवि कुमार सिंह अमनदीप सिंह देवाशीष आश संतोष सिंह अर्जुन चौहान मंसूर खान वकील राम पंडित विश्वनाथ चौहान श्रवन कुमार शमशेर आलम कमलकांत सिंह सुजीत मिश्रा सुरेश ठाकुर विजय नायक पिंटू राय संतोष राम गोड खिराधन साल भिखम कुमार प्रमोद यादव अरुण सिंह लकी सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## फुसरो में गंगा दशहरा महोत्सव मनाया गया

**बेरमो।** हिंदुस्तान पुल फूसरो के निकट दामोदर नदी तट पर आज गंगा दशहरा महोत्सव मनाया गया। यजमान के रूप में भाजपा बोकारो जिला के उपाध्यक्ष अर्चना सिंह व उनके पति जीतेंद्र सिंह ने मां गंगा की विधिवत पूजा की। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे दयानंद बरनवाल, बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार,ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा ,नगर परिषद फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थानीय संयोजक दामोदर बचाओ अभियान भरत वर्मा तत्वावधान में मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि मां गंगा के धरती पर अवतरण होने के बाद आज ही के दिन भागीरथ जी के पूर्वजों का उद्धार हुआ था इसलिए हर साल आज ही के दिन गंगा दशहरा महोत्सव मनाया जाता है। भाजपा नेत्री अर्चना सिंह ने कही कि मुझे तीन बार दामोदर नदी तट पर गंगा दशहरा महोत्सव में पूजा करने का मौका मिला। नदी की पूजा करने से नदी को साफ रखने की लोगों को प्रेरणा मिलती है। केंद्र सरकार द्वारा गंगा की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड की जीवन दायिनी दामोदर नद का भी सफाई अभियान चल रहा है। मुख्यमंत्री रघुवर दास जी के समय दामोदर का सफाई हो रहा था। जब से हेमंत सोरेन की सरकार आई दामोदर का सफाई अभियान बंद कर दिया गया है। इस मौके पर आर.उनेश, दिनेश सिंह, अशोक मिश्रा,भाई प्रमोद कुमार सिंह, अनिल गुप्ता, पंकज पांडेय, अभिनेश वर्मा, रमेश स्वर्णकार, लालमोहन, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर में जमकर लोगो ने लिया हिस्सा

**तेनुघाट कोर्ट।** अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया कि उपायुक्त बोकारो के निर्देश के पर शुक्रवार 06 जून को तेनुघाट सिंचाई विभाग के अतिथि भवन में भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई द्वारा शिविर का आयोजित किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बताते चलें कि रक्त दान शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार कनिष्क, पेटरवार बीडीओ, समाजसेवी मुमताज अंसारी, पत्रकार, सहित अन्य कई लोगों ने अपना अपना रक्त दान किया। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने दी और आगे बताया कि बॉर्डर पर लड़ रहे सैनिक जो हम सबों की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मनों से लड़ रहे गोली बारी में जख्मी हुई सिपाहियों रक्त की आवश्यकता होती है,तथा जरूरत मन्द को रक्त की आवश्यकता होती है। दान किया गया रक्त से ही उनका जान बचाया जा सकता है। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्त दान करने से कमजोरी आ जाती है, जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। आज के समय में विज्ञान यह प्रमाणित कर चुका है कि रक्त दान करने से शरीर और भी ऊजार्वान होता है। कई मायने में शरीर को स्वस्थ बनाएं रखने का बेहतर उपाय है। रक्तदान एक सच्चा उपहार है, जिसे आप दूसरो की जरूरतो को दे सकते है। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन और हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है और दिल का दौरा पड़ने का जोखिम कम होता है। अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट के डॉ शंभू कुमार ने बताया कि रक्तदान कर शिविर की शुरूआत अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने की। कुल 150 यूनिट रक्त संग्रहीत किया गया। रक्तदान शिविर में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी बोकारो के आपदा प्रबंधन चेयरमैन ज्योति प्रकाश द्विवेदी, चेयरमैन बासुदेव मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरेश गुटिया, लेब टेक्नीशियन राज कुमार, संजय कुमार, प्रकाश मिश्रा, चूरामन कुमार, ब्रह्मदेव सिंह, सचिन कुमार, अनित कुमार, संजय कुमार, सुनील पाल, कुंदन कुमार, सरजू महतो, राम रतन कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्पीड न्यूज

### अमेरिका में 12 देशों के लोगों के प्रवेश पर रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 12 देशों के नागरिकों को देश में आने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध आदेश नौ जून से लागू होंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस आशय के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो , इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन पूर्ण प्रतिबंध की श्रेणी में शामिल हैं। आंशिक प्रतिबंध की श्रेणी में बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला को रखा गया है।

### लेबनान में हिजबुल्लाह के कई ठिकाने ध्वस्त

**बेरूत।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दक्षिणी लेबनान के उपनगर दहिह में ईरान समर्थित आतंकी समूह हिजबुल्लाह के यूएवी उत्पादन केंद्र और भंडारण स्थलों को ध्वस्त कर दिया। आईडीएफ ने एक्स पर कहा कि हिजबुल्लाह के सामरिक ठिकानों पर रात को हवाई हमला किया। एक ड्रोन निर्माण कार्यशाला को मिट्टी में मिला दिया गया।

### अमेरिका ने रद्द किया नेपाल का स्पेशल स्टेटस

**काठमांडू।** अमेरिका ने नेपाल का स्पेशल स्टेटस रद्द करने की घोषणा की है। 7000 से अधिक नेपाली नागरिकों को अमेरिका छोड़ कर जाने को कहा गया है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने नेपाल को अब तक दिए जाने वाले टेंपररी प्रोटेक्टेड स्टेट्स को रद्द कर दिया है।

### बांग्लादेश में अगले साल अप्रैल में होंगे चुनाव

ढाका। बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में आम चुनाव होंगे। शुक्रवार को बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने कहा कि देश के राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में होंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आपको उचित समय पर चुनावों के लिए विस्तृत रोडमैप प्रदान करेगा।

### विस्फोट में पाक के पूर्व मंत्री की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आवास पर गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट में पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री की मौत हो गई। घटना गुरुवार की है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के पूर्व सीनेटर अब्बास खान अफरीदी सहित तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब्बास की इलाज के दौरान मौत हो गई। राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले अफरीदी ने केंद्रीय मंत्री और सीनेटर के रूप में कार्य किया था।

### रिजिजू ने वक्फ संबंधित उम्मीद पोर्टल किया लांच

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने केंद्रीय पोर्टल उम्मीद का शुभारंभ करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह वक्फ संपत्ति प्रबंधन तथा प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। रिजिजू ने कहा कि आम मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी।

# 1486 करोड़ की लागत से बना अद्भुत है भारत का चिनाब ब्रिज

## दुनिया के सबसे ऊंचे पुल पर भूकंप और बम भी बेअसर

एजेंसी

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया। यह देश का पहला केबल-स्टे अंजी ब्रिज भी है, जो यह फ्रांस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। यह पुल चिनाब नदी पर बना है और उधमपुर-श्रीनगर के बीच रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है कि इसपर बम और भूकंप का भी असर नहीं होगा।

उदघाटन के मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत कई लोग उपस्थित थे।

**725 मीटर है पुल की लंबाई:** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस पुल की कुल लंबाई 725 मीटर है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है कि यह भारी तूफान, तेज हवाओं और यहां तक कि विस्फोटों को भी झेलने में सक्षम है। पुल के डेक की कुल चौड़ाई 15 मीटर है। अंजी पुल 82 मीटर से लेकर 295 मीटर तक के 96 केबल पर टिका है।

**8 साल में बनकर तैयार:** यह पुल आठ साल से अधिक समय में बनकर तैयार हुआ है। इस पुल को बनाने में 1486 करोड़ रुपये की लागत लगी है।

यह भारत की पहली केबल-स्टेड रेलवे पुल है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह पुल कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर लंबे मार्ग में अहम संपर्क सुविधा है। इसके निर्माण को 2002 में मंजूरी दी गयी थी, लेकिन इस पर काम 2017 में शुरू हुआ।

**8 हजार से ज्यादा मीट्रिक टन**

### एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा

वास्तुकला का अद्भुत नमूना चिनाब रेलवे पुल नदी तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और पेरिस के प्रतिष्ठित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। यह 1,315 मीटर लंबा इस्पात का मेहराब वाला आर्च ब्रिज पुल है जिसे भूकंपीय और वायु संबंधी परिस्थितियों को झेल सकने के अनुकूल बनाया गया है।

**स्टील का प्रयोग :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चिनाब ब्रिज को बनाने में 28 हजार से ज्यादा मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही 46 हजार क्यूबिक मीटर कंक्रीट का भी इस्तेमाल किया गया है। इस पुल में 6 लाख से ज्यादा बोल्ट भी लगे हैं।



# एलन मस्क ने ट्रंप पर फोड़ा 'बड़ा बम'

## खुफिया ईप्सटीन फाइल में ट्रंप का नाम

**अमेरिकी फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन ने कथित तौर पर अरबतियों के लिए फंड मैनेज करके अकूत संपत्ति जमा की**




एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला कंपनी के अरबपति मालिक एलन मस्क के बीच सार्वजनिक विवाद गहराता जा रहा है। दोनों ने एक दूसरे पर सार्वजनिक रूप से हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ चौंकाने वाला खुलासा किया है। एलन मस्क ने आरोप लगाया है कि डोनाल्ड ट्रंप का नाम एपस्टीन फाइल में है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने लिखा कि वास्तव में बड़ा बम गिराने का समय आ गया है। डोनाल्ड ट्रंप एप्सटीन फाइल्स में हैं। यही असली कारण है कि उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है।

**ट्रंप पर चले महाभियोग :** मस्क ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि सच्चाई सामने आएगी। इतना ही नहीं, उन्होंने ट्रंप पर महाभियोग चलाने और उनकी जगह जेडी वेंस को राष्ट्रपति बनाए जाने की मांग करने वाली एक पोस्ट को भी शेयर किया। जेफरी एपस्टीन एक अमेरिकी फाइनेंसर था, जिसने कथित तौर पर अरबतियों के लिए फंड मैनेज करके अकूत संपत्ति जमा की। इस दौरान उसने प्रभावशाली हस्तियों के साथ संबंध बनाए, जिनमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति, ब्रिटिश राजघराने के लोग और प्रमुख हॉलीवुड हस्तियां शामिल हैं। एपस्टीन के पतन की शुरूआत 2008 में हुई जब उसने बाल वेश्यावृत्ति के आरोपों को स्वीकार किया। बाद में उसे एक डील के तहत 13 महीने की सजा सुनाई गई, जिसकी काफी आलोचना हुई। 2019 में उसे फिर से संघीय यौन तस्करी के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। उस पर नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण करने वाला एक नेटवर्क चलाने का आरोप था। अगस्त 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में उसकी मौत हो गई। एपस्टीन की मौत को आत्महत्या बताया गया, लेकिन कई कॉन्स्पिरेसी थ्योरी कहती हैं कि हाई प्रोफाइल लोगों को बचाने के लिए उसे चुप करा दिया गया।

### कई नामी लोग थे एपस्टीन के दोस्त

कई शक्तिशाली लोगों का नाम जेफरी एपस्टीन से जुड़े यौन शोषण केस में अदालती दस्तावेजों में दर्ज किया गया है। इनमें ट्रंप, प्रिंस एंड्र्यू और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन जैसे शामिल हैं। 2024 में चुने जाने से पहले ट्रंप ने एपस्टीन के साथ किसी भी तरह से संबंध से इनकार किया। ट्रंप ने कहा था कि उन्हें एपस्टीन से संबंधित फाइलें जारी करने में कोई समस्या नहीं होगी। हालांकि, इन फाइलों को अभी तक जारी नहीं किया गया है, एक बार फिर मांग उठ रही है।

### स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट के लिए मिला लाइसेंस

**नयी दिल्ली ।** एलन मस्क के नेतृत्व वाली सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज कंपनी स्टारलिंक को भारत में कमर्शियल सर्विसेज शुरू करने के लिए लाइसेंस मिल गया है। कंपनी इस साल के आखिरी या अगले वर्ष की शुरूआत में देश में कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर सकती है।

जानकारी के अनुसार, दूरसंचार विभाग ने अमेरिकी कंपनी को ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट परमिट जारी कर दिया है। आने वाले दिनों में स्टारलिंक को ट्रायल स्पेक्ट्रम भी जारी किया जाएगा। देश में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज सेवाएं प्रदान करने के लिए स्टारलिंक अब यूटेलसैट के वनवेब और जियो-एसईएस के बाद जीएमपीसीएस परमिट पाने वाली तीसरी सैटकॉम कंपनी है।

### अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप का हार्वर्ड में विदेशी छात्रों पर प्रतिबंध रोका

**बोस्टन।** अमेरिका के बोस्टन स्थित संघीय न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश को अस्थायी रूप से रोक दिया है, जिसमें हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए आने वाले विदेशी छात्रों का अमेरिका में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया था। न्यायाधीश एलिसन बरोस ने हार्वर्ड को दिया गया दो-पृष्ठीय अस्थायी रोक आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप के आदेश को तब तक लागू नहीं किया जा सकता जब तक मामला पूरी तरह न्यायालय में न सुलझ जाए। छह महीने के इस प्रतिबंध से तत्काल और अपरिवर्तनीय नुकसान होगा, जो कि न्यायिक प्रक्रिया के लिए हानिकारक है। बरोस ने पिछले महीने भी ट्रंप के एक आदेश को रोका था, जो हार्वर्ड को विदेशी छात्रों को दाखिला देने से रोकने का प्रयास करता था।

### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जायेंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी -7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी और कनानास्किस में इस महीने होने वाली जी-7 की बैठक में भाग लेने का आमंत्रण देने के लिए धन्यवाद दिया। मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के लोकतंत्र जनता के जनता के संपर्क से जीवंत हैं। दोनों देश आपसी सम्मान और साझा हितों को लेकर अपने संबंधों में आगे बढायेंगे।



# जीरो टॉलरेंस की आतंकी नीति पर सहमत ब्रिक्स देश

**भारत में होगा 12वां सम्मेलन**

**आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल रहा पाकिस्तान: ओम बिरला**

**नयी दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन मे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है। ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्त्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने हिस्सा लिया। सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए साझा घोषणापत्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओम बिरला ने कहा कि आतंकवाद विश्व समुदाय के लिए आज सबसे बड़ा खतरा बन गया है और भारत के लिए पड़ोसी मुल्क से संचालित



आतंकवाद संकट बना हुआ है लेकिन पाकिस्तान अपने क्षेत्र में आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल हो रहा है। बिरला ने आतंकवादी संगठनों को मिलने वाली आर्थिक मदद को रोकने, खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान, आधुनिक तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने और न्यायिक प्रक्रियाओं में साझा प्रयास करने पर जोर दिया है।

# बीजापुर में मुठभेड़, 25 लाख का इनामी नक्सली भास्कर ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के घने जंगलों वाले इंद्रावती नेशनल पार्क में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को 25 लाख रुपये के इनामी नक्सली भास्कर उर्फ मइलारापु अडेल्लू (45) को मार गिराया। जवानों ने मारे गए नक्सली भास्कर के शव के साथ एके-47 राइफल तथा अन्य विस्फोटक, हथियार, गोलाबारूद बरामद किए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सली भास्कर का शव बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सली मंडुगुला भास्कर राव उर्फ मइलारापु पिता दुर्गैह निवासी ग्राम-उरूमादला जिला आदिलाबाद, तेलंगाना, तेलंगाना स्टेट कमेटी का स्पेशल कमेटी सदस्य (एसजेडसी) एवं सीपीआई

### एके-47 व गोलाबारूद बरामद

(माओवादी) संगठन की तेलंगाना राज्य समिति के मंचेरियल कोमरम भीम (एमकेबी) का सचिव था। मुठभेड़ स्थल से भागे हुए अन्य नक्सली कैडरों की तलाश के लिए क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। अभियान के समाप्त होने और पूर्ण पुष्टि प्राप्त होने के बाद ही अन्य नक्सली कैडरों की हताहतों और बरामदगी से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। पुलिस के अनुसार इंद्रावती नेशनल पार्क के जंगल में हुई मुठभेड़ में मारा गया नक्सली भास्कर आंध्रप्रदेश के आदिलाबाद का रहने वाला था। गुरूवार को इसी जंगल में एक करोड़ के इनामी नक्सली गौतम उर्फ सुधाकर मारा गया था।





# रेपो रेट में कटौती से शेयर बाजार ने लगायी लंबी छलांग

## सेंसेक्स 747 और निफ्टी 252 अंक उछला

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवेदनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई



- 92 प्रतिशत तूफानी तेजी के साथ सेंसेक्स 82 हजार पार
- निफ्टी 1.02 % उछलकर 25 हजार पर हुआ बंद

वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा।

बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान रियल्टी 4.74, वित्तीय सेवाएं 1.79, ऑटो 1.50, बैंकिंग 1.25, कमोडिटीज 0.72, सीडी 1.38, ऊर्ज 0.55, एफएमसीजी 0.19, हेल्थकेयर 0.40, आईटी 0.41, दूरसंचार 0.14, यूटिलिटीज 1.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 1.56, तेल एवं गैस 0.76, पावर 0.78, टेक 0.30, सर्विसेज 0.42 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.52 प्रतिशत उछल गए।

### निवेशकों को 3.56 लाख करोड़ फायदा

शेयर बाजार में आई मजबूती सं स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ कर 451.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 447.50 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 3.56 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### एक लाख के करीब पहुंचा सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली।** सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये से लेकर 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार किया। 22 कैरेट सोना 91,310 रुपये से लेकर 91,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिका। चांदी के भाव में भी 2,000 रुपये की तेजी आई है, चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम हुआ। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट की कीमत 91,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज हुई। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,310 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। कोलकाता में 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये प्रति 10 ग्राम व 22 कैरेट सोना 91,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा।

